धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

रांची, रविवार


01.12.2024

* * नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ



khabarmantra.net | मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12। अंक : 139

12 स्टाइल टीम का सूबेदार हैं कैटरीना : विक्की कौशल

# सत्र से पहले हेमंत मंत्रिमंडल का विस्तार

## सीएम से मिले कमलेश, कोटे के मंत्रियों का नाम तय करने दिल्ली गये



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में जल्द मंत्रिमंडल विस्तार होने की संभावना है। मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर नेताओं में हलचल तेज है। हेमंत सरकार का विस्तार झारखंड विधानसभा सत्र से पहले हो सकता है। हालांकि अभी तक किसी भी पार्टी ने यह साफ नहीं किया है कि कौन-कौन मंत्री बनेगा। शनिवार को सीएम हेमंत सोरेन से मिलने के बाद कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश दिल्ली चले गये। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि दिसंबर के पहले सप्ताह में मंत्रिमंडल का गठन हो जायेगा। दिल्ली में ही कांग्रेस कोटे के मंत्रियों के नामों पर मुहर लगेगी। वहीं भाकपा माले ने साफ कर दिया कि वह हेमंत सरकार में शामिल नहीं होगी। बाहर से समर्थन देगी और जनता की आवाज उठाते रहेगी। पार्टी नेता दीपांकर भट्टाचार्य ने शनिवार को प्रेस कांफ्रेस में इसकी घोषणा की।


**बांटने की राजनीति यहां नहीं चलेगी :** सीएम से भेट के बाद दिल्ली जाते समय प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री कमलेश ने कहा कि गठबंधन को अपना अपार समर्थन देकर जनता ने सरकार के विकास कार्यों पर समर्थन की मुहर लगा दी है। उन्होंने कहा, जनता ने साफ कर दिया कि यहां बांटने की राजनीति नहीं चलेगी। विकास ही झारखंड की प्राथमिकता है। झारखंड ने अपने सम्मान की रक्षा की। उन्होंने कहा कि अगले 5 वर्षों में हम विकास के मायने बदलेंगे। विकास की लंबी लकीर खींचेंगे। जनता के भरोसे पर हम खरा उतरेंगे। जनकल्याणकारी कार्यों को और गति देंगे। घोषणा पत्र में शामिल 7 गारंटियों को पूरा करेंगे।

### दीपांकर बोले

**हम सरकार को बाहर से समर्थन देंगे, जनहित में लड़ेंगे**

## हम बाहर से समर्थन देंगे : दीपांकर

झारखंड विधानसभा चुनाव के नतीजों की समीक्षा और इंडिया ब्लॉक की नयी सरकार में शामिल होने या नहीं होने को लेकर सीपीआई माले स्टैंडिंग कमेटी की शनिवार को बैठक हुई। बैठक के बाद पार्टी राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने पार्टी कार्यालय में मीडिया को बताया कि माले, सरकार में शामिल नहीं होकर बाहर से सरकार को समर्थन देगी। उन्होंने कहा कि हमारे विधायकों की संख्या अभी इतनी नहीं है कि हम सरकार में शामिल हो। जब 8-10 सीट जीतेंगे तब सोचेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा इतना जहरीला चुनाव अभियान कभी नहीं देखा। इसका जवाब झारखंड की जनता ने दिया है।



**विनोद सिंह की हार दुखद :** दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि बगोदर में विनोद सिंह की हार अचंभित करने वाली रही है। सदन में उनकी कमी खलेगी। हमारे दोनों विधायक सदन के बाहर और अंदर अल्पसंख्यक, आदिवासी और गरीबों के हक की लड़ाई लड़ते रहेंगे। उन्होंने कहा कि मासस के विलय के बाद अब हम संगठन का विस्तार करेंगे और जनता तक अपनी आवाज पहुंचाएंगे।

**भाजपा को रोकना जरूरी :** माले नेता ने कहा कि शहरी सीटों पर भाजपा अभी मजबूत है, उसे रोकना जरूरी है। सरकार समन्वय समिति बनाये, हम उसमें जरूर शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि बोर्ड निगम में माले शामिल होने पर विचार कर सकता है, लेकिन हमारा कोई दावा नहीं होगा। उन्होंने कहा कि पार्टी 26 जनवरी 2025 तक संविधान संकल्प यात्रा निकालेगी और वामपंथी आंदोलन को तेज किया जायेगा।

## न्यूज डायरी

### बालिका गृह में यौन शोषण, दो हिरासत में

**मेदिनीनगर।** बालिका गृह में नाबालिग बच्चियों का संरक्षण करना है , पर पलामू जिले के मेदिनीनगर के सुदना में संचालित संस्थान में यौन शोषण करने का मामला सामने आया है। शिकायत के बाद शनिवार को एएसपी राकेश कुमार की जांच में पुष्टि होने पर एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया गया है। सुपरिटेंडेंट राम प्रताप गुप्ता (72) और एक महिला काउंसलर को हिरासत में ले लिया गया है। इसमें काउंसलर की भी भूमिका सामने आयी है। होनों पर एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जायेगी।

### मुठभेड़ में पीएलएफआइ का एरिया कमांडर लंबू ढेर

**रांची।** पश्चिमी सिंहभूम पुलिस बल की विशेष टीम ने शनिवार को मुठभेड़ में पीएलएफआइ के एरिया कमांडर लंबू को मार गिराया। वो चाईबासा के टेबो थाना क्षेत्र के तोमरोंग गांव के जंगल में मारा गया है। पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने यह जानकारी दी और बताया कि आगे की कार्रवाई की जा रही है। लंबू और उसके साथी किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में थे। सूचना पर सुरक्षाबल के जवान मौके पर पहुंचे और उनकी घेराबंदी शुरू कर दी। इसी दौरान नक्सलियों की नजर जवानों पर पड़ी और उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी। जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई में फायरिंग की और एरिया कमांडर लंबू को मार गिराया। घटनास्थल से दो पिस्टल बरामद हुए हैं। पूरे इलाके में सर्च अभियान जारी है। पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप की गिरफ्तारी के बाद संगठन को लंबू ने संभाल रखा था। खूंटी और चाईबासा जिले के सीमावर्ती इलाकों में लंबू ने अपनी एक हुकूमत कायम कर रखी थी। लंबू के खिलाफ कई थानों में कांड दर्ज हैं।

### पीएम मत्स्य संपदा योजना संचयन समिति की बैठक

**रांची।** मत्स्य विभाग के तहत पीएम मत्स्य सम्पदा योजना के तहत लाभुकों के चयन के लिए खूंटी जिला स्तरीय समिति और जिला स्तरीय संचयन समिति की बैठक शनिवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में हुई। बैठक की अध्यक्षता उप विकास आयुक्त श्याम नारायण राम ने की।

### झारखंड में 4 तक रहेगा 'फेंगल' का असर

**रांची।** चक्रवात 'फेंगल' का असर झारखंड में भी दिखने लगा है। मौसम विभाग के अनुसार चार तक इसका असर राज्य में दिखेगा। शनिवार को राजधानी रांची में आंशिक बादल छाये रहे। सुबह में कोहरा छाया रहा। देर से धूप निकला। तूफान दक्षिण भारत के कराईकल और महाबल्लीपुरम को पार करेगा। इस दौरान हवा की रफ्तार 70 से 80 किलोमीटर तक रहने का अनुमान है। मौसम विभाग के अनुसार झारखंड में आंशिक असर दिखेगा।

# फांसी की सजा को चुनौती, आदेश सुरक्षित

## पत्नी, बेटा-बेटी समेत 6 की हत्या का मामला

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** अपने ही परिवार के छह लोगों की निर्मम हत्या करने के एक मामले में फांसी की सजा पाए गांगो दास की क्रिमिनल अपील और फांसी की सजा को कंफर्म करने को लेकर राज्य सरकार की क्रिमिनल अपील पर झारखंड हाई कोर्ट में सुनवाई पूरी हो गई। हाईकोर्ट की खंडपीठ ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया है। दरअसल, कोडरमा की निचली अदालत में अक्टूबर 2024 में आरोपी गांगो दास को 302 आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए फांसी की सजा सुनाई थी। साथ ही 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया था। गांगो दास ने इसे हाई कोर्ट ने चुनौती दी है। कोडरमा की निचली अदालत में ट्रायल के दौरान अभियोजन की ओर से 10 गवाहों का परीक्षण कराया गया था।

**क्या है मामला :** घटना 26 नवंबर 2019 को हुई थी। नवलशाही थाना में पड़ोसी मदन दास के आवेदन पर केस दर्ज किया गया था। मदन दास ने दर्ज केस में बताया था कि 26 नवंबर 2019 की रात्रि वह खाना खाकर सो गया था। रात्रि करीब 9:45 बजे उसका पड़ोसी गांगो दास शराब के नशे में हाथ में बड़ा सा चाकू और रड लेकर आया था और वह पत्नी शीला देवी से झगड़ा करने लगा था। इसी बीच गुस्से में आकर उसने अपनी पत्नी को चाकू और रड से मार दिया था। अपनी पुत्री राधिका कुमारी 4 वर्ष एवं पुत्र पीयूष कुमार 2 वर्ष को भी चाकू और रड से मार दिया था।

# सीएम तय नहीं, शपथ ग्रहण समारोह पांच को

## शिंदे की तबीयत बिगड़ी, बैठक टली, कल भाजपा की बैठक

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र में 23 नवंबर को विधानसभा चुनाव के नीतजे आने घोषित होने के बाद अभी तक महायुति की तरफ से मुख्यमंत्री के नाम की आधिकारिक घोषण नहीं की गयी है। इस बीच खबर है कि महाराष्ट्र में नयी महायुति सरकार 5 दिसंबर को शपथ लेगी। पीएम मोदी मुंबई के आजाद मैदान में होने वाले सीएम के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री कौन सा चेहरा होगा, इस पर अभी तक सस्पेंस बना हुआ है।



**शिंदे की तबीयत बिगड़ी, बैठक टली :** महाराष्ट्र के कार्यवाहक सीएम एकनाथ शिंदे की तबीयत बिगड़ गयी है। इसके कारण शनिवार को होनेवाली विधायक दल की बैठक टल गयी है। जानकारी के मुताबिक सतारा के दरे स्थित अपने निवास पर ठहरे सीएम एकनाथ शिंदे को बुखार है। मुंबई से डॉक्टरों की एक टीम उनके सतारा आवास पर पहुंच गयी है। उनका इलाज कर रही है।

**कल भाजपा विधायकों की बैठक :** महाराष्ट्र भाजपा के अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने शनिवार को एक्स पर लिखा, महाराष्ट्र में महायुति सरकार 5 दिसंबर को मुंबई के आजाद मैदान में शपथ लेगी। पीएम मोदी भी भाग लेंगे। 2 को भाजपा विधायकों की बैठक होगी, जिसमें विधायक अपने दल के नेता का चुनाव करेंगे।

### शिवसेना की डिमांड

विधानसभा चुनाव में भाजपा, शिवसेना शिंदे और एनसीपी अजित पवार गुट यानी महायुति ने 288 में से 230 सीटें जीतीं। सरकार के गठन को लेकर महायुति में चल रही माथापच्ची के बीच एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना की पहली डिमांड सामने आयी है। पार्टी ने गृह मंत्रालय की मांग की है। पार्टी का कहना है कि शिवसेना को गृह विभाग मिलना चाहिए। गृह विभाग (आमतौर पर) उपमुख्यमंत्री के पास होता है।

# राम विनोद सिन्हा को 5 साल की सजा

## एसीबी कोर्ट का फैसला, पांच लाख जुर्माना भी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** खूंटी मनरेगा घोटाला मामले में बर्खास्त जूनियर इंजीनियर राम बिनोद सिन्हा को एक मामले में रांची के एसीबी के विशेष कोर्ट ने शनिवार को पांच साल की सजा सुनायी। साथ ही उस पर पांच लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। राम बिनोद सिन्हा को एक और मामले में दोषी करार दिया है। राम विनोद सिन्हा पर अलग-अलग 12 योजनाओं के मद से 88 लाख की अवैध निकासी का आरोप है।

**17 केस केस दर्ज किये गये थे :** बर्खास्त जूनियर इंजीनियर राम बिनोद सिन्हा के खिलाफ एसीबी ने 17 केस दर्ज किये थे। इसमें से तीन मामले में कोर्ट अपना फैसला सुना चुका है। अन्य 14 केस



पीएमएलए की विशेष कोर्ट में ट्रांसफर है। बताते चलें कि राम विनोद पर खूंटी जिला परिषद में पदस्थापित रहते करोड़ों की अवैध संपति अर्जित करने का आरोप है। सिन्हा पर 18.76 करोड़ से अधिक का फर्जीवाड़ा का उसपर आरोप है। एसीबी की दबिश बढ़ने पर दो साल से राम बिनोद सिन्हा फरार चल रहा था। 18 जून, 2020 को कोलकाता से उसे गिरफ्तार किया गया था। मामले को लेकर एसीबी ने साल 2017 में अनुसंधान शुरू की थी।

# झारखंड की राजनीति में दिलचस्प मोड़ के आसार

## भाजपा-आजसू को फिर लग सकता है जोरदार झटका

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड की राजनीति में एक बार फिर से दिलचस्प मोड़ आने वाला है। चुनाव में लचर प्रदर्शन से आजसू लाचार हो गयी, तो भाजपा का भी खराब प्रदर्शन रहा। झामुमो ने अपनी स्थिति को मजबूत करने और भाजपा को चुनौती देने की रणनीति बनाने में जुट गया है। इस रणनीति के तहत झामुमो छोड़ दूसरी पार्टी में गये नेताओं को पार्टी में वापसी की पटकथा तैयार की जा रही है। कुछ आजसू के पुराने कैडरों को भी साथ लेने की तैयारी है। झामुमो का फोकस अपने जनाधार को मजबूत करने, आदिवासी वोट बैंक को पुनः संगठित करने और विपक्षी दलों के प्रभाव को कम करने पर है। झामुमो की योजना उन नेताओं को वापस पार्टी में लाने की है, जिन्होंने किसी कारणवश पार्टी छोड़ दी है। झामुमो में आने के सवाल पर झामुमो केन्द्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य का कहना है- दल और दिल दोनों खुला है। मार्टी और हित में जो भी पार्टी में आते हैं, उनका स्वागत है। चंपाई सोरेन का मामला इसका एक उदाहरण हो सकता है। उनके झामुमो में लौटने की चर्चा तेज है। झामुमो के राष्ट्रीय महासचिव का बयान और हेमंत सोरेन का उनके प्रति नरम रुख इस बात के संकेत देते हैं कि झामुमो उनके वापस आने का स्वागत करेगा। चंपई का भाजपा में शामिल होने का उद्देश्य पार्टी को मजबूत करना था, लेकिन वे अपेक्षित लाभ देने में असफल रहे। साथ ही विधानसभा चुनाव के बाद कमजोर हो चुकी आजसू पार्टी के कई नेता झामुमो के संपर्क में बताये जा रहे हैं।

**इतिहास भी समर्थन करता है :** झामुमो का इतिहास बताता है कि पहले भी पार्टी छोड़कर गये नेताओं को वापस लाकर ताकतवर स्थिति हासिल की है। साइमन मरांडी और हेमलाल मुर्मू जैसे नेताओं की वापसी उदाहरण है।

# मंत्रियों के नाम अभी तय नही, स्वागत को बंग्लो तैयार

## स्मार्ट सिटी में बने 11 आवास को है नये मंत्रियों का इंतजार

**सुधीर**

**रांची।** झारखंड में कैबिनेट मंत्रियों के नाम भले ही अब तक तय नहीं हुआ है। उनका स्वागत को नया राजधानी में नया बंग्लो तैयार है। वह भी सभी सुविधाओं के साथ। हेमंत सरकार-2 के मंत्रियों को अब इधर-उधर या पुराने आवास में रहने की जरूरत नहीं होगी। सभी एक ही कैंपस में एक साथ भयमुक्त बातावरण में रह सकेंगे। बताते चलें कि राज्य के मंत्रियों के लिए स्मार्ट सिटी धुर्वा में 11 बंग्लों का निर्माण किया गया है।



इन बंग्लों का निर्माण पूरी तरह से वास्तु के हिसाब से किया गया है, ताकि मंत्री जी खुशनुमा महौल में रह सकें। सभी बंगलों का मुख्य द्वार वास्तु के हिसाब से पूरब की ओर रखा गया है। दरवाजा-खिड़की भी वास्तु के हिसाब से फिट किए गए हैं।

**मंत्रियों के नहाने को बने हैं स्विमिंग पुल :** बंगले में मंत्रियों के लिए हर तरह सुविधाएं उपलब्ध करायी गयी है। उनकी सुविधा का भरपुर ख्याल रखा गया है। इसमें स्विमिंग पुल, जिम, प्ले जोन, बॉलीबॉल, बैडमिंटन कोर्ट भी बनाए गए हैं। पूरे एरिया को हरा-भरा बनाया गया है। इसमें क्लब हाउस की भी सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

**ये है खासियत :** प्रत्येक डुप्लेक्स का बिल्टअप एरिया 7500 वर्गफीट है। 2500 वर्गफीट की मीटिंग रूम है। चारों ओर फोर लेन सड़कों की कनेक्टिवटी। मंत्रियों को प्रोजेक्ट भवन पहुंचने में दो से तीन मिनट का लगेगा समय।

हर बंगले में सेंट्रलाइज एसी की है व्यवस्था। हर बंगले में कुल पांच बेडरूम होंगे और डाइनिंग हॉल, ड्राइंग रूम के साथ मॉड्यूलर स्मार्ट किचन की भी है व्यवस्था।

गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 71600 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 92000 रु./प्रति किलो |




# 2029 तक राज्य से भाजपा का नामोनिशान मिटा देंगे : झामुमो

## भाजपा ने कहा यह झामुमो का अहंकार और बड़बोलापन बोल रहा है

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव में इंडिया ब्लॉक की प्रचंड जीत से उत्साहित झारखंड मुक्ति मोर्चा ने आक्रामक स्वर में भाजपा पर प्रहार किया। पार्टी ने कहा कि इस बार 11 जिलों में इनका खाता नहीं खुला, पांच साल इंतजार करें, राज्य की राजनीति से इनका नामोनिशान मिटा दिया जायेगे। झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता विनोद पांडेय ने कहा कि नफरत के सौदागरों के लिए राज्य में कोई जगह नहीं है। झारखंड में भाजपा को इतिहास बना दिया जायेगा। 2029 विधानसभा चुनाव में राज्य की राजनीति से भाजपा को पूरी तरह आउट कर दिया जायेगा। वहीं दूसरी ओर भाजपा विधानसभा चुनाव नतीजों को लेकर दो दिवसीय समीक्षा बैठक कर रही है। झामुमो नेता इतने पर नहीं रुके, उन्होंने कहा कि यह उनका अहंकार नहीं बोल रहा है बल्कि झारखंडियों की ताकत के बल पर वह ऐसा बोल रहे हैं। झारखंडियों को दुश्मनों को जवाब देना आ गया है।

## हार-जीत तो लगी ही रहती है : भाजपा

वहीं भाजपा नेताओं ने कहा कि झामुमो नेता का बयान उनका अहंकार और बड़बोलापन है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अविनेश कुमार सिंह ने कहा कि किसी भी चुनाव में जीत या हार होना स्वभाविक और सामान्य बात है। जिस तरह के बयान झामुमो नेता दे रहे हैं, यह उनके अहंकार को दर्शाता है। राज्य की भोली-भाली जनता के भोलेपन का लाभ उठाकर भले ही इंडिया ब्लॉक ने जीत हासिल की हो लेकिन उन्हें अहंकार से बचना चाहिए। देश का इतिहास रहा है कि जनता ने समय समय पर बड़े-बड़े नेताओं को उनका कद दिखा दिया है। उन्होंने कहा कि हम चुनावी नतीजों की समीक्षा और चिंतन मनन कर रहे हैं, संभव है कि हममें कोई कमी रह गयी हों। इन कमियों को दूर कर केकार्यकर्ताओं के सहयोग से दोबारा संगठन को मजबूत कर वापसी करेंगे। 81 सदस्य वाली विधानसभा में इंडिया गठबंधन के खाते में 56 सीटें आयीं। वहीं एनडीए सिर्फ 24 सीटें जीतने में कामयाब रहा। राज्य के 24 जिलों में से पाकुड़, साहिबगंज, जामताड़ा, देवघर, गोड्डा, बोकारो, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, खूंटी, गुमला और लोहरदगा ऐसे 11 जिले रहे जहां भाजपा या उसके सहयोगी दलों का खाता भी नहीं खुला।

### कोर्ट ने मांगी जानकारी कब से जेल में हैं पूजा सिंघल

**रांची।** नये कानून के तहत जेल से रिहा करने के लिए निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल की ओर से दायर याचिका पर शनिवार को रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट में सुनवाई हुई। पूजा सिंघल की ओर से बहस सुनने के बाद कोर्ट ने बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार के अधीक्षक को यह बताने का निर्देश दिया है कि पूजा सिंहल कब से जेल में हैं और उनकी न्यायिक हिरासत की अवधि कितनी हुई है। पूजा सिंघल की ओर से अधिवक्ता विक्रांत सिन्हा और स्नेह सिन्हा ने बहस की। कोर्ट ने जेल अधीक्षक को मंगलवार तक उक्त जानकारी देने का निर्देश दिया है।

## एडवांस की राशि की स्वीकृति को प्रावधानों में संशोधन, आदेश जारी

# विधायकों को घर बनाने के लिए 60 लाख रुपये एडवांस देगी सरकार

### जिन विधायक के पास होगा भूमि का स्पष्ट स्वामित्व, उन्हें ही मिलेगा घर बनाने को एडवांस

### एडवांस के साथ 4 फीसदी ब्याज की राशि 20 साल यानि 240 किस्तों में लौटाना होगा



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के विधायकों को घर बनाने के लिए 60 लाख रुपए की राशि एडवांश के रूप में तभी मिलेगी, जब उनके बाद भूमि का स्पष्ट स्वामित्व होगा। राज्य सरकार ने एडवांस की राशि की स्वीकृति के लिए प्रावधानों में संशोधन कर दिया है। वित्त विभाग ने इसका आदेश जारी कर दिया है। जारी आदेश के तहत वैसे विधायकों को एडवांस मिलेगा, जिनका कार्यकाल पेंशन प्रदायी हो उस स्थान पर जहां विधायक अपने कार्यकाल में या उसके बाद अंतिम रूप से बसना चाहते हैं। अन्य सरकारी स्त्रोत, हाउसिंग बोर्ड, अर्द्ध सरकारी निकायों या स्थानीय निकायों से इसी उद्देश्य से कोई ऋण या अग्रिम नहीं लिया हो। इसके बाद अगर वे अन्य स्त्रोतों से प्राप्त बकाया ऋण या अग्रिम को ब्याज के साथ एक किस्त में लौटाने का वचन देते हैं, तो विधायक को गृह निर्माण के लिए एडवांस की स्वीकृति दी जा सकेगी। इसके अलावा विधायक के पास भूमि का स्पष्ट स्वामित्व भी होना चाहिए। यदि एडवांस निजी पार्टियों से निर्मित मकान-फ्लैट खरीदने के लिए है, तो मकान-फ्लैट पर किसी की देनदारी नहीं होनी चाहिए। फ्लैट खरीद के लिए आवेदक को भूमि मालिक एवं रजिस्टर्ड बिल्डर के बीच किये गये एकरारनामा प्रस्तुत करना होगा। प्रस्तावित फ्लैट का स्वीकृत नक्शा भी प्रस्तुत करना होगा। रजिस्टर्ड बिल्डर द्वारा किये जा रहे नये प्रोजेक्ट रेरा द्वारा भी स्वीकृत होना चाहिए।

### संशोधन के प्रमुख बिंदु

एडवांस के साथ चार फीसदी ब्याज की राशि 20 साल यानि 240 किस्तों में पूरा करना होगा। विधायक कम अवधि में भी एडवांस की राशि का कर सकेंगे भुगतान। वित्त विभाग की पूर्व सहमति के बिना वसूली नहीं रोकी जायेगी और न ही विलंबित या स्थगित की जाएगी। यदि विधायक या उनका उत्तराधिकारी किसी कारणवश अग्रिम को पूरा नहीं लौटाते हैं, तो सरकार को यह अधिकार प्राप्त होगा कि वह मकान को रख ले या अन्य प्रकार से वसूल करने के लिए कार्रवाई करे।

### एडवांस के बाद किसी भी वित्तीय संस्थान से नहीं लेना होगा कर्ज

विधायकों को इस आशय का शपथ पत्र देना होगा कि गृह निर्माण अग्रिम की स्वीकृति प्राप्ति के बाद घोषित भूमि और प्लॉट को किसी अन्य वित्तीय संस्थान में बंधक रख कर अन्य गृह निर्माण ऋण प्राप्त नहीं करेंगे। किराया-क्रय पद्धति के आधार पर मकान खरीदने के लिए गृह निर्माण अग्रिम स्वीकार्य नहीं है। ब्याज की गणना प्रत्येक माह के अंतिम दिवस को रहने वाले बकाए के आधार पर की जायेगी। अगर मूलधन के बकाए का भुगतान महीने के बीच में ही दिया जाता है तो उस महीने का ब्याज नहीं लिया जायेगा। यदि प्रशासनिक कारणों से वेतन या पेंशन विलंब से मिलता है तो देय ब्याज अवशेष की गणणा की वसूली उसी माह में मानी जायेगी, जिस माह का वेतन-पेंशन निकालना हो। यदि किसी विधायक की कार्यकाल के दौरान मृत्यु हो जाती है तो उस विधायक की मृत्यु की तिथि के बाद की अवधि का ब्याज देय नहीं होगा।

# सिविल जज के पास असीमित वित्तीय अधिकार : हाईकोर्ट

### पांच लाख रुपये से कम या उससे अधिक मूल्य के मुकदमों का कर सकता है निपटारा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने एक फैसले में कहा है कि सिविल जज (सीनियर डिवीजन) के पास असीमित वित्तीय अधिकार क्षेत्र है और वह पांच लाख रुपए से कम या उससे अधिक मूल्य के मुकदमों का निपटारा कर सकता है। भले ही ऐसा मूल्यांकन मुंसिफ न्यायालय के वित्तीय क्षेत्र में आता हो। ऐसे मामलों में अधिकार क्षेत्र का प्रयोग अवैधानिक नहीं माना जा सकता। जस्टिस सुभाष चंद की अदालत ने इस आदेश के साथ ही प्रार्थी की याचिका खारिज कर दी।

हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि असीमित वित्तीय अधिकार क्षेत्र वाले सिविल जज (वरिष्ठ डिवीजन) को 5 लाख रुपए या उससे कम मूल्य के मुकदमों का फैसला करने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि इस तरह की अधिकार क्षेत्र संबंधी चुनौतियों को कार्यवाही के शुरूआती चरण में ही उठाया जाना चाहिए था।

हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि मुकदमे के कम मूल्यांकन से संबंधित प्रश्नों को केवल मुकदमे के दौरान मुद्दा बनाकर ही हल किया जा सकता है। यदि अदालत ने निर्धारित किया कि मुकदमे का कम मूल्यांकन किया गया था, तो वादी को केस में संशोधन करने और अपर्याप्त न्यायालय शुल्क जमा करने का निर्देश दिया जा सकता है।

यह फैसला एक सिविल मामले में आया, जिसमें ट्रायल कोर्ट के आदेश को रद्द करने का आग्रह हाईकोर्ट से किया गया था। याचिका में आरोप लगाया गया था कि केस की संपत्ति का मूल्यांकन पांच लाख रुपए से अधिक का था। इसलिए इसका फैसला मुंसिफ कोर्ट द्वारा किया जाना चाहिए था।

कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि मुकदमा वर्ष 2015 में दायर किया गया था। इस समय सिविल जज (सीनियर डिवीजन) के पास इस मामले का अधिकार था। मुंसिफ अदालतों के वित्तीय अधिकार क्षेत्र में बाद में किए गए संशोधन ने सिविल जज (वरिष्ठ डिवीजन) के समक्ष कार्यवाही को अमान्य नहीं किया। याचिका को खारिज करते हुए हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा और निष्कर्ष निकाला कि ट्रायल कोर्ट के आदेश में कोई अवैधता या दोष नहीं था।

## खबर एक नजर में

### इंडी गठबंधन में सब कुछ ठीक नहीं : चंपई सोरेन



**रांची।** चंपई सोरेन ने एक बार फिर हेमंत सरकार पर निशाना साधा है। शनिवार को मीडिया से बातचीत में चंपई ने कहा कि अब तक मंत्रिमंडल का विस्तार नहीं हुआ है। इससे यह स्पष्ट होता है कि इंडी गठबंधन में ठीक-ठाक नहीं है। उन्होंने कहा कि अभी काफी काम करना है। इस मुद्दे पर अपने समर्थकों के साथ रायशुमारी भी की है। उन्होंने मंगल मुंडा की मौत के लिए सरकार को जिम्मेवार ठहराया है। कहा कि झारखंड के एक विशिष्ट परिवार से आने वाले मंगल मुंडा की चिकित्सा में जिस प्रकार की लापरवाही हुई, वह दुर्भाग्यपूर्ण है। एक बार फिर शहीद परिवारों के मामले में सरकार बेनकाब हो गयी है।

### हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ शीर्ष कोर्ट गये आइएएस अधिकारी भजंत्री



**रांची।** रांची के वर्तमान उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने चुनाव कार्य से अलग रखने के झारखंड हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दायर की है। शीर्ष कोर्ट से उन्होंने हाईकोर्ट के आदेश को रद्द करने का आग्रह किया है। हाईकोर्ट ने 22 सितंबर को भजंत्री के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई करने और चुनाव कार्यों से अलग रखने के आदेश के खिलाफ दायर अपील की याचिका स्वीकार की थी। वहीं, हाईकोर्ट के इस फैसले के बाद भजंत्री को चुनाव कार्यों से दूर रखा गया था। इसके अलावा राज्य में विधानसभा चुनाव को लेकर लागू आचार संहिता के दौरान उन्हें आनन-फानन में रांची के उपायुक्त पद से हटाया गया था। उनकी जगह वरुण रंजन को रांची का डीसी बनाया गया था। हालांकि, सीएम हेमंत सोरेन के शपथ ग्रहण के बाद राज्य सरकार ने फिर भजंत्री को रांची का उपायुक्त नियुक्त कर दिया।

# रांची समेत पूरे झारखंड में अगले तीन दिन तक छाए रहेंगे बादल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में फेंगल चक्रवाती तूफान के चलते शनिवार सुबह धुंध और हल्के बादल छाए रहे। पश्चिमी सिंहभूम के जगन्नाथपुर क्षेत्र में करीब 17.0 मिमी बारिश भी हुई। इससे इलाके में ठंड बढ़ गई है। अधिकतम तापमान 17.7, न्यूनतम 16.3 डिग्री दर्ज किया गया। अधिकतम पारा सामान्य से करीब 9.0 डिग्री नीचे चला गया है।

मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन में पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला, सिमडेगा में बादल छाए रहने के साथ कहीं-कहीं हल्की बारिश होने के आसार हैं। तूफान का प्रभाव पूरे राज्य में तीन दिसंबर तक रह सकता है। इस बीच कोल्हान में हल्के बादल छाने के साथ कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी होगी। रात के न्यूनतम पारे में वृद्धि और अधिकतम पारे में गिरावट से ठंड बढ़ सकती है।

मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी में बने तूफान के तमिलनाडु के उत्तरी तट महाबलीपुरम और कराईकल तट से टकराने के बाद भी अगले तीन दिन तक इसका असर रहेगा। ऐसे में तूफान के बाहरी भाग में बने बादल दक्षिणी हवा के साथ झारखंड में प्रवेश कर रहे हैं। इससे राज्य में भी आंशिक बादलों के साथ कहीं-कहीं हल्की बारिश की संभावना है।

कोल्हान में अपेक्षाकृत घने बादल छाए रहने से यहां दिन के तापमान में कमी आई है। जमशेदपुर में अधिकतम पारा सामान्य से 5 डिग्री नीचे 23.6 डिग्री रहा। एक दिन पूर्व यह 28.6 डिग्री था। वहीं, कोल्हान में रात का पारा 5 डिग्री उछला है। सरायकेला और जमशेदपुर का 17.9 डिग्री, पश्चिमी सिंहभूम में 16.3 डिग्री और सिमडेगा में 15.6 डिग्री दर्ज किया गया। रांची का अधिकतम पारा 23.4 और न्यूनतम 12.6 डिग्री रहा। रांची में पिछले 24 घंटों के दौरान अधिकतम तापमान करीब 3 डिग्री गिरा है।

### जिलों के तापमान

| जिला | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 23.4 | 12.6 |
| जमशेदपुर | 23.6 | 17.9 |
| मेदिनीनगर | 29.4 | 12.7 |
| बोकारो | 25.2 | 13.2 |
| प सिंहभूम | 17.7 | 16.3 |
| सिमडेगा | 24.5 | 15.6 |
| देवघर | 27.7 | 12.2 |

'फेंगल' तूफान के कारण हवा का रुख बदल गया है। दक्षिण से आ रही हवा के चलते राज्य में बादल छाए हुए हैं। वहीं, पश्चिमी सिंहभूम के जगन्नाथपुर में बारिश भी हुई। तूफान के चलते अगले 3 दिन तक राज्य में हल्के बादल छाए रहेंगे। इसके बाद ठंड बढ़ेगी।


**अभिषेक आनंद, वैज्ञानिक, मौसम विभाग, रांची**

## सीएम से मिले राजनेता, आईएएस, आईपीएस व अन्य लोग, दी बधाई

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की चौथी बार हुई ताजपोशी के बाद लोगों के मिलने का सिलसिला जारी है। राजनेता, अधिकारी, पदाधिकारी और विभिन्न संगठनों के लोग सीएम से मिलकर उन्हें बधाई और शुभकामाएं दे रहे हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी लोगों से खुलकर मिल रहे हैं और उनका अभिवादन स्वीकार कर रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को झारखंड कैडर के कई आइएएस, आइपीएस सहित राजनीतिक दलों के नेता, संगठनों के प्रतिनिधि और आमलोगों ने भी मुलाकात की। मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में उच्च शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव राहुल पुरवार, एडीजी प्रिया दूबे, टी कांडासामी, डीआइजी नौशाद आलम और रामगढ़ के एसपी अजय कुमार ने मुलाकात की। इनके अलावा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, विधायक राधाकृष्ण किशोर, विधायक हफीजुल हसन अंसारी, विधायक राजेश कच्छप एवं पूर्व विधायक जलेश्वर महतो ने मुलाकात कर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

**सीएम को दिया जगन्नाथ स्वामी का प्रसाद :** इसके बाद लाल प्रवीर नाथ शाहदेव के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने सीएम हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने सीएम को जगन्नाथ स्वामी का प्रसाद भेंट की। इनके अलावा ज्योति गुप्ता, अभिज्ञा सिंह समेत अन्य लोगों ने मुलाकात कर मुख्यमंत्री को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने सबका आभार जताया।













## जेई से एई पद पर प्रोन्नति के बाद विभागीय परीक्षा पास करने के बाद ही वेतन वृद्धि पर हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** डिप्लोमा इंजीनियर एसोसिएशन की और से पब्लिक वर्क कोड 2012 के तहत राज्य सरकार की विभिन्न विभागों में जूनियर इंजीनियर (जेई) से असिस्टेंट इंजीनियर (एई) पद पर प्रोन्नति के 2 वर्ष के बाद विभागीय परीक्षा पास करने के बाद ही वेतन वृद्धि करने के वित्त विभाग की व्याख्या को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई।

मामले में हाई कोर्ट की एकल पीठ ने राज्य सरकार के वित्त विभाग, जल संसाधन विभाग, पेयजल स्वच्छता विभाग, रोड कंस्ट्रक्शन विभाग और बोर्ड ऑफ रेवेन्यू आदि से चार सप्ताह में जवाब मांगा है। अगली सुनवाई 7 जनवरी 2025 को होगी। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता अमृतांश वत्स ने पैरवी की।

दरअसल, पब्लिक वर्क कोड 2012 के तहत झारखंड सरकार के विभिन्न विभागों में जूनियर इंजीनियर से असिस्टेंट इंजीनियर के प्रोन्नति के बाद दो वर्ष उन्हें वेतन वृद्धि का लाभ मिलेगा, लेकिन उसके बाद विभागीय परीक्षा (हिंदी कानून और प्रोफेशनल) पास करने के बाद ही उन्हें वेतन वृद्धि का लाभ मिल सकता है। प्रार्थी की और से अधिवक्ता अमृतांश वत्स ने कोर्ट को बताया कि झारखंड सरकार के वित्त विभाग ने इसकी गलत व्याख्या की है और कहा है कि जूनियर इंजीनियर से असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर प्रोन्नति के 2 वर्ष के भीतर विभागीय परीक्षा पास करने के बाद ही वेतन वृद्धि का लाभ मिल सकेगा।

श्री वत्स ने इसकी सही व्याख्या करने का आग्रह कोर्ट से किया है। वहीं प्रार्थी की ओर से याचिका में यह भी कहा गया है कि नियमावली के तहत विभागीय परीक्षा साल में दो बार मई -जून एवं अक्टूबर-नवंबर में होनी चाहिए, लेकिन इस परीक्षा के समय पर नहीं होने से असिस्टेंट इंजीनियर पद पर प्रोन्नति के बाद भी उन्हे वेतन में बढ़ोतरी में देरी हो रही है। इसलिए समय पर परीक्षा कराया जाए। प्रार्थी की ओर से कोर्ट से आग्रह किया गया कि विभागीय परीक्षा पास करने के लिए निर्धारित समय अवधि यानी जिस समय वह परीक्षा ड्यू है इसी समय से ही असिस्टेंट इंजीनियर पद पर प्रोन्नति के बाद उन्हें वेतन वृद्धि का लाभ मिलना चाहिए। जबकि हो यह रहा है कि वेतन वृद्धि असिस्टेंट इंजीनियर को तभी मिल रहा है जब वह विभागीय परीक्षा पास कर अपना सर्टिफिकेट प्रस्तुत करते हैं।

## सीएम हेमंत सोरेन आलू की आवक जल्द बहाल करायें : बाबूलाल मरांडी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने आलू की ट्रांसपोर्टिंग रोके जाने को लेकर पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी से बात कर जल्द समस्या का निदान करने का आग्रह किया है। बाबूलाल मरांडी ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट पर कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार ने राज्य से आलू की सप्लाई पर रोक लगाने का आदेश दिया है। सरकार द्वारा आलू का ट्रक झारखंड आने से रोकने के निर्णय ने रोजमर्रा की जिंदगी में महंगाई की चिंता बढ़ा दी है। बंगाल से आलू लेकर झारखंड आ रहे सैकड़ों ट्रकों को वापस लौटाया जा रहा है। सब्जी मंडियों में भी महज कुछ दिनों का ही स्टॉक बचा हुआ है। आवक कम होने के कारण आलू की कीमतें आसमान छूती जा रही है और आमजनों के रसोई से आलू गायब होती जा रही है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से निवेदन है कि इस समस्या का निदान करें और झारखंड में आलू की पर्याप्त अपूर्ति सुनिश्चित करें, ताकि राज्यवासियों को बढ़ती महंगाई से राहत मिल सके।

## झारखंड पुलिस राज्य के आपराधिक गिरोह और उग्रवादियों के स्प्लिंटर ग्रुप्स पर कसेगा शिकंजा

# रंगदारी के लिए दहशत फैला रहे हैं स्प्लिंटर ग्रुप

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के कुछ जिलों में पिछले दो महीने से कुछ आपराधिक गिरोह और उग्रवादियों के स्प्लिंटर ग्रुप दहशत फैला रहे हैं। रंगदारी और वसूली करने के लिए आगजनी और फायरिंग की वारदातों को अंजाम दिया जा रहा है। डीजीपी झारखंड अनुराग गुप्ता की तरफ से ऐसे गुटों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

**लातेहार, खूंटी, रांची और चाईबासा में वारदात :** राजधानी रांची के ग्रामीण इलाके के अलावा खूंटी, चतरा, गुमला और लातेहार और लोहरदगा जैसे जिलों में उग्रवादी संगठन टीपीसी, पीएलएफआई, जेजेएमपी के साथ अमन साव गिरोह दहशत फैलाने में लगा हुआ है। इन पर नकेल कसने के लिए कड़े निर्देश डीजीपी के द्वारा जिलों को दिया गया है। नक्सलियों के खात्मे में लगी झारखंड पुलिस के लिए ये स्प्लिंटर ग्रुप परेशानी का सबब बने हुए हैं। सिर्फ स्प्लिंटर ग्रुप ही नहीं बल्कि अमन साव, अमन श्रीवास्तव और सुजीत श्रीवास्तव गिरोह भी उग्रवादियों की तर्ज पर फायरिंग और आगजनी कर रहा है। 25 नवंबर को पीएलएफआई के हथियार बंद दस्ते ने चाईबासा के गुदड़ी में बालू तस्करी को लेकर दो युवकों की हत्या कर दी थी। 26 नवंबर को पीएलएफआई के द्वारा खूंटी में कई वाहनों में आगजनी की गई।

### लातेहार में ज्यादा दहशत



सबसे ज्यादा दहशत झारखंड के लातेहार जिला में कायम किया जा रहा है। यहां एक महीने के भीतर आगजनी और गोलाबारी की चार वारदातें सामने आ चुकी हैं। लातेहार में 20 नवंबर को जेजेएमपी के उग्रवादियों ने चार हाइवा वाहनों को आग के हवाले कर दिया था। लातेहार में ही 24 नवंबर को अमन साव के गुर्गों के द्वारा एके 47 से एक कोयला ट्रक पर फायरिंग की गई। 15 नवंबर को लातेहार के चंदवा में पेट्रोल पंप पर फायरिंग की, वहीं नवंबर महीने में ही बालूमाथ स्थित कोयला साइडिंग पर भी फायरिंग की गई। पुलिस की जांच में यह बात सामने आई है कि फायरिंग और आगजनी करने वाले उग्रवादी संगठनों के स्प्लिंटर ग्रुप हैं जो सिर्फ पैसे वसूलने के लिए घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं।

### पीएलएफआई, टीपीसी और जेजेएमपी पुलिस की रडार पर

डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि झारखंड में नक्सलवाद 95 फीसदी खत्म हो चुका है। फिलहाल हमारे लिए स्प्लिंटर ग्रुप का सफाया करना बेहद जरूरी है। झारखंड के कुछ जिलों में पिछले दो महीने के दौरान उग्रवादियों के स्प्लिंटर ग्रुप के द्वारा कई हिंसक घटनाओं को अंजाम दिया गया है। स्प्लिंटर ग्रुप आगजनी के साथ-साथ व्हाट्सएप कॉल कर कारोबारियों से रंगदारी की डिमांड कर रहे हैं।

### समर्थकों के साथ एक्टिव उग्रवादियों की लिस्ट तैयार

डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि कुछ आपराधिक गिरोह के साथ साथ टीपीसी, पीएलएफआई, जेजेएमपी और भाकपा माओवादिओं का छोटा ग्रुप एक्टिव है। ऐसे उग्रवादियों के द्वारा कुछ घटनाओं को जरूर अंजाम दिया गया है लेकिन पिछले एक साल के दौरान उनके संगठन के अधिकांश बड़े उग्रवादी या तो मारे गए या फिर पकड़े गए। लेकिन इन संगठनों के कुछ स्प्लिंटर ग्रुप बचे हुए हैं जिन पर कार्रवाई की जा रही है। स्प्लिंटर ग्रुप में शामिल उग्रवादी छोटे हथियार के साथ सिविल ड्रेस में वारदात को अंजाम दे रहे हैं। ऐसे उग्रवादियों की लिस्ट तैयार की गई है साथ ही उनके समर्थकों को भी चिन्हित किया गया है जो उनके लिए मोबाइल सहित दूसरे समान उपलब्ध करवाते हैं। सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को यह निर्देश दिया गया है कि वह एक टीम बनाकर ऐसे स्प्लिंटर्स ग्रुप के खिलाफ कार्रवाई करें। खासकर पलामू आईजी को कड़ा निर्देश जारी किया गया है कि न सिर्फ कार्रवाई करें बल्कि फरार उग्रवादियों और अपराधियों के खिलाफ जमकर कुर्की भी करें।

## समाहरणालय की सफाई व रख रखाव के लिए नोडल पदाधिकारी नियुक्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने समाहरणालय परिसर की साफ-सफाई, बेहतर रखरखाव और समय पर कर्मचारियों के ऑफिस पहुंचने की मॉनिटरिंग के लिए नोडल पदाधिकारी नियुक्त किए हैं। शनिवार की सुबह इस संदर्भ में उपायुक्त ने समाहरणालय के पदाधिकारी एवं कर्मियों के आईडी कार्ड बनाने तथा आम जनों की शिकायतों के निस्तारण के लिए व्हाट्सऐप नंबर पर सतत फॉलो अप बनाए रखने की प्रतिनियुक्ति संबंधित कार्य में हुई प्रगति की जानकारी ली। बता दें, जिला प्रशासन की ओर से जिला स्तर पर एक व्हाट्सऐप नंबर जारी किया जाएगा। इसमें आम जन अपनी शिकायतें दर्ज कर सकेंगे। आम लोगों की समस्याओं को त्वरित संज्ञान में लेकर संबंधित विभाग द्वारा उसका समाधान किया जाए इसके लिए तीन पालियों में दो-दो कर्मियों एवं पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति उपायुक्त ने की है।

### डीसी के निर्देश पर प्रखंड और अंचल कार्यालयों में हुई बैठक

उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के निर्देश पर शनिवार को जिला स्तर पर विभिन्न विभागों के कार्यालय प्रधान द्वारा अपने अधीनस्थ पदाधिकारी एवं कर्मियों के साथ बैठक की गई। सभी को समय पर कार्यालय आने और कार्य स्थल पर संवेदनशीलता के साथ उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया। सभी प्रखंड तथा अंचल कार्यालय में भी पदाधिकारियों द्वारा प्रखंड एवं अंचल स्तर पर बैठक कर सभी संबंधित पदाधिकारी और कर्मचारियों को समय पर कार्यालय में उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया। सभी को कहा गया कि पदाधिकारी एवं कर्मी अपने कार्यस्थल पर समय से आएं। कार्य अवधि में कार्यालय में उपस्थित रहें और बिना अधिकृत छुप्ती के अवकाश पर न जाएं। सभी को आम जनता के साथ संवेदनशील बने रहने का निर्देश दिया गया।

## प्रदेश भाजपा की समीक्षा : विधानसभा चुनाव में हारे प्रत्याशियों ने रखे अपने विचार

# किसी को अपनों ने लूटा तो कोई भितरघात से हारा और कोई विरोधियों की गोलबंदी का हुआ शिकार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** प्रदेश भाजपा शनिवार से ही विधानसभा चुनाव में हार के कारणों की समीक्षा कर रही है। यह सिलसिला आज भी चलेगा। रविवार को पदाधिकारियों के साथ बैठक होगी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार हार के कारणों में अंदरूनी कलह और भीतरघात की बातें सामने आयी। देवघर के पूर्व विधायक नारायण दास ने दो टूक कहा कि हमें तो अपनों ने लूटा। वहीं गिरिडीह से उम्मीदवार रहे निर्भय शाहाबादी ने कहा कि मेरे साथ भीतघात हुआ। भानु प्रताप शाही भी विरोधियों की गोलबंदी के शिकार हो गये।

भाजपा प्रदेश कार्यालय में समीक्षा के दौरान राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बीएल संतोष, प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेई, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, कार्यकारी अध्यक्ष रविंद्र राय के अलावा भाजपा के सभी प्रत्याशी एवं सभी जिला अध्यक्ष मौजूद थे।




### बीजेपी उम्मीदवारों ने बतायी हार की वजह

समीक्षा में बीजेपी उम्मीदवारों ने हार की वजह बतायी। कई उम्मीदवारों ने कहा कि मंइयां योजना के प्रति जनता का आकर्षण रहा। वहीं अंतिम समय में मंईयां योजना के तहत राशि बांटी गयी। कई उम्मीदवारों ने चुनाव की खामियों पर भी भड़ास निकाली। अंदरूनी कलह को प्रमुख कारण बता गया। कई उम्मीदवारों ने कहा कि हमें फिर से संगठन के कार्यों में लगे रहना है।

### किसने क्या कहा

**भानू प्रताप शाही :** विरोधियों की गोलबंदी की वजह से हार हुयी। चुनाव के दौरान सत्ताधारी नेताओं ने जमकर पैसे बांटे।

**नारायण दास :** मुझे अपनों ने लूटा।

**निर्भय शाहाबादी :** मेरे साथ भितरघात हुआ।

**लोबिन हेंब्रम :** चुनाव के वक्त मेरी तस्वीर में तीर-धुनष लगा पोस्ट वायरल हुआ। इस कारण मेरी हार हो गयी।

### वन टू वन लिया जायेगा फीडबैक : बाबूलाल



हारे हुए उम्मीदवारों से वन टू वन फीडबैक भी लिया जाएगा। पार्टी यह भी पता करेगा कि कहां चूक हुई? कहां मिस मैनेजमेंट हुआ? सांगठनिक स्तर पर भी चूक के कारणों का पता लगाया जाएगा।

### आलाकमान को सौंपी जायेगी रिर्पोट

समीक्षा बैठक पूरी होने के बाद जो बातें सामने निकल कर आएंगे, उसे आलाकमान को अवगत कराया जाएगा। इसकी रिर्पोट सौंपी जाएगी। मालूम हो कि इस बार के चुनाव ने भाजपा 21 सीटों पर ही सिमट गयी। संताल में 18 सीटों में से 17 सीटें पर शिकस्त झेलनी पड़ी।

### तीन दिसंबर को होगी दिल्ली में बैठक

झारखंड में दो दिन की बैठक के बाद तीन दिसंबर को दिल्ली में बैठक होगी। यह बैठक कई मायनों में अहम होगा। इसी बैठक में हार के कारणों की रिर्पोट सौंपी जायेगी। इसके आधार पर संगठन के आगे की रूप-रेखा तय की जाएगी।

# एनएसजी ने झारखंड में नक्सल विरोधी जंगल अभ्यास- 'थंडरबोल्ट' किया शुरू

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) नक्सल विरोधी जंगल अभ्यास 'अभ्यास- थंडरबोल्ट' के लिए रांची में है। रांची में रहकर एनएसजी कमांडो अपने आप को नक्सल अभियान में दक्ष कर रहे हैं। एनएसजी कमांडो का यह अभ्यास रांची के बाहरी इलाकों में विभिन्न नक्सल प्रभावित संवेदनशील क्षेत्रों में आयोजित किया गया है। अभ्यास के दौरान एनएसजी कमांडो को नक्सलियों द्वारा अपनाए गए नवीनतम तरीकों को लेकर जानकारी दी गई। जंगली इलाकों में नक्सली किस तरह से जवानों को ट्रैप करते हैं, किस तरह से गुरिल्ला वार को अंजाम देते हैं, जैसे सभी तरह के नक्सली ट्रिक को एनएसजी कमांडो को बताया गया। इसके तहत नक्सल अभियान में अगर कभी एनएसजी की जरूरत पड़ी तो यह अभ्यास उनके काम आएगा।



**नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में कमांडो की ट्रेनिंग :** झारखंड पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य संभावित नक्सली खतरों का पूर्वानुमान लगाना और मुख्य नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में एकीकृत मजबूत सुरक्षा ग्रिड को सक्रिय करने के लिए आवश्यक प्रक्रियाओं का पूर्वाभ्यास करना था। इस अभ्यास में झारखंड पुलिस के नक्सल विरोधी विशेष बल झारखंड जगुआर, आतंकवाद विरोधी दस्ता और केंद्रीय सुरक्षाबल वन मुख्य रूप में शामिल थे। अभ्यास में कठिन से कठिन नक्सल विरोधी अभियानों में किस तरह से आपसी सामंजस्य बैठाया जाता है, यह भी एनएसजी कमांडो को बताया गया।

अभ्यास के दौरान नक्सल विरोधी अभियान, बंधकों को छुड़ाना, आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) का पता लगाना, जंगल विशेष योजना और ऑपरेशनों को लेकर कमांडोज को प्रैक्टिकल भूमि उपलब्ध करवाया गया। एनएसजी ने इस बात पर जोर दिया कि यह अभ्यास न केवल तैयारी को बढ़ाते हैं बल्कि संकट के दौरान उन्हें तुरंत और सटीक निर्णय लेने में सक्षम बनाते हैं। अभ्यास से पहले, एसपी (एटीएस) कार्यालय में एनएसजी द्वारा नक्सल विरोधी जंगल अभियानों के संचालन में प्रयुक्त हथियारों और उपकरणों का भी प्रदर्शन किया गया।

## डालसा सचिव ने टीम बनाकर निगम के संचालित आश्रयगृह का किया निरीक्षण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से बढ़ती ढंड को देखते हुए ठंड में ठिठुर रहे गरीब लोगों के लिए अभियान चलाकर खुले आसमान के नीचे सो रहे लोगों से निगम द्वारा संचालित आश्रयगृह में रात गुजारने के लिए निवेदन किया गया। इसी दौरान डालसा सचिव एवं उनकी टीम, जिसमें डिप्टी एलएडीसी राजेश कुमार सिन्हा, पीएलवी विक्की चौधरी एवं नगर निगम के मनीकांत सिन्हा के सहयोग से रात्रि के 10.30 बजे से 12.30 बजे तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों में घुमकर निगम द्वारा संचालित आश्रयगृह का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान खादगढ़ा बस स्टैंड में स्थित आश्रयगृह का निरीक्षण करते समय पाया कि बाथरूम की साफ-सफाई नहीं हैं। उन्होंने आश्रयगृह के इंचार्ज को अविलम्ब बाथरूम की साफ-सफाई कराने का निर्देश दिया और कहा कि निरंतर यह अभियान झालसा के निर्देश पर चलेगा और उन्होंने उपस्थित आश्रयगृह के इंचार्ज से कहा कि ठंड से बचाव और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दें। इस अभियान के तहत मेन रोड में खुले आसमान के नीचे सो रहे 5 गरीब लोगों को रेस्क्यू कर बकरी बाजार स्थित आश्रयगृह में दाखिला कराया गया एवं खादगढ़ा बस स्टैंड के आस-पास खुले आसमान के नीचे सो रहे 15 असहाय लोगों को खादगढ़ा बस स्टैंड स्थित पुरूष एवं महिला आश्रयगृह में दाखिला कराया गया और उनके बीच कम्बल का भी वितरण किया गया।

**मासिक लोक अदालत का आयोजन :** डालसा रांची द्वारा शनिवार को सुबह 10:30 बजे से व्यवहार न्यायालय में मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया।

## खबर एक नजर में

### डीपीएस रांची के पूर्व प्राचार्य डॉ. राम सिंह और प्राचार्य डॉ आरके झा सीएम से मिले



**रांची।** डीपीएस रांची के पूर्व प्राचार्य एवं मार्गदर्शक डॉ. राम सिंह और वर्तमान प्राचार्य, डॉ. आर.के. झा ने शनिवार को मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मुलकात की और झारखंड चुनाव में उनकी शानदार जीत पर बधाई दी। बातचीत के दौरान प्राचार्य एवं मुख्यमंत्री ने शिक्षा क्षेत्र में सुधारों की आवश्यकता पर चर्चा की। सीएम ने पूरे झारखंड में शैक्षिक मानकों को ऊपर उठाने के उद्देश्य से की गई पहल के लिए अपने अटूट समर्थन का आश्वासन दिया। उन्होंने युवाओं के पोषण और राज्य के भविष्य को आकार देने में डीपीएस रांची के अनुकरणीय योगदान के लिए भी अपनी प्रशंसा व्यक्त की एवं विद्यालय के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की।

### आगमन का अर्थ है प्रभु येसु मसीह का इस धरती पर आना : कुलदीप तिर्की



**रांची।** क्रिसमस का आगमन काल आज से शुरू हो रहा है। झारखंड क्रिश्चयन यूथ एसोसिएश के अध्यक्ष कुलदीप तिर्की ने कहा कि आगमन काल निश्चित रूप से तैयारी का समय है। यह समय येसु मसीह के जन्म की प्रत्याशा और उससे भी कहीं अधिक खुशी का समय है, आगमन का अर्थ है प्रभु येसु मसीह का हमारे बीच में आना हम ईसाइयों के लिए 25 दिसम्बर तक चार सप्ताह की अवधि येसु मसीह के जन्म के महत्व को पहचानने और अपने मन और दिल को उसके आगमन के लिए तैयार करने का एक बहुत ही सुनहरा अवसर है। हम आगमन से तीन सबक हासिल कर सकते हैं जिसमे से पहला है हम ईश्वर के प्यार को पहचाने जिसमे ईश्वर ने हम मनुष्यों के उद्धार के लिए अपने पुत्र येसु को उपहार के रूप में इस धरती पर भेजा, वे हमारे पापों के खातिर सूली पर मर गए और पुनरुत्थान के माध्यम से मृत्यु पर विजय प्राप्त की। येसु ने हमे सत्य प्रेम जीवन आशा अनन्द और शांति का संदेश दिया, दूसरा सबक येसु के लिए हमारे जीवन में जगह तैयार करने का है क्योंकि धर्मग्रंथ में लिखा है हम प्रत्येक विश्वासी का हृदय प्रभु का मंदिर है और इसलिए सदाचरण द्वारा अपने शरीर रूपी मंदिर को शुद्ध स्वच्छ और पवित्र रखें ताकि हम सब में प्रभु का वास हो सके तीसरा और अंतिम सबक ये हो सकता है कि हमारे जीवन में प्रभु येसु की उपस्थिति का जश्न मनाये और उस खुशी को दूसरों के साथ साझा करें क्योंकि बाइबिल में लिखा है जब चरवाहों ने येसु के जन्म के बारे सुना तो उसके दर्शन के लिए उल्लासित हो उठे, जैसे ही उन्होंने उसका दर्शन किया वे ईश्वर की स्तुति करने लगे और उस खुशखबरी/शुभसंदेश को फैलाने के लिए लोगों से बाटने के लिए निकल पड़े तो आइये हम सभी मसीही इस क्रिसमस दूसरों के साथ येसु के जन्मोत्सव के उपहार को जश्न मना कर उनके उदाहरण को अपने जीवन व आचरण द्वारा प्रस्तुत करें।

# सीसीएल से नवंबर में 96 कर्मी हुए रिटायर, दी गयी भावभीनी विदाई

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीसीएल से नवंबर, 2024 में 96 कर्मी रिटायर हुए। मुख्यालय से 6 कर्मी सेवानिवृत्त हुए। कंपनी मुख्यालय सहित विभिन्न क्षेत्रों में समारोह आयोजित कर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सेवानिवृत्त कर्मियों के कायार्नुभवों पर एक शॉर्ट फिल्म सम्मान समारोह के दौरान प्रदर्शित किया गया। सीसीएल मुख्यालय, रांची के विभिन्न विभागों से महाप्रबंधक श्याम नारायण महतो, महाप्रबंधक रमाकांत पांडेय, मुख्य प्रबंधक प्रफुल्ल नारायण राय, मुख्य प्रबंधक राकेश कुमार दराद, सब इंजीनियर महादेव राम, वरीय भंडारपाल गणेश कुमार तिवारी, ओएस ए-1, पीएंड आईआर विभाग श्रीमती पुष्पा लकड़ा, मुख्य फार्मासिस्ट ए-1 राजदेव सिंह, ओएस ए-1 चंदेश्वर सिंह और सहायक रिगमैन, लपंगा ड्रिलिंग कैंप जगेश्वर बेदिया रिटायर हुए।



सीसीएल परिवार की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन कर उन्हें विदाई दी गई। इस अवसर पर सीएमडी नीलेन्दु कुमार सिंह, निदेशक हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक हरीश दुहान, निदेशक सतीश कुमार झा सहित अन्य विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष, अधिकारी, कर्मचारी एवं सेवानिवृत्त कर्मियों के परिवार थे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीएमडी नीलेन्दु कुमार सिंह ने सेवानिवृत्त हुए कर्मियों से कहा कि आप सभी लोग अपनी मेहनत, समर्पण और निष्ठा से ना सिर्फ कंपनी को ऊंचाइयों तक पहुंचाया, बल्कि कंपनी की पूरी तरह से कायाकल्प किया है। जीवन की दूसरी पारी में व्यायाम, तीर्थाटन, देश भ्रमण, सामाजिक कार्य के साथ-साथ अपने परिवार के साथ समय व्यतीत करें।

## हावड़ा-मुंबई दुरंतो का ठहराव राउरकेला में हो : झारखंड चैंबर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** फेड्रेशन ऑफ झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की रेलवे उप समिति की बैठक शनिवार को चैंबर भवन में हुई। इस दौरान रेल मंत्रालय से हावड़ा मुंबई दुरंतो और हावड़ा पुणे दुरंतो का ठहराव राउरकेला में करने की आवश्यकता बतायी।

रेलवे उप समिति के चेयरमैन संजय अखौरी ने कहा कि दोनों ही दुरंतो ट्रेन समय-समय पर कम यात्री भार से परिचालित हो रही है। इनका ठहराव राउरकेला में होने से भारतीय रेल की आय में वृद्धि संभव है। इन ट्रेनों का ठहराव राउरकेला में होने से झारखण्ड के साथ ही ओडिशा के यात्रियों को भी इन ट्रेनों से मुंबई और पुणे आवागमन करने में सुविधा होगी।

चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी ने कहा कि पूर्व में इन ट्रेनों का ठहराव केवल छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में था, कुछ दिन पूर्व इसका ठहराव रायपुर में भी किया गया है। इस ट्रेन का ठहराव राउरकेला में होने से झारखण्ड और ओड़िशा की एक बहुत बडी आबादी को इसका लाभ मिलेगा। चर्चा के क्रम में चैम्बर द्वारा रेल मंत्रालय और महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे को पत्राचार भी किया गया। अनंतपुर के एप्रोच रोड के निर्माण कार्य में विलंब होने पर चिंता जताते हुए सदस्यों ने कहा कि काम में तेजी लाया जाना जरूरी है। सदस्यों ने रांची और हटिया रेलवे स्टेशन पर कुलियों की कमियों से हो रही समस्या पर भी चर्चा की और आग्रह किया कि रांची रेलमंडल को इस दिशा में पहल करनी चाहिए।

### पुनर्वास को लेकर पहले से अधिक जागरूक हो चुके हैं लोग : जस्टिस दीपक

**रांची।** पुनर्स्थापना एवं पुनर्वास के मुद्दे पर आज चर्चा हो रही है। इस पर लोग पहले से अधिक जागरूक हुए हैं। हाईकोर्ट के जस्टिस दीपक रोशन ने शनिवार को अशोक नगर में पुनर्स्थापना एवं पुनर्वास विषयक गोष्ठी में ये बातें कही। गोष्ठी में खाद्य सुरक्षा विशेषज्ञ बलराम ने कहा कि आजादी के पहले से झारखंड में विस्थापन हो रहा है। झारखंड के एक करोड़ से अधिक लोगों का विस्थापन हुआ है। एचईसी के पूर्व मार्केटिंग निदेशक राणा चक्रवर्ती बोले सीएसआर फंड का उपयोग पुनर्वास-पुनर्स्थापना की समस्या का समाधान कर सकते हैं। आरटीआई कार्यकर्ता सुनील महतो ने कहा, भूमि से जुड़े अधिकारी भूमि विकास पदाधिकारी को साल में 120 दिन क्षेत्र में जाकर इससे जुड़ी समस्या का समाधान करना जरूरी बताया गया है।

## दो दिवसीय दौरे पर मत्स्य निदेशालय पहुंचा थाइलैंड के मत्स्य विशेषज्ञों का एक दल

# झारखंड के मत्स्य कृषक होंगे लाभान्वित : डॉ एचएन द्विवेदी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में उन्नत मत्स्य बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने और तिलपिया मछली के जेनेटिकली इम्प्रूव्ड प्रजाति के मत्स्य बीज उत्पादन के लिए थाइलैंड के मत्स्य विशेषज्ञों का एक दल झारखंड के दौरे पर शुक्रवार को रांची स्थित मत्स्य निदेशालय पहुंचा। टीम का नेतृत्व प्रचाया नवात्रिलैप (सीईओ) कर रहे हैं। शालीमार, धुर्वा स्थित मत्स्य किसान प्रशिक्षण केंद्र में मत्स्य विभाग के निदेशक डॉ। एचएन द्विवेदी ने सभी विशेषज्ञों का स्वागत किया। इस संबंध में कृषि,पशुपालन व सहकारिता विभाग के विशेष सचिव प्रदीप हजारी ने बताया कि सरकार की ओर से प्रसंस्कृत (प्रोसेस्ड) मत्स्य बीज की अति आवश्यकता है।



झारखंड के जलाशयों में करीब छह हजार केज में मत्स्य बीज के संचयन करने के लिए इम्प्रूव प्रजाति के बीजों की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु तथा यहां की जलवायु में बीज संवर्धन के अध्ययन के लिए थाईलैंड से विशेषज्ञों का दल रांची आया है। इस टीम के साथ प्रगतिशील आरएएस मत्स्य पालक निशांत कुमार व मो। अखलाकुर वरिष्ठ वैज्ञानिक, केन्द्रीय मात्स्यिकी शिक्षा संस्थान (सीआईएफई) मुंबई भी थे। टीम ने जिला मत्स्य पदाधिकारियों के बीच तिलापिया बीज उत्पादन के बारे में प्रस्तुति भी दी। थाईलैंड के विशेषज्ञों में जीएम थिप्परपा महासाकसिरी, प्रोजेक्ट मैनेजर योथिन सुकावत, प्रोडक्शन मैनेजर सरान्यू थेडसर्न शामिल थे। यह जानकारी मत्स्य निदेशालय के मुख्य अनुदेशक प्रशांत कुमार दीपक ने दी।

## चार दिवसीय झारखंड दौरे पर पहुंचे त्रिपुरा के मत्स्य पालक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** त्रिपुरा के मत्स्यपालकों का नौ सदस्यीय दल चार दिनों के झारखंड दौरे पर शनिवार को रांची पहुंचे। इस क्रम में मत्स्यपालकों के दल ने शनिवार को मत्स्य किसान प्रशिक्षण केन्द्र, रांची में भ्रमण किया तथा मत्स्य पालन की विभिन्न योजनाओं एवं गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। यहां के तालाबों में हो रहे मछलीपालन, केज में मछलीपालन, आरएएस, बायोफ्लाक, झींगा पालन, मोती पालन, समन्वित मछलीपालन पर चर्चा की। सुबह-सुबह हाइजेनिक फिश मार्केट तथा फिश फीड मील के साथ मत्स्य किसान प्रशिक्षण के मॉडलों का अवलोकन किया। टीम का नेतृत्व विश्वा देववर्मा, एरिया मैनेजर, सेंटर फॉर माइक्रोफाइनेंस और लाइवलीहुड (टाटा ट्रस्ट की पहल) ने किया। साथ में टाटा ट्रस्ट, मुम्बई के नीरज कुमार वर्मा, कंसल्टेंट-सह- सलाहकार भी उपस्थित थे। यह जानकारी मत्स्य निदेशालय के मुख्य अनुदेशक प्रशांत कुमार दीपक ने दी।



# संविधान बड़े सपने देखने और साकार करने की देता है स्वतंत्रता : संजय सेठ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** संविधान दिवस के 75वें वर्ष पूरे होने पर शनिवार को सांसद कार्यालय में संविधान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर देश के रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा संविधान हमें बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने की स्वतंत्रता देता है। संविधान हमें लोकतांत्रिक आदर्श नागरिक अधिकार और कर्तव्यों के प्रति जागरूकता करने का काम करता है। परंतु आज कुछ राजनीतिक पार्टियों हाथ में डायरी लेकर चमकाते हैं, जो ठीक नहीं है। हम आज संविधान के बदौलत हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं आज तथा, कथित, कुछ पार्टियों संविधान की दुहाई देने वाले आज संविधान की धज्जियां उड़ा रहे हैं। अपने वोट बैंक के खातिर अपने हिसाब से संविधान को बदला जिसका जीता जागता उदाहरण देश में लगाए आपातकाल है आज वह संविधान की दुहाई दे रहे हैं। आज भारत इस संविधान के ग्रंथ के माध्यम से देश आगे बढ़ रहा है संविधान हमें हमारे अधिकार और कर्तव्यों के बीच संतुलन बनाने और सभी नागरिकों के लिए समानता और न्याय सुनिश्चित करने की प्रेरणा देता है।



बैजनाथ मिश्र ने कहा हमारा संविधान संवैधानिक मूल्यों और कर्तव्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने का काम करता है। भारत की प्रगति, प्रगतिशीलता और समावेशी समाज बनाने की प्रतिबद्धता की याद दिलाता है। राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने और विविधता में एकता के विचार को मजबूत करता है। रांची के विधायक सी पी सिंह ने आए सभी लोगों को शपथ दिलायी। आज के इस अवसर पर पूर्व राज्यसभा सांसद अजय मारू रांची के विधायक सी पी सिंह, हटिया के विधायक नवीन जायसवाल, पूर्व डिप्टी मेयर संजीव विजय वर्गीय, कांके के पूर्व विधायक डॉ जीतू चरण राम, मांडर के भाजपा के प्रत्याशी रहे सन्नी टोप्पो, महानगर के महामंत्री बलराम सिंह सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# औद्योगिकीकरण और शहरीकरण ने विकास को दी नयी दिशा : डॉ शांडिल्य

● डीएसपीएमयू में आयोजित मध्य-पूर्वी भारत में लैंगिकता एवं सीमान्तीकरण विषयक मध्य-पूर्वी क्षेत्रीय सम्मेलन संपन्न

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** डीएसपीएमयू में आयोजित मध्य-पूर्वी भारत में लैंगिकता एवं सीमान्तीकरण : झारखण्ड, छत्तीसगढ़ एवं बिहार के अनुभव विषयक द्विदिवसीय मध्य-पूर्वी क्षेत्रीय सम्मेलन का समापन हो गया। इसका आयोजन डीएसपीएमयू, भारतीय महिला अध्ययन संघ (आईएडब्ल्यूएस) और गुरु नानक कालेज, धनबाद के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। सम्मेलन में देश-विदेश से शोधार्थी, विद्वान, शिक्षाविद एवं समाजसेवी सम्मिलित हुए।

समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए डीएसपीएमयू के वीसी प्रो (डॉ) तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि औद्योगिकीकरण और शहरीकरण ने विकास को नई दिशा दी है। परंतु इसके कारण विस्थापन और हाशियाकरण की समस्याएं भी उभरकर आई हैं। उन्होंने कहा कि विकास का ऐसा मॉडल जो स्थानीय समुदायों को विस्थापित करे स्थायी नहीं हो सकता। हमें इस पक्ष पर विचार करते हुए ऐसी नीतियों पर जोर देना होगा जो सर्वांगीण और समावेशी विकास पर बल दे।

उन्होंने कहा कि विकास की प्रक्रिया में स्थानीय समुदायों की संस्कृति और पर्यावरण का संरक्षण अनिवार्य है।

उन्होंने आगे कहा कि आदिवासी समुदाय केवल विस्थापन का दंश नहीं झेलते, बल्कि उनकी सांस्कृतिक जड़ों पर भी गहरा आघात होता है। लैंगिक और जनजातीय असमानताओं को दूर करने के लिए एक समग्र दृष्टिकोण अपनाना आवश्यक है जिसमें उनकी पारंपरिक भूमिका और आधुनिक जरूरतों का संतुलन हो।



**आदिवासियों की समस्याओं को समझे बिना उनका उचित समाधान संभव नहीं**

वहीं, मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद एसकेएमयू दुमका के वीसी डॉ बिमल प्रसाद सिंह ने कहा कि आदिवासी और ग्रामीण समुदायों की समस्याओं को समझे बिना उनका उचित समाधान संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि विस्थापन या प्रवासन का बालकों के विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उनके स्वास्थ्य पर समुचित ध्यान नहीं दिए जाने से अनेक सामाजिक और आर्थिक समस्यायें उत्पन्न होती हैं। उन्होंने कहा कि हाशिये पर स्थित समुदायों के प्रति प्रणालीगत हिंसा और भेदभाव को समाप्त करने के लिए प्रशासनिक और सामाजिक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाए जाने चाहिए।

**प्रवासी परिवारों के बच्चों में बढ़ रही है स्कूल छोड़ने की प्रवृत्ति**

विशिष्ट अतिथि और डिप्टी डायरेक्टर हायर एजुकेशन डॉ विभा पाण्डेय ने स्वास्थ्य और शिक्षा में असमानताओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं और शिक्षा में क्षेत्रीय और लैंगिक असमानताएं हाशिये पर स्थित समुदायों के विकास को बाधित करती हैं। डॉ पाण्डेय ने विस्थापन के प्रभावों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रवासी परिवारों के बच्चों में स्कूल छोड़ने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। उन्होंने सुझाव दिया कि प्रवासियों के लिए पोर्टेबल शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं का प्रावधान किया जाना चाहिए। महिलाओं और जनजातीय समुदायों के प्रति हिंसा की चर्चा करते हुए डॉ विभा पाण्डेय ने कहा कि इन्हें केवल कानूनी उपायों से नहीं, बल्कि सामाजिक मानसिकता बदलकर समाप्त किया जा सकता है।

विवि की रजिस्ट्रार डॉ नमिता सिंह ने कहा कि यह आयोजन लैंगिक असमानता और सीमान्तीकरण जैसी समस्याओं के समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि औद्योगिकीकरण और शहरीकरण के वर्तमान परिदृश्य में हाशिये पर स्थित समुदायों के अधिकारों और उनके जीवन स्तर में सुधार लाना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। आईएडब्ल्यूएस की अध्यक्ष डॉ कल्पना करूणाकरण ने लैंगिकता और जनजातीयता के अंतसंबंधों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि लैंगिक और जनजातीय पहचान को समझने और उन्हें सशक्त बनाने के लिए समग्र दृष्टिकोण अपनाना आवश्यक है। आईएडब्ल्यूएस की महासचिव डॉ माया जॉन ने सम्मेलन में प्रस्तुत शोध पत्रों की गुणवत्ता और उनके विषयगत योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि शोध कार्य समाज में व्याप्त समस्याओं को उजागर करने और उनके समाधान के उपाय सुझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। समारोह का मंच संचालन डॉ शुचि संतोष बरवार और धन्यवाद ज्ञापन सम्मेलन की क्षेत्रीय समन्वयक शमा सोनाली ने किया। यह सम्मेलन मध्य-पूर्वी भारत के झारखण्ड, छत्तीसगढ़ और बिहार जैसे राज्यों में व्याप्त लैंगिक असमानताओं और सीमान्तीकरण की समस्याओं को उजागर करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास था। इसने समाज में हाशिये पर स्थित समुदायों की समस्याओं को समझने और उनके समाधान के लिए प्रभावी रणनीतियां विकसित करने में योगदान दिया। सम्मेलन में 50 से अधिक शोध पत्रों का वाचन हुआ, जो विभिन्न विषयों पर केंद्रित थे। इन शोध पत्रों ने न केवल अकादमिक दृष्टिकोण प्रस्तुत किया, बल्कि समस्याओं के व्यावहारिक समाधान भी सुझाए।

## डॉलर प्रोटेक्ट ने पुरुषों और महिलाओं के लिए स्टाइलिश विंटर वियर विंडगार्ड लांच किया

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** भारत के होजरी और गारमेंट उद्योग में अग्रणी डॉलर इंडस्ट्रीज लिमिटेड अपने डॉलर प्रोटेक्ट ब्रांड के तहत विंडगार्ड रेंज के लॉन्च के साथ अपने उत्पाद रेंज का विस्तार किया। विंडगार्ड कलेक्शन में पुरुषों और महिलाओं, दोनों के लिए डिजाइन किए गए सर्दियों के लिए तैयार विंडचीटर की एक बहुमुखी रेंज है, जो ठंडी हवाओं और हल्की सर्दियों की बारिश से बेहतर सुरक्षा प्रदान करते हैं।

विंडगार्ड कलेक्शन को उन लोगों के लिए डिजाइन किया गया है जो चलते-फिरते रहते हैं। नया कलेक्शन क्रश टीपीयू, बटर एनएस, माइक्रो पीए, माइक्रो टीपीयू, सैंडविच आदि जैसी सामग्रियों का उपयोग करके बनाया गया है जो एक चिकना और आधुनिक लुक बनाए रखते हुए स्थायित्व, लचीलापन और इष्टतम थर्मल विनियमन सुनिश्चित करते हैं।

डॉलर इंडस्ट्रीज लिमिटेड के प्रबंध निदेशक बिनोद कुमार गुप्ता ने कहा कि हम हमेशा अपने ग्राहकों को ऐसे उत्पाद प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध रहे हैं जो कार्यक्षमता और फैशन दोनों को मिलाते हैं। जैसे-जैसे सर्दियां आ रही हैं, ऐसे बाहरी कपड़ों की मांग बढ़ रही है जो न केवल आरामदायक और गर्म हों बल्कि स्टाइलिश भी हों।

विंडगार्ड संग्रह 699 रुपये की शुरूआती कीमत पर उपलब्ध है और अब यह भारत भर में चुनिंदा खुदरा दुकानों, कंपनी के आधिकारिक ईकॉमर्स प्लेटफॉर्म और साथ ही अन्य प्रमुख ईकॉमर्स प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है।

## बीआईटी मेसरा की 13वीं फेकल्टी कप लीग का शुभारंभ

**पहले दिन मुस्तफी, पॉलिटेक्निक और कंप्यूटर किंग्स की शानदार जीत**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** 13वीं फेकल्टी कप लीग का शनिवार को शुभारंभ हो गया। लीग का पहला मुकाबला कम्प्यूटर सुपर किंग और रॉयल एडमिन के बीच खेला गया। इस मैच का शुभारंभ बीआईटी मेसरा के कुलपति प्रोफेसर इंद्रनील मन्ना ने बल्लेबाजी कर किया। इस अवसर पर गेंदबाजी का दायित्व डॉ अशोक शरण और डॉ भास्कर करण ने निभाया।

इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर मन्ना ने प्रतियोगिता में शामिल सभी खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि इस प्रतियोगिता में शामिल होना ही ऊर्जावान और स्वस्थ होने का परिचय है। उन्होंने सभी शामिल खिलाड़ियों को बधाई दी।

लीग के पहले दिन कंप्यूटर सुपर किंग्स और रॉयल एडमिन के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। रॉयल एडमिन के अरविंद ने 32 रनों की बेहतर पारी खेली। उनका साथ मनोज गिरी ने अपनी कलात्मक बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए नाबाद 30 रन बनाए। रॉयल के 75 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए कम्प्यूटर किंग्स मुस्तफी और श्रीधर ने टीम को बेहतरीन शुरूआत दी। मुस्तफी ने 17 रनों की पारी खेली। जितेंद्र पांडे ने अपनी शानदार गेंदबाजी के साथ ही बल्लेबाजी करते हुए 17 रनों की पारी खेल टीम को 5 विकेट से जीत दिलायी। जितेंद्र पांडे को प्रथम मैच का मैन ऑफ द मैच प्रदान किया गया। दूसरे मुकाबले में पोलटेक्निक की टीम ने मेकेनिकल की टीम को बहुत आसानी से 35 रनों से हराया। पोलिटेक्निक की टीम के कप्तान चंचल मिश्र ने अपने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए नाबाद 48 रन बनाए उन्हें मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया गया। वहीं, तीसरा और अंतिम मैच सीएसके और ईबीएस के बीच खेला गया। इसमें इबीएस की टीम ने 90 रनों के लक्ष्य कंप्यूटर किंग्स को दिया, जिसमें कप्तान कार्तिक महतो ने 28 और दुर्गा ने 32 रनों की पारी खेली। जवाब में कुमार रजनीश और कंप्यूटर किंग्स के कप्तान श्रीधर पटनायक ने 41 और 38 रनों की शानदार पारी खेल कर 9 रनों की बड़ी जीत हासिल की। बेहतरीन खेल के लिए कप्यूटर किंग्स के डॉक्टर कुमार रजनीश को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

## संघर्ष के लिए संगठन का मजबूत होना जरूरी : महेश्वर साहू

● झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की केंद्रीय कमेटी घोषित, 8 दिसंबर को होगा शपथ ग्रहण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की 70 सदस्यीय केंद्रीय कमेटी की शनिवार को घोषणा कर दी गयी। यह जानकारी केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहू ने प्रेस कांफ्रेंस में दी। उन्होंने कहा कि स्थापना दिवस सह कार्यकर्ता सम्मेलन के बाद केंद्रीय कमेटी का पुनर्गठन किया जा रहा है, ताकि नये, सक्रिय एवं समर्पित सदस्यों को आगे बढ़ाया जा सके। 75 सदस्यीय केन्द्रीय समिति में पांच विभिन्न पद रिक्त भी रखे गये हैं। जबकि जिलाध्यक्षों एवं प्रकोष्ठ संगठनों की घोषणा 7 दिसंबर को की जायेगी। महेश्वर साहू ने कहा कि किसी भी लड़ाई को लड़ने के लिए संगठन का मजबूत होना जरूरी है। जिन्हें केंद्रीय समिति में शामिल किया गया है, वे समाज के लिए चिंता करने वाले लोग हैं। कई लोग झारखंड आंदोलनकारी भी हैं। अब वैश्यों के हक-अधिकार, रोजगार और सम्मान की लड़ाई को तेज किया जाएगा। श्री साहू ने कहा कि अभी-अभी झारखंड में नई सरकार का गठन किया गया है और हेमंत सोरेन फिर एक बार मुख्यमंत्री बने हैं। वैश्य मोर्चा उनको बधाई देता है और उम्मीद करता है कि वे बेहतर काम करेंगे। वैश्य मोर्चा का एक प्रतिनिधिमंडल जल्द ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिल कर चुनाव में किये गये वायदे को पूरा करने के लिए सकारात्मक पहल करने का आग्रह करेगा। जारी सूची के अनुसार केंद्रीय अध्यक्ष- महेश्वर साहू (भुरकुंडा), कार्यकारी अध्यक्ष- रेखा मंडल (धनबाद), हीरानाथ साहू (कांके) एवं मोहन साव (गोमिया), वरीय उपाध्यक्ष- रामसेवक प्रसाद अधिवक्ता (बरकट्ठा), अश्विनी साहू (अरगोड़ा), संजीव चौधरी (रांची), सुरेश साहू (ओरमांझी), ढलन साव (बड़कागांव), डॉ माधवचंद्र मंडल (गोविंदपुर), हरेलाल मंडल (जमशेदपुर), अनंतलाल विश्वकर्मा (चाईबासा), केंद्रीय उपाध्यक्ष- योगेन्द्र प्रसाद (अधिवक्ता, हाइकोर्ट), प्रमोद चौधरी (देवघर), लक्ष्मण साहू (ओरमांझी), परशुराम प्रसाद (अधिवक्ता, रांची), प्रेमशंकर भगत (चंदवा), सहदेव चौधरी (अधिवक्ता, हाइकोर्ट), दिनेश्वर साहू (मांडू), प्रधान महासचिव- इंदु भूषण गुप्ता (रांची), उप-प्रधान महासचिव सह प्रवक्ता- उपेन्द्र प्रसाद (बिजूपाड़ा), अशोक गुप्ता (ओरमांझी) केंद्रीय महासचिव- आदित्य नारायण प्रसाद (पतरातू), कपिल प्रसाद साहू (रांची), दिनेश्वर मंडल (गोमिया), नंदलाल साहू (जमशेदपुर), बद्री भगत (महगामा), दिलीप प्रसाद (धुर्वा), शत्रुघ्न मंडल (बगोदर), विष्णु मंडल (घोरमारा), कंचन साहू (गढ़वा), रामाशंकर राजन (हेसालौंग), केंद्रीय संगठन महासचिव- कृष्णा प्रसाद साहू (कांके), रोहित शारदा (रांची), अनिल वैश्य (पंडरा), केंद्रीय सचिव- गुड्डू साहा (पंडरा), शिवनंदन प्रसाद (अरगोड़ा), राजीव कुमार (सिमरिया), ध्रुव साह (देवघर), रामेश्वर मंडल (कथारा), रमेश प्रसाद साहु (सौंदा बस्ती), सुमन जायसवाल (सोनाहातू), केंद्रीय संगठन सचिव- लखन अग्रवाल (गोला), राजेश्वर साव (गोमिया), राजेन्द्र साहु (टंडवा), जगदीश साहु (लोहरदगा), राजाराम प्रसाद (बलकुदरा), अरुण कु। गुप्ता (पंडरा), आर।डी। साहु (ललपनिया), उपेन्द्र गुप्ता (भदानीनगर), जयकांत मंडल (सोनारायठाड़ी), लगनू साहु (बुढ़मू), कोषाध्यक्ष- राजेन्द्र प्रसाद साहु (बुकरू), मीडिया प्रभारी- राहुल कुमार साहु (कांके) और कार्यकारणी सदस्य- डॉ अरविंद कुमार (कांके), महाबीर साहु (बुड़मू ), नरेश साहु (सुकुरहुप्तू), प्रमोद गुप्ता (रामगढ़), हलधर साहु (कांके), भुनेश्वर साव (भुरकुंडा), नम्रता सोनी (रांची), पूनम जायसवाल (रांची), मीनू कुमारी (पोचरा), दीपारानी कुंज (धुर्वा), मुकेशलाल सिंदूरिया (भुरकुंडा), युवराज कुमार (अरगोड़ा), हृदय प्रसाद साहू (कांके), नीलम देवी (देवघर), संजय कुमार साहू (ओरमांझी) एवं उदय गुप्ता (लोहरदगा) को बनाया गया है। इन सभी पदाधिकारियों का 8 दिसंबर को रांची में शपथ ग्रहण कराया जायेगा।

**खबर एक नजर में**

### आदित्य प्रकाश जालान टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन



**रांची।** आदित्य प्रकाश जालान टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में शनिवार को बी.एड. सत्र 2023-25 प्रथम वर्ष के प्रशिक्षुओं के अभिभावकों के साथ शिक्षकों की सौहार्दपूर्ण वातावरण में संगोष्ठी संपन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. रामकेश पाण्डेय के द्वारा की गयी। कार्यक्रम का प्रस्तावना वागीश दुबे द्वारा देते हुए कहा गया कि अभिभावक शिक्षकों का एक-दूसरे के साथ आपसी सामंजस्य स्थापित करके प्रशिक्षुओं का उत्तरोत्तर विकास किया जा सकता है। अध्यक्षीय अभिभाषण में डॉ. रामकेश पाण्डेय ने बताया कि श्रृजन के लिए धैर्य, लगन और परिश्रम की जरूरत होती है, रातों-रात चमत्कार हो सकता है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. हरीश पाण्डेय ने किया। आगंतुक अभिभावकों ने महाविद्यालय के हितों के लिए अपने महत्वपूर्ण सुझाव लिखित रूप में दिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय परिवार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### हरमू रोड श्री श्याम मंदिर में 135वां श्रीश्याम भण्डारा का किया गया भव्य आयोजन



**रांची।** श्री श्याम मित्र मण्डल द्वारा शनिवार को हरमू रोड के श्रीश्याम मंदिर में 135वां श्रीश्याम भण्डारा का भव्य आयोजन किया गया। श्रीश्याम मित्र मण्डल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया के नेतृत्व में भक्तजनों ने श्रीश्याम प्रभु के लोकप्रिय भोग भजन आवो-आवो भोग लगावो बाबा श्याम जी.. रुच-रुच भोग लगावो बाबा श्याम जी..... का गायन किया। भोग लगे प्रसाद को पोद्दार परिवार ने विशाल भण्डारे में मिश्रित करके रांची गौशाला की गाय माता के लिए अलग से प्रसाद की पूजा-अर्चना करके मंदिर के आचार्यों को प्रसाद खिलाकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद भक्तजनों के बीच भण्डारा वितरण प्रारम्भ किया गया। लगभग 3000 से ज्यादा भक्तों ने भण्डारे का प्रसाद प्राप्त किया। मौके पर सुरेश सरावगी, विश्वनाथ नारसरिया, पंकज पोद्दार, रमा पोद्दार, अजय मारू, ऋषभ पोद्दार, श्रवण ढांढनियां, प्रदीप राजगढ़िया, श्यामसुंदर शर्मा, अनिल नारनोली, रतन शर्मा, अमित सरावगी, अनुज मोदी, मनोहर केडिया, अभिषेक सरावगी, आशीष डालमिया, राजीव मित्तल, रमा सरावगी, वेदभूषण जैन पप्पू, मनीष वर्मा, अंकित सिंह, हर्ष कुमार, मनोज खेतावत, उपेन्द्र पाण्डेय, झूलन भुण्डा, नकुल मुण्डा सहित 75 से ज्यादा भक्तों ने श्रीश्याम भण्डारा वितरण में सहयोग किया।

### एड्स बीमारी के खिलाफ जागरूकता रैली निकाली




**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज की एनएसएस यूनिट ने झारखंड राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी के सहयोग से विश्व एड्स दिवस की पूर्व संध्या पर शनिवार को एड्स बीमारी के खिलाफ जागरूकता फैलाने के लिए जागरूकता रैली का आयोजन किया। एनएसएस स्वंयसेवकों ने सदर अस्पताल से शुरू होकर मिशन चौक तक कैंडल मार्च निकाल कर लोगों को जागरूक किया। रैली में झारखंड राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी के वरीय पदाधिकारीगण, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ अनिर्बान गुप्ता, सोसाइटी के नर्सिंग स्टाफ और छात्र प्रतिनिधि सिदरा, रिमशाह और आकाश और अन्य स्वयंसेवक भी उपस्थित थे।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल में शतरंज चैंपियनशिप संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल में चल रहे शंतरंज चैंपियनशिप का समापन शनिवार को हुआ। रांची सहोदय स्कूल कॉम्प्लेक्स द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में 18 स्कूलों के 183 छात्रों ने भाग लिया। प्रतियोगिता चार श्रेणियों- अंडर 11, अंडर 14, अंडर 17 और अंडर 19 में आयोजित की गई थी। परिणामों की घोषणा के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। अंडर-11 (बॉय) वर्ग में ब्रिजफोर्ड स्कूल के उजन मंडल ने पहला स्थान, कैराली स्कूल के श्रेयांश राज ने दूसरा स्थान और कैराली स्कूल के विवान वैदिक ने तीसरा स्थान हासिल किया। अंडर-14 (बॉय) वर्ग में लोयोला कॉन्वेंट स्कूल के जाकी शाद ने पहला स्थान, शारदा ग्लोबल स्कूल के शान जरांग बोरो ने दूसरा स्थान और डीएवी पब्लिक स्कूल गांधी नगर के अपूर्व सिंह ने तीसरा स्थान हासिल किया। अंडर-17 (बॉय) वर्ग में शारदा ग्लोबल स्कूल के अक्षर कुमार मिश्रा ने पहला स्थान, जवाहर विद्या मंदिर श्यामली के तेजस राज ने दूसरा स्थान और जवाहर विद्या मंदिर श्यामली के आदित्य कुमार झा ने तीसरा स्थान हासिल किया। अंडर-19 (बॉय) वर्ग में एसआर डीएवी पब्लिक स्कूल के पीयूष छेत्री ने पहला स्थान, मनन विद्या के ध्रुव कुमार मुंडा ने दूसरा स्थान और एसआर डीएवी पब्लिक स्कूल के कुमार शाश्वत ने तीसरा स्थान हासिल किया। अंडर-11 (गर्ल) वर्ग में चिरंजीवी कॉन्सेप्ट स्कूल की दामिनी तिर्की ने पहला स्थान, विद्या विकास पब्लिक स्कूल की यामिनी याशिर ने दूसरा स्थान और विद्या विकास पब्लिक स्कूल की कविका राज ने तीसरा स्थान हासिल किया। अंडर-14 (गर्ल) वर्ग में डीएवी पब्लिक स्कूल गांधीनगर की श्रेया सुमन ने पहला स्थान, डीएवी पब्लिक स्कूल गांधीनगर की अन्विता दास ने दूसरा स्थान और जवाहर विद्या मंदिर की यशिका प्रेरणा दादेल ने तीसरा स्थान हासिल किया। अंडर-17 (गर्ल) वर्ग में डीएवी पब्लिक स्कूल गांधीनगर की मानशी सिंह ने प्रथम स्थान, लोयोला कॉन्वेंट स्कूल की अनन्या चौरसिया ने दूसरा स्थान तथा सुरेन्द्रनाथ सेंटेनरी स्कूल की सान्या सिंह ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्राचार्या परमजीत कौर ने विजेता टीमों को बधाई दी। इस कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय और ऑल झारखंड शतरंज एसोसिएशन के संयुक्त सचिव दीपक कुमार उपस्थित थे।

### झारखंड पुलिस मुख्यालय ने 170 आर्मर पुलिसकर्मियों की अंतिम वरीयता सूची जारी की

**रांची।** झारखंड पुलिस मुख्यालय ने 170 आर्मर पुलिसकर्मियों की अंतिम वरीयता सूची जारी की है। डीजीपी कार्यालय से जारी आदेश के मुताबिक, जिन पुलिसकर्मियों की वरीयता सूची जारी की गयी है, उसमें 127 हवलदार, 38 जमादार और पांच सूबेदार शामिल हैं। गौरतलब है कि 29 अगस्त को विभिन्न जिला, वाहिनी व इकाई के आर्मर पदाधिकारियों से प्राप्त आपत्ति आवेदन के निराकरण के लिए वरीयता आपत्ति निराकरण समिति की बैठक हुई थी। इस बैठक में लिये गये निर्णय के बाद वरीयता सूची जारी की गयी।

### सीआइटी में एक्सपर्ट टॉक का आयोजन



**रांची।** कैंब्रिज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में रिसर्च एथिक्स-एन इनोवेटिव पर्सपेक्टिव विषय पर शनिवार को एक दिवसीय एक्सपर्ट टॉक का आयोजन हुआ। रिसोर्स पर्सन के रूप में एनआईटी जमशेदपुर के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के व्याख्याता डॉ सतीश कुमार ने सत्र को संबोधित किया। डॉ कुमार ने रिसर्च कार्य में ईमानदारी, मौलिकता और नैतिक सिद्धांतों के पालन के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि शोध कार्य में विश्वसनीयता के लिए जिम्मेदार डेटा हैंडलिंग और साहित्यिक चोरी से बचें। उन्होंने नैतिक मानकों को बनाए रखते हुए रिसर्च में इनोवेशन को बढ़ावा देने के व्यावहारिक रणनीतियों को भी साझा किया। कार्यक्रम को प्राचार्य डॉ एल रंगनाथन ने भी संबोधित किया। बताते चलें कि सत्र का आयोजन संस्थान के इनोवेशन एंड स्टार्टअप सेल के तत्वावधान में आयोजित किया गया। मौके पर ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग के निदेशक डॉ ए भट्टाचार्य, आईआईसी के प्रेसिडेंट प्रो. दीपक कुमार वर्मा, कन्वेनर प्रो. विनीत कुमार, डीन (आईक्यूएसी) डॉ नवीन कुमार सिन्हा, डॉ डीके सिंह आदि मुख्य रूप से मौजूद थे। कार्यक्रम में सभी संकाय के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन टेक्निकल इंग्लिश विभाग की सहायक प्रोफेसर और आईआईसी की सदस्य प्रो. रिया सिंह ने किया।

## विद्यापति स्मृति पर्व समारोह के लिए मुख्यमंत्री को दिया 'आमंत्रण'

### झारखण्ड मैथिली मंच का त्रिदिवसीय विद्यापति स्मृति पर्व समारोह का आयोजन 20 से 22 दिसंबर तक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

● झारखण्ड मैथिली मंच की बैठक में विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट योगदान के लिए सम्मान पुरस्कार प्रदान करने का लिया गया निर्णय



**रांची।** झारखण्ड मैथिली मंच के शिष्टमंडल ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर आगामी 20, 21 एवं 22 दिसम्बर को रांची में होने वाले त्रिदिवसीय विद्यापति स्मृति पर्व समारोह के उद्घाटन हेतु आमंत्रण देते हुए राज्य में एतिहासिक जीत के लिये अप्रवासी मैथिलों की ओर से आह्लादित बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्हें इंद्रानारायण झा द्वारा लिखित मैथिली पुस्तक 'मिथिला दर्शन' भेंट की एवं मिथिला के पारंपरिक परिधान पाग एवं दोपटा से उनका अभिनंदन किया। मुलाकात करने वालों में बिनय कुमार झा, जयंत झा, भारतेंदु झा, ब्रज किशोर झा शामिल थे। साथ ही, विद्यपति दलान पर आयोजन की तैयारी की प्रगति की समीक्षा बैठक विनय कुमार झा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष विचार-विमर्श किया गया। रूपा देवी विदेह साहित्य सम्मान पुरस्कार के लिए विद्वान साहित्यकार द्वारा चयनित लब्ध प्रतिष्ठित कथाकार डाक्टर अशोक को प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। इस वर्ष का कार्यक्रम रजत जयंती वर्ष को समर्पित करते हुए अनेकों क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए कई तरह के सम्मान पुरस्कार प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। जिसमें रूपा देवी विदेह साहित्य सम्मान पुरस्कार 35,000 रुपये नगद राशि एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित करना, दो छात्र/छात्राओं को 7500 रु. की राशि एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित करना, रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में समाज में उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए 25 विभूतियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित करना शामिल है। समारोह में पुस्तक प्रदर्शनी, मिथिला पेंटिंग सहित अनेकों तरह के विविध उपयोगी एवं आकर्षक स्टॉल लगाए जाएंगे। बहिना प्रकोष्ठ की देखरेख में मिथिला खान-पान से संबंधित विभिन्न प्रकार के ब्यंजन उचित मूल्य पर उपलब्ध होंगे। पहले दिन बाबा विद्यापति दलान पर मंच के भवन में साहित्यिक विचार गोष्ठी, कवि सम्मेलन एवं नयी पुस्तकों का विमोचन भी आयोजित किया गया है। दूसरे एवं तीसरे दिन हरमू मैदान में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। जिसमें विद्यापति गीत, शास्त्रीय संगीत, लोक गीत, पारंपरिक नृत्य, लघु नाटिका एवं अनेकों विधा के आकर्षक कार्यक्रम होंगे।

इस अवसर पर मैथिली नव वर्ष के पंचांग सह कैलेन्डर का लोकार्पण होगा, साथ ही एक स्मारिका का विमोचन भी होगा। उक्त सभी कार्यक्रम के विषय में विस्तृत चर्चा कर प्रगति की समीक्षा की गई। अंत में महासचिव जयन्त कुमार झा के पिता पं. रामेश्वर झा के निधन पर उनकी आत्मा की शांति के लिए मौन रहकर शोक व्यक्त कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। धन्यवाद ज्ञापन के बाद बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में अध्यक्ष विनय कुमार झा, महासचिव जयन्त कुमार झा, कोषाध्यक्ष संतोष कुमार मिश्र, प्रेम चन्द्र झा, भारतेन्दु कुमार झा, बदरी नाथ झा, सुकुमार नाथ झा, राज कुमार मिश्र, ब्रज कुमार झा, संतोष कुमार झा, नरेश झा, सतीश कुमार मिश्र, अभय कुमार झा राजू, ब्रज किशोर झा आदि उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## प्रखंड कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ अध्यक्ष का निधन



**इटकी।** विधायक प्रतिनिधि सह प्रखंड कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ अध्यक्ष इटकी बनिया टोली निवासी बलराम गोप का शनिवार को इलाज के दौरान रिम्स में निधन हो गया। चेस्ट में दर्द व घबराहट होने पर उन्हें रिम्स में भर्ती कराया गया था जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी। बलराम गोप के निधन से इटकी प्रखंड क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी है। उनके निधन पर मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की व प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा उनका जाना हमलोगों के लिए अपूरणीय क्षति है। निधन पर पूर्व जिप सदस्य लाल रामेश्वर नाथ शाहदेव, पेंशनर समाज के बिनोद कुमार सिन्हा, कांग्रेस नेता सैयद अफसर शाह, पूर्व जिप सदस्य मसूद आलम, राजद प्रदेश सचिव अजीत केशरी, आजसू जिला सचिव मुर्तजा आलम, उप प्रमुख परवेज राजा, प्रदेश युवा कांग्रेस कोऑर्डिनेटर आरिफ रजा, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रमेश महली, अबरार इमाम, राजकुमार तिर्की व कामेश बर्मन सहित अन्य ने शोक व्यक्त किया है।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**बुंडू।** रांची-टाटा रोड पर बुंडू फ़्लाइओवर में एक अज्ञात कार की चपेट में आने से घटनास्थल पर ही एक युवक की मौत हो गई । घटना शनिवार दोपहर लगभग बारह बजे की है । मृतक विरेंद्र मुंडा बुंडू के टांगरटोली का निवासी था । प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विरेंद्र मुंडा डाबरादा तलाब के पास ही कार की चपेट में आ गया था । कार से धक्का लगने के बाद भी वह वोनट पर लटक गया था । यदि कार वहीं रुक जाती तो वह बच सकता था । लेकिन रोकने के बजाय कार चालक कार को और तेजी से रांची की ओर भगा ले गया । लगभग एक किलोमीटर तक विरेंद्र मुंडा वोनट से लटककर स्वयं को बचाने का प्रयास करता रहा, लेकिन बुंडू फ़्लाइओवर में उसका हाथ छूट गया और वह गिरकर कार के नीचे आ गया । कार विरेंद्र को कुचलता हुआ रांची की ओर फरार हो गया । मौके पर बुंडू पुलिस पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर कानुनी कारवाई में लग गई है।

## चान्हो : दो बाइक की भिड़ंत में तीन घायल

**चान्हो।** रांची-मेदनीनागर मुख्य पथ स्थित पकरयो के समीप शनिवार अपराह्न एक बजे हुए दो बाइक के बीच हुई टक्कर में तीन युवक घायल हो गए। घायलों में मांडर थाना क्षेत्र के जाहेर बरगड़ी निवासी बजरंग उरांव, 19 वर्ष, राजू उरांव 22 वर्ष तथा चान्हो के पतरातु पुरबटोली निवासी राजकुमार उरांव 19 वर्ष शामिल है। गंभीर रूप से घायल बजरंग उरांव को प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रेफर किया गया है। बताया जाता है कि बजरंग उरांव अपने किसी दोस्त के घर पतरातु पूरबटोली गए थे। वही से तीनो दोस्त पल्सर बाइक से मांडर की ओर लौट रहे थे कि पकरियों के निकट असंतुलित होकर हादसे का शिकार हो गए। इधर सूचना मिलने पर चान्हो पुलिस घायलों को लेकर अस्पताल पहुंची थी।

## ऑक्सब्रिज स्कूल में वुशु प्रतियोगिता



**मांडर।** ऑक्सब्रिज स्कूल में शनिवार को 20वां राज्य स्तरीय वुशु प्रतियोगिता में पदक विजेता विद्यार्थियों को मिस इवोन एंवेजलिन एक्का एवं कराटे प्रशिक्षक के द्वारा को सम्मानित किया गया। यह प्रतियोगिता 23 एवं 24 नवम्बर 2024 को सिल्ली में रांची वुशु संगठन द्वारा आयोजित किया गया था। जिसमें ऑक्सब्रिज स्कूल मांडर के विद्यार्थी कोमल सिंह ने सिल्वर और अनिशा तिग्गा ब्रोंज पदक प्राप्त किए।

# हत्यारे की गिरफ्तारी को लेकर ग्रामीणों ने एनएच 75 किया जाम

विरोध प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता




**मांडर।** मांडर थाना क्षेत्र के बिसाहा खटंगा निवासी 56 वर्षीय जन सेवक एरेनियुस टोप्पो की शुक्रवार की सुबह अज्ञात लोगों द्वारा रड से मार कर हत्या कर दी गई थी जिसके आश्रीतो की मुआवजा और हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर ग्रामीणों ने शनिवार को मांडर थाना गेट मे एनएच 75 को लगभग डेढ़ घंटे तक जाम जाम कर दिया। एरेनियुस टोप्पो के शव पोस्टमार्टम से आने के पश्चात पूर्वाहन करीब 11 बजे ही सौकड़ो महिला पुरुष सड़क पर उतर आये थे। और आक्रोशित होकर अपने अपने हाथ में तख्ती लिए विभिन्न मांगों के साथ हमें सुरक्षा दें, हत्यारों को जल्द गिरफ्तार करो , मृतक के आश्रित को 50 लाख का मुआवजा व नौकरी दो जैसे मांगो के साथ वार्ता के लिए जाम स्थल पर जिला से किसी वरीय पदाधिकारी को बुलाने की मांग कर रहे थे। तभी स्थानीय प्रशासन अपना सूझबूझ दिखाते हुए मांडर बीडीओ मनोरंजन कुमार की अगुवाई मे सर्किल इंस्पेक्टर एस बी चौधरी, मांडर थाना प्रभारी राहुल, रातू के थाना प्रभारी रामनारायण सिंह व स्थानीय जनप्रतिनिधियों के काफी समझाने व ग्रामीणों की ओर से 7 सूत्री मांग पत्र सौंपे जाने के साढ़े बारह बजे जाम समाप्त हुआ। जाम के कारण सड़क पर दोनों ओर करीब डेढ़ किलोमीटर तक वाहनों की लंबी कतार लग गयी थी।

## सड़क हादसे में बुजुर्ग महिला घायल

**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के रांची गुमला मुख्य मार्ग पर जरिया गांव के समीप शनिवार की शाम लगभग साढ़े पांच बजे सड़क पार कर रही जरिया डोका टोली बेड़ो निवासी 60 वर्षीय गीता देवी पति स्व शंकर महतो को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे पीसीआर पुलिस ने स्वजनों के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। जहां डा मेघा भगत ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए रिम्स रेफर कर दिया। घायल महिला की बड़े बेटे वीरेन महतो ने बताया कि मेरी मां प्रतिदिन जरिया गांव में सड़क के किनारे सब्जी बेचती है। जो शाम में सब्जी बेचकर घर जा रही थी।इसी दौरान अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।

## जेएसएससीकर्मी के अपहरण कांड में पकड़े गए तीन और आरोपी

**नामकुम।** खरसीदाग ओपी क्षेत्र से जेएसएससी कर्मी के अपहरण कांड में शामिल ऊरार अभियुक्त संजय तिर्की, निकेत कुमार साहु और बिपुल सिंह को ओपी पुलिस ने गिरफतार कर जेल भेज दिया। ओपी प्रभारी भवेस कुमार ने बताया कि सभी आरोपी बुधवार को मौके से फरार हो गए थे। मालूम हो कि जेएसएससी कर्मी विजय लाल उरांव को आरोपियों द्वारा उनकी कार सहित अपहरण कर लिया गया था और उनकी पत्नी से पांच लाख रुपए की फिरौती मांगी गयी थी। आरोपियों द्वारा उनकी पत्नी से पैसा मोबाईल द्वारा खाते में ट्रांसफारमर कराया गया और बाकि पैसे के लिए चेक बुक लेकर बुलाया गया था। जहां अपहरणकत्रा चेक लेकर विजय लाल उरांव को छोड़ने वाले थे। विजय की पत्नी द्वारा मामले की जानकारी ओपी पुलिस को दी गयी। जिसके बाद पुलिस ने पैसा लेने के लिए आरोपियों को बुलाया गया। जहां पैसा देने के बहाने पुलिस ने सभी को गिरफतार किया और विजय लाल उरांव को उनके कब्जे से छुडा लिया।

एक नजर में

## डीएसई और एलआरडीसी ने किया उमेदंडा मवि का निरीक्षण



**बुढ़मू।** शनिवार को रांची डीएसई बादल राज व एलआरडीसी मुकेश कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से बुढ़मू प्रखंड क्षेत्र के उमेदंडा मध्य विद्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान बच्चों के द्वारा मध्यान भोजन के समय जमीन पर बैठ कर भोजन किया जा रहा था जबकि उन्हें दरी में बैठाने का प्रावधान है। इसको लेकर प्रधानाध्यापक को कड़ी फटकार लगाई गई। वहीं विद्यालय में लगे शिलापट्ट पर डीएसई का फोन नंबर अंकित नहीं किये जाने पर भी उन्हें फटकार लगाते हुए आवश्यक कड़ी दिशा निर्देश दिया गया। साथ ही सभी शिक्षकों को आठवीं बोर्ड में शत प्रतिशत रिजल्ट देने का आदेश देते हुए शिक्षा में गुणात्मक सुधार लाने की बात कही। मौके पर सीओ, बीडीओ शामिल थे।

## कार-स्कूटी की भिड़ंत में दो घायल

**खलारी।** मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र के दुल्ली (पुराना क्रशर ) के पास स्विफ्ट कार व स्कूटी में टक्कर हो गया। जानकारी के अनुसार मैक्लुस्कीगंज चामा मुख्य पथ के दुल्ली ग्राम के पास स्कूटी जेएच 01एफ एन 5702 व स्वीट कार जेएच 01 एफ जी 8511 आमने सामने से टक्कर हो गया। स्कूटी में सवार दो युवक अमित उराँव (18 वर्ष) व दिलीप उराँव (16 वर्ष) बिजुपाड़ा से सीरम की ओर जा रहे थे। वही विपरीत दिशा से स्विफ्ट कार बालूमाथ के तरफ से राँची की ओर जा रही थी। इस दौरान दोनों वाहन (स्कूटी व कार) में टक्कर हो गया। जोरदार टक्कर में स्कूटी का परखचे उड़ गए। वही स्विफ्ट कार का अगला हिस्सा का टायर उड़ गया। टकराने से कार का एयर बैग खुल गया। जोरदार टक्कर होने के बाद स्कूटी में सवार दो युवकों घायल हो गये।

# ओरमांझी में मना बिरसा मुंडा पखवाड़ा

खबर मन्त्र संवाददाता



**ओरमांझी।** बारह पड़हा मैदान पुंदाग ओरमांझी में शनिवार को भारत मुंडा समाज द्वारा भगवान बिरसा मुंडा जयंती पखवाड़ा समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू ने भगवान बिरसा मुंडा की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया, और कहा बिरसा मुंडा की सोंच थी कि अंतिम पैदान में खड़े जनजातीय समुदायी के व्यक्ति तक विकास की लौ पहुंचे। इस सोंच को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पुरा किया जा रहा है। वहीं मुख्य अतिथि रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने बिरसा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी और प्रधानमंत्री द्वारा बिरसा मुंडा के जयंती पर आदिवासी गौरव दिवस मनाने व आदिवासी समुदायी से राष्ट्रपति बनाए जाने का जिक्र करते हुए कहा आजतक किसी अन्य प्रधानमंत्री को जनजातीय समाज के विकास के प्रति इतनी गंभीर नही देखा गया। उन्होने समारोह स्थल के समीप तालाब का सुंदरीकरण कराने की घोषणा भी की, वहीं पूर्व प्रमुख जयगोविंद उर्फ लालू साहू ने बिरसा मुंडा की गौरव गाथा बताया और कहा बिरसा मुंडा की जयंती व पखवाड़ा मनाने का उदेष्य उनकी जीवनी व संघर्ष के आत्मसात करना होना चाहिए। उन्होने कहा समाजिक कुरूतियां को दूर करने व सोषन से मुक्ति के लिए शिक्षा को हथियार बनाएं।

### मौके पर थे मौजूद

जिप सदस्य सरिता देवी, आजसू नेता रामधन बेदिया, पंसस रश्मि रेखा मुंडा, मुखिया रीना देवी, वार्ड सदस्य संघ के प्रखंड अध्यक्ष सत्यमराज कुषवाहा, संजय मुंडा, सुरेष मुंडा, चुतर साहू, नरेष महतो, नोना पाहन, फुलचंद साहू, रूपा मुंडा, संजना मुंडा, आनंद महतो, अषोक रजवार, महाबीर गोप, अषोक मुंडा, सिकंदर मुंडा, कामेष्वर बेदिया, दिवकर साहू, अर्जुन मुंडा, राजु मुंडा, गोपाल मुंडा, सीतल मुंडा, गहनु मुंडा, सरजू मुंडा, विनोद पाहन व दीपक मुंडा सहित उपस्थित अतिथियों द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित की गई।

## जशपुरिया बीएड कॉलेज में गायन और नृत्य प्रतियोगिता

**अनगड़ा।** जशपुरिया बीएड कॉलेज बीसा में कॉलेज के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ द्वारा गायन एवं नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता से प्रशिक्षुओं के भीतर छुपी हुई प्रतिभाओं को सामने लाने और उनकी कलात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहन देने का अवसर प्रदान हुआ कार्यक्रम की शुरूआत जशपुरिया ग्रुप ऑफ एजुकेशन के अध्यक्ष श्री जैलेंद्र कुमार ने किया । अपने उद्घाटन सम्बोधन में उन्होंने इस प्रकार के आयोजनों को छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया और कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं।

# नर्सिंग छात्रों ने निकाली एड्स जागरूकता रैली

एड्स होने पर रोगों से लड़ने की क्षमता हो जाती है कम




खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर फ्लोरेंस ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन्स इरबा के सौजन्य से एसएसहाई स्कूल ओरमांझी में एड्स जागरूकता कार्यक्रम का आयाजन किया गया। नर्सिंग की छात्राओं ने नाटक प्रस्तुत कर एड्स से होने वाले बीमारियों, एड्स से बचाव व उपाय बताया। इससे पूर्व छात्राओं द्वारा रैली भी निकाली गई। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथिओ सीओ उज्जवल सोरेन व बीडीओ कमेशवर बेदिया द्वारा किया और कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा एड्स खतरनाक बीमारी है, इस बीमारी से बचाव के बहुत से उपाय हैं, यह बीमारी छुआछूत की बीमारी नहीं है। किसी आदमी को छूने, साथ उठ बैठने, हाथ मिलाने से नहीं फैलता है। वहीं थाना प्रभारी अनिल तिवारी कहा एड्स बीमारी से ग्रस्त लोगों को स्नेह प्यार देने की आवश्यकता है, लोगों में जानकारी नहीं होने के कारण इस बीमारी में फंस जाते हैं। एड्स बीमारी आज पूरे विष्व में मनाया जा रहा है। इसका सिर्फ एक उद्देश्य लोगों को जागरूक करना है। संस्थान के सचिव जीनत कौशर कहा एड्स बीमारी असुरक्षित यौनसंबंध करने संक्रमित रक्त का आदान-प्रदान करने संक्रमित मां से शिशु में एड्स फैलता है, इस बीमारी में मनुष्य के अन्य रोगों से लड़ने की प्रतीरक्षात्मक क्षमता कम हो जाता है। कार्यक्रम में उपप्रमुख रिजवान अंसारी, डॉ नाजनीन कौसर, सुधीर कुमार कुंतिया, संजीब कुमार कर, आशुतोष बेहेरा शिक्षक व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# बिट्टू की घातक गेंदबाजी से पालू फाइनल में

खबर मन्त्र संवाददाता



**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र के पालू मैदान में खेले जा रहे ग्रामीण स्तरीय बिरसा मुंडा क्रिकेट प्रतियोगिता में शनिवार को तीन मैच खेला गया। पहला मैच पालू एंव पिस्का के बीच खेला गया। पालू के 105 रन का पिदा करते मैदान में उतरी पिस्का की टीम के सभी खिलाड़ी मात्र 42 रन आउट हो गई। वहीं इरबा व खिजुरटोली के बीच खेला गया दूसरा मैच काफी रोमांचक रहा। खिजूरटोला की टीम ने निर्धारित ओवर में 88 रन बनाई। वहीं इरबा की टीम के खिलाड़ी गुड्डु ने अंतिम गेंद में छक्का पर कर अपनी टीम का जीता दिया। मैन ऑफ दी मैच इरबा के खिलाड़ी अफरोज को मिला। सेमी फाइनल मैच पालू व जषपुर के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पालू की टीम निर्धारित ओवर में 93 रन बनाई। वहीं रनों का पिछा करने मैदान पर उतरी जषपुर की टीम के सभी खिलाड़ी, पालू के गेंदबाज बिट्टू तीन ओवर में मात्र 08 रन पर चार विकेट के आगे मात्र 60 रन में आउट हो गई। विट्ठू ने बल्लेबाजी करते हुए सात गेंद में 18 रन भी बनाया था। इसके लिए मैन ऑफ दी मैच से सम्मानित किया गया।

## आदिवासी लोहरा समाज सीओ को सौंपा ज्ञापन

**ओरमांझी।** आदिवासी लोहरा समाज द्वारा शविार को सीओ उज्जवल सोरेन को ज्ञापन सौंपा गया। झारखंड प्रदेश के महासचिव प्रीतम सांड लोहरा के नेतृत्व में प्रखंड मुख्याल पहुंचे समाज के लोगों ने जाति प्रमाण पत्र, भूमि सम्बन्धी समस्या को लेकर चिंता जताया और कहा सामाजिक मुद्दों को लेकर एक ज्ञापन सौंपा गया। प्रतिनिधिमंडल में प्रीतम सांड लोहरा, बैजनाथ कुमार लोहरा, दिनेश महतो, जॉनसन उरांव, रविन्द्र कुमार, सूरज कुमार, बादल कुमार, आकाश, रवि कुमार मौजूद थे।

# प्रखंड में रजिस्ट्रेशन के लिये उमड़ रही भीड़

मंईयां सम्मान योजना

- खोला गया अलग काउंटर, खड़ी दिखीं संभ्रांत महिलाएं

शेख मुजिबुल

**रातू।** झारखंड विधानसभा चुनाव के बाद मंईयां सम्मान योजना का लाभ लेने के लिये होड़ मची है। रजिस्ट्रेशन कराने को लेकर प्रखंड में भीड़ उमड़ने लगी है। इसके मद्देनजर अंदर में दूसरे कार्यों के बाधित होने की वजह से बीडीओ शैलेंद्र कुमार चौरसिया ने मनरेगा कार्यालय में अलग से काउंटर खोल दिया है। महिलाएं खिड़की के बाहर से कंप्यूटर ऑपरेटर को अर्जियां दे रही हैं। शुरूआती दौर में सिर्फ गांव की बहनें ही लाइन में रहती थीं, किंतु अब संभ्रांत परिवार की महिलाएं भी कतार में दिख रही हैं। इससे पूर्व उन्हें सरकार की इस महत्त्वकांक्षी योजना पर भरोसा नहीं था। लेकिन, अब उन्हें भी दिसंबर माह से 25 सौ रुपये सीधे एकाउंट में आने की उम्मीद है।

## समय पर मिलेगी राशि

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 28 नवंबर की शाम पद की शपथ लेने के बाद कैबिनेट की पहली बैठक में ही योजना की राशि नियत समय पर भुगतान करने की घोषणा कर राज्य की आधी आबादी का दिल ही जीत लिया है। उनका उत्साह देखते ही बन रहा है। बताते चलें कि आदर्श चुनाव आचार संहिता की वजह से बीडीओ की लॉगिन में 16 अक्टूबर से 6720 आवेदन लंबित है। जबकि, 1083 अर्जियों में कुछ विसंगतियां पायी गयी हैं। सूत्रों के मुताबिक, उसमें सुधार किये जा रहे हैं।


झारखण्ड सरकार, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, लोहरदगा।

शुद्धि-पत्र

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि दिनांक 26.11.2024 को दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित PR 340296 (Lohardaga)24-25-D (अति–अल्पकालीन पुर्न–निविदा आमंत्रण सूचना – 03/2024–25 (3rd Call and 2nd Call) गैर–योजना मद) में निम्न विवरणी के अनुसार आंशिक संशोधन किया जाता है :–

| | | |
|---|---|---|
| 3. | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि | 03.12.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक। |
| 4. | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | 05.12.2024 को अपराह्न 3:00 बजे तक। |
| 5. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 05.12.2024 को अपराह्न 3:30 बजे। |
| 6. | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | (क) मुख्य अभियंता (यातायात) का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, अभियंत्रण छात्रावास सं.–2, प्रथम तल्ला, धुर्वा, राँची–834004. (ख) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, राँची–834001. (ग) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, लोहरदगा– 835302. |

शेष क्रम संख्या पर अंकित विवरणी यथावत रहेंगे।

कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, लोहरदगा।

PR.NO.340874 Lohardaga(24-25):D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
एन0आर0ई0पी0–II, राँची

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 06/2024-25 (2nd Call)
P.R. No. 337489 (NREP) 24-25 (D)

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0–II, राँची।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि :– दिनांक 06.12.2024 को अपराह्न 01:00 बजे तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि, समय एवं स्थान :– दिनांक 07.12.2024 के अपराह्न 03:00 बजे तक, जिला नियंत्रण कक्ष, राँची।
4. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान :– दिनांक 07.12.2024, 03:30 बजे पूर्वाह्न में, जिला नियंत्रण कक्ष, राँची।
5. परिमाण बिपत्र की ब्रिकी का स्थान :– (1) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय एन0आर0ई0पी0–II, राँची। (2) जिला योजना पदाधिकारी, विकास भवन, राँची।
6. निविदा का मद :– डी0 एम0 एफ0 टी0 मद।
7. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू में) | परिमाण विपत्र का मुल्य (रू में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम ईचापीड़ी में प्राथमिक विद्यालय ईचापीड़ी का मरम्मति कार्य। | 16,73,500.00 | 33,500=00 | 5,000=00 | 3 Months |

कार्यपालक अभियंता,
एन0आर0ई0पी0– II, राँची

PR 340876 NREP (24-25)_D

e- Procurement Cell
Office of The Executive Engineer,
Building Construction Department, Building Division, Chatra.

अति अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट नोटिस

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं०– BCD/EE/CHATRA/ 17 /2024-25 दिनांकः– 30.11.2024

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू०) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | *Construction of Boundary wall, Vrihat Bhed Prajanan Prakshetra Chatra. For the Year 202 4-25* | Rs. 87,59,480.11 | 6(Six) Months |
| i | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 04.12.2024 | |
| ii | वेबसाईट में निविदा डालने की अंतिम तिथि एवं समय | 11-12-2024 को अपराह्न 3.00 बजे | |
| iii | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 12-12-2024 को अपराह्न 3.00 बजे | |
| iv | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | e-Procurerant Cell Office of The Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division, Chatra | |
| v | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 9939428677 | |
| vi | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 9650057169 | |

- किसी भी प्रकार का बदलाव http:// Jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
- अन्य किसी भी प्रकार की सूचना http:// Jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

*note: UCAN Registration is mandatory for the bidders.*

Nodal Officer
e- Procurement Cell
Office of The Executive Engineer,
Building Construction Department,
Building Division, Chatra

PR 340856 Building(24-25).D

कार्यालय, जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह– उपायुक्त, लातेहार।
(लेखा व्यय अनुश्रवण कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्गत निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण पर अनुदेशों के सार–संग्रह अध्याय 'ग' के अन्तर्गत पृष्ठ संख्या– 96 एवं 97 में निहित अनुदेशों के आलोक में 073 मनिका एवं 074 लातेहार विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रत्याशियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि विधानसभा आम चुनाव 2024 से संबंधित निर्वाचन व्यय लेखा पंजी के संधारण हेतु प्रशिक्षण, लेखा समाधान एवं निर्वाचन व्यय पंजी की अंतिम जाँच से संबंधित कार्यक्रम की तिथि निम्नवत निर्धारित की जाती है :–

| क्र. | निर्वाचन व्यय लेखा पंजी संधारण प्रषिक्षण एवं लेखा समाधान | प्रशिक्षण एवं बैठक की तिथि | प्रशिक्षण/ बैठक स्थल एवं समय | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | निर्वाचन व्यय लेखा पंजी संधारण हेतु प्रषिक्षण | दिनांक– 16/12/2024 (सोमवार) | DISTRICT FACILITATION -CUM-TRAINING CENTRE] LATEHAR (COLLECTORATE BUILDING) (11:30 बजे से) | |
| 2 | लेखा समाधान बैठक (Account Reconcilation Meeting) | दिनांक– 18/12/2024 (बुधवार) | | |

| क्र. | निर्वाचन व्यय लेखा जाँच | विधानसभा क्षेत्र | निर्वाचन व्यय लेखा जाँच की तिथि | जाँच स्थल एवं समय | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चतुर्थ एवं अंतिम लेखा जाँच | 073 मनिका एवं 074 लातेहार। | दिनांक– 21/12/2024 (षनिवार) | DISTRICT FACILITATION -CUM-TRAINING CENTRE] LATEHAR (COLLECTORATE BUILDING) (पूर्वाह्न 10:30 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक) | |

073 मनिका एवं 074 लातेहार विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रत्याशी स्वयं अथवा अपने निर्वाचन अभिकर्ता के माध्यम से निर्धारित तिथि पर आयोजित प्रशिक्षण एवं लेखा समाधान बैठक में ससमय उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे साथ ही साथ, निर्वाचन व्यय लेखा जाँच की चतुर्थ एवं अंतिम तिथि को उपस्थित होकर संपूरित निर्वाचन व्यय लेखा पंजी की जाँच करवाना सुनिश्चित करेंगे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह– उपायुक्त, लातेहार।

PR 340843 Election(24-25)D

# क्या टेलरिंग शॉप और सैलून में पुरुषों पर रोक से महिलाएं सुरक्षित हो जाएगी ?

**-प्रियंका सौरभ**

**सामाजिक** मान्यताएं अक्सर महिलाओं को कमजोर और पुरुषों को आक्रामक के रूप में चित्रित करती हैं, जो असमान लिंग गतिशीलता को बढ़ावा देती हैं जो उत्पीड़न को बनाए रखती हैं। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ द्वारा किए गए अध्ययनों से पता चलता है कि कार्यस्थल पर उत्पीड़न महिलाओं को असंगत रूप से प्रभावित करता है क्योंकि पितृसत्तात्मक दृष्टिकोण जड़ जमाए हुए हैं। नियोक्ताओं और कर्मचारियों सहित कई लोगों को कार्यस्थल पर उत्पीड़न कानूनों के बारे में जानकारी नहीं है, जिसके कारण अनियंत्रित कदाचार होता है। केवल 35% भारतीय महिला कर्मचारी ही यौन उत्पीड़न रोकथाम अधिनियम, 2013 के बारे में जानती हैं। कानूनों का अकुशल क्रियान्वयन और जवाबदेही की कमी उत्पीड़कों को बढ़ावा देती है। महिलाओं की सुरक्षा के लिए आवंटित निर्भया फंड (2013) खराब प्रशासन के कारण कम उपयोग में आता है। कुछ व्यवसायों में महिलाओं का कम प्रतिनिधित्व पुरुष-प्रधान वातावरण बनाता है, जिसमें सत्ता का दुरुपयोग होने की संभावना होती है। आर्थिक सर्वेक्षण 2023-2024 के अनुसार, महिला श्रम शक्ति भागीदारी दर में वृद्धि हुई है, लेकिन यह लगभग 37% पर बनी हुई है। न्याय, पीड़ित को दोषी ठहराने या प्रतिशोध का डर पीड़ितों को उत्पीड़न की रिपोर्ट करने से हतोत्साहित करता है, जिससे चुप्पी की संस्कृति बनी रहती है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार, यौन उत्पीड़न सहित महिलाओं के खिलाफ अपराध, नतीजों के डर, अपर्याप्त जागरूकता और सामाजिक पूर्वाग्रहों के कारण बहुत कम रिपोर्ट किए जाते हैं।

लिंग भेद का अर्थ है कि महिलाओं को निरंतर सुरक्षा की आवश्यकता होती है, जिससे उनकी एजेंसी और व्यावसायिकता कमजोर होती है। पुरुष दर्जियों को महिलाओं के माप लेने से रोकना सुरक्षा के लिए महिलाओं की निर्भरता की धारणा को मजबूत करता है। ऐसी नीतियाँ पुरुषों को संभावित खतरे के रूप में सामान्यीकृत करती हैं, अविश्वास पैदा करती हैं और कार्यस्थल की गतिशीलता को नुकसान पहुँचाती हैं। अध्ययनों से पता चलता है कि समावेशी कार्य वातावरण लिंगों के बीच अधिक सम्मान और सहयोग को बढ़ावा देते हैं। अलगाव असमान अवसरों को बनाए रखता है, एक लिंग के वर्चस्व वाले व्यवसायों में भागीदारी को प्रतिबंधित करता है। भारत के सशस्त्र बलों ने ऐतिहासिक रूप से महिलाओं को लड़ाकू भूमिकाओं से प्रतिबंधित किया है, जो पेशेवर अवसरों पर अलगाव के प्रभाव को दशार्ता है। एनडीए प्रेरण जैसे सुधार प्रगति को दशार्ते हैं, लेकिन पूर्वाग्रह बने रहते हैं। सामाजिक दृष्टिकोण को सम्बोधित करने के बजाय, अलगाव लक्षणों को लक्षित करता है जबकि शक्ति असंतुलन और खराब शिक्षा जैसे मूल कारणों को अछूता छोड़ देता है। राष्ट्रीय अपराध ब्यूरो रिपोर्ट (2023) ने इस बात पर प्रकाश डाला कि आईपीसी के तहत महिलाओं के खिलाफ अपराधों का एक महत्त्वपूर्ण अनुपात 'पति या उसके रिश्तेदारों द्वारा क्रूरता' से जुड़ा था। अलगाव पुरुष पेशेवरों के लिए ग्राहक आधार को कम करता है, जो निम्न-आय वर्ग के लोगों को असमान रूप से प्रभावित करता है। छोटे शहरों या गांवों में जहाँ यूनिसेक्स सैलून उपलब्ध नहीं हो सकते हैं, ऐसी प्रथाओं से पुरुष नाइयों के लिए नौकरी के अवसर कम हो सकते हैं।

उत्पीड़न की जड़ से निपटने के लिए सम्मान, सहमति और कार्यस्थल नैतिकता पर ध्यान केंद्रित करते हुए व्यापक जागरूकता अभियान चलाएँ। पॉश अधिनियम, 2013 प्रशिक्षण सत्रों को अनिवार्य बनाता है, जिसे टेलरिंग और सैलून जैसे अनौपचारिक क्षेत्रों में विस्तारित किया जाना चाहिए। आपसी समझ विकसित करने और रूढ़िवादिता को कम करने के लिए व्यवसायों में मिश्रित-लिंग स्टाफिंग को बढ़ावा दें। संयुक्त राष्ट्र महिला के ही फॉर शी अभियान जैसी पहल पुरुषों और महिलाओं को विविध सेटिंग्स में समान रूप से सहयोग करने के लिए प्रोत्साहित करती है। उत्पीड़न विरोधी कानूनों के सख्त कार्यान्वयन को सुनिश्चित करें और शिकायत समाधान के लिए मजबूत तंत्र बनाएँ। अनौपचारिक क्षेत्रों में आंतरिक शिकायत समितियों का विस्तार करने से कमजोर श्रमिकों की रक्षा हो सकती है। निगरानी के बजाय, निजी फिटिंग रूम और ग्राहक-अनुकूल लेआउट जैसे सुरक्षित बुनियादी ढांचे को प्राथमिकता दें। प्रतिबंधात्मक विनियमों से प्रभावित पेशेवरों को वित्तीय और प्रशिक्षण सहायता प्रदान करें, जिससे उनकी आजीविका सुरक्षित रहे। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (एनयूएलएम, 2013) के तहत सरकार द्वारा वित्तपोषित कौशल संवर्धन कार्यक्रम नाई और दर्जी को अपने ग्राहकों में विविधता लाने में मदद कर सकते हैं।

लिंग के आधार पर व्यवसायों का पृथक्करण एक सतही प्रतिक्रिया है जो रूढ़िवादिता को मजबूत करती है जबकि उत्पीड़न के प्रणालीगत मुद्दों को सम्बोधित करने में विफल रहती है। समावेशी कार्यस्थलों को बढ़ावा देकर, कानूनी सुरक्षा को मजबूत करके और व्यवहार परिवर्तन को बढ़ावा देकर, भारत समानता और सम्मान में निहित समाज का निर्माण कर सकता है। ही फॉर शी अभियान जैसी वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं से प्रेरणा लेते हुए, भारत को ऐसे भविष्य के लिए प्रयास करना चाहिए जहाँ सुरक्षा और सम्मान अंतर्निहित हो, न कि लागू किया जाए।

(लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

# कनाडा में सभी को अवसर



कनाडा के सशस्त्र बलों (सीएएफ) ने घोषणा की कि स्थायी निवासियों को अब सेवाओं में भर्ती की अनुमति दी जाएगी, क्योंकि सेना जवानों की कमी का सामना कर रही है। मीडिया की एक खबर में यह जानकारी दी गई। कनाडा में स्थायी निवासियों में बड़ी संख्या में भारतीय शामिल है और सीएएफ के फैसले से उनके लिए रोजगार के अवसर उत्पन्न होने की संभावना है। ह्यसीटीवी न्यूज' की खबर के अनुसार, ह्यरॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस' (आरसीएमपी) के ह्यह्यपुरानी भर्ती प्रक्रिया'' में बदलाव लाने की घोषणा करने के पांच साल बाद ये घोषणा की गई। इस कदम से कनाडा में 10 साल से रह रहे स्थायी निवासियों को आवेदन करने की अनुमति होगी। नोवा स्कोशिया के ह्यरॉयल यूनाइटेड सर्विसेज इंस्टीट्यूट' के अनुसार, इससे पहले स्थायी निवासी केवल ह्यस्किलड मिलिट्री फॉरेन एप्लिकेंट' (एसएमएस) कार्यक्रम के तहत आवेदन दे सकते थे। अब सेना में भर्ती के इच्छुक उम्मीदवारों को कनाडा का नागरिक होना चाहिए जिनकी आयु 18 वर्ष से अधिक (या 16, बशर्ते कि उनके पास माता-पिता की सहमति हो) हो और एक अधिकारी पद पर भर्ती के वास्ते आवेदन देने के लिए उनके पास ग्रेड 10 या ग्रेड 12 की शिक्षा की डिग्री होनी चाहिए। यह नियम स्थायी निवासियों पर भी लागू होंगे। सीएएफ ने सितंबर में हजारों पद रिक्त होने को लेकर चिंता जाहिर की थी। इनमें से आधे पदों पर भी भर्ती करने के लिए उसे इस साल हर महीने 5,900 सदस्यों को नियुक्त करना होगा

# हरि की नगरी हरिद्वार

**अन्नू अंबालिका**




**गंगा** की नगरी हरिद्वार की महिमा बहुत निराली है। यहां पूजा और कर्मकांड से जुड़ा तमाम समान तो मिलता ही है, भगवान भी मिल जाते हैं। अब यह आपकी मर्जी कि भगवान को ध्यान लगाकर पाएं या अध्यात्म में डूब जाएं। यहां भगवान मंदिर में भी मिलते हैं, गंगास्नान से भी और सूर्य को अर्घ्य देते समय भी। हरिद्वार में मूर्तियों का बाजार यहां के सबसे पुराने मोती बाजार और हर की पैड़ी से सटे बड़ा बाजार में फैला है। पत्थरों की विशाल मूर्तियों के इस बाजार में पंजाब, दिल्ली, हरियाणा, उत्तराखण्ड और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मूर्ति खरीदार रोजाना मिल जाएंगे। ये वे लोग हैं जो शहर-गांव के मंदिरों में प्रतिष्ठित करने के लिए मूर्तियां लेने यहां आते हैं। नए मंदिरों के साथ-साथ पुराने मंदिरों में खंडित प्रतिमाओं की जगह नई मूर्तियां भी हरिद्वार से ले जाकर लगाई जाती हैं। दुकानों पर शिव दरबार, राम दरबार आदि बड़ी मूर्तियां भी उपलब्ध हैं। छोटे-बड़े नंदी भी मिल जाते हैं, देवी दुर्गा और उनकी सवारी सिंह भी। मंदिरों के मुख्यद्वार के दोनों ओर सजाने के लिए गजराज भी यहां उपलब्ध हैं। विश्वकर्मा, ब्रह्मा, विष्णु, महेश, महालक्ष्मी, पार्वती, कुबेर, कार्तिकेय, गणेश आदि तमाम देवी-देवता सुंदर प्रतिमाओं के रूप में सहज मिल जाते हैं। हरिद्वार में मूर्तियों का बाजार काफी समृद्ध है।

धर्मनगरी में भगवान की सभी मूर्तियां पीतल में भी मिलती हैं। तांबे और पीतल के तमाम पूजा बर्तनों से बाजार अटा पड़ा है। इनका उपयोग घरों के पूजास्थल पर होता है। भगवान के सभी स्वरूपों के वस्त्र भी यहां सहज मिल जाते हैं। कृष्ण की पीतल से बनी मूर्ति भी मिलेगी और लड्डू गोपाल भी। शालिग्राम तथा नर्मदेश्वर आदि भी भिन्न-भिन्न आकार में उपलब्ध हैं। बाजार में मूर्तियों और किसी भी प्रकार की पूजा-यज्ञ से जुड़ी तमाम सामग्री हर की पैड़ी क्षेत्र में मिल जाएगी। इस दृष्टि से हरिद्वार का मूर्ति बाजार उत्तर भारत का समृद्ध बाजार माना जाता है। एक और विशेषता इस नगरी की यह है कि यहां दर्जनों भवनों के प्रवेश द्वार अथवा बाहरी शिखर पर देव प्रतिमाएं विद्यमान हैं।

# हाल आइटी क्षेत्र का: सुनहरे सपने बस में नहीं अपने

**डॉ.संजय वर्मा**

**जिस** जमाने में फिल्म- रोटी, कपड़ा और मकान का यह मशहूर गीत लिखा गया था- तेरी दो टकिया की नौकरी, मेरा लाखों का सावन जाए- उस जमाने में सॉफ्ट स्किल वाली और कथित सफेद कॉलर वाली टेक या हाईटेक नौकरियों का ऐसा जोर नहीं था, जैसा आज है। आज तो जिस युवा को देखिए, वह कंप्यूटर, आईटी, मैनेजमेंट समेत उन पेशों में जाने की तैयारी में लगा दिखाई देता है जो निर्माण क्षेत्र की बजाय सेवा क्षेत्र के दायरे में आते हैं। विश्वविद्यालयों और पेशेवर प्रशिक्षण देने वाली संस्थाओं में भी ऐसे पाठ्यक्रमों में युवाओं की भारी भीड़ है, जहां आईटी या कंप्यूटर इंजीनियर या बीपीओ जैसे सर्विस सेक्टर में काम करने के योग्य लोग तैयार किए जाते हैं। आईआईटी, आईआईएम समेत तमाम बड़े विश्वविद्यालय (खास तौर से निजी) अक्सर ये दावे करते पाए जाते हैं कि उनके यहां से दीक्षा पाकर निकले युवाओं में से कुछ को फेसबुक, अमेजन या ट्विटर आदि में अथवा किसी स्टार्टअप में सालाना करोड़ों का वेतन मिला है। हालिया प्रकरण ट्विटर से जुड़ा है। यहां मालिक के तौर पर जब कारोबारी ईलॉन मस्क ने जिम्मा संभाला तो वैरिफाइड अकाउंट यानी ब्लू टिक के लिए ग्राहक शुल्क का ऐलान करने के साथ भारतीय सीईओ पराग अग्रवाल और कई शीर्ष अधिकारियों को बाहर का रास्ता दिखा दिया। खास मेहरबानी भारतीय कर्मचारियों पर की और भारत में अपनी कंपनी से 90 फीसदी कर्मचारियों को टाटा-बाय-बाय बोल दिया। इनमें से ज्यादातर कर्मचारी आईटी व कंप्यूटर इंजीनियरिंग जैसे पेशों से जुड़े हैं। अगर बात सिर्फ ट्विटर तक सीमित रहती तो शायद गनीमत होती। लेकिन इसकी आंच हाल-फिलहाल में फेसबुक के स्वामित्व वाली मेटा कंपनी और उससे भी पहले हमारे देश की उन ज्यादातर स्टार्टअप कंपनियों तक पहुंच चुकी है, जहां मूलतः कंप्यूटर या आईटी



(सूचना-प्रौद्योगिकी) से जुड़ा कामकाज होता है।

ऐसा सभी जगह नहीं हुआ। खासकर स्टार्टअप कंपनियों के सामने अपना कोराबार बचाने का संकट ही खड़ा हो गया। इनमें से कई स्टार्टअप पढ़ाई-लिखाई, कोचिंग और आईटी से संबंधित थे, तो कइयों का ताल्लुक घर बैठे खाना मंगाने की सहूलियत देने वाली ऑनलाइन फूड डिलीवरी से था। इनमें ऐसी स्टार्टअप कंपनियों की संख्या ज्यादा कही जाएगी, जिन्हें कोरोना वायरस के प्रकोप वाले दौर में ज्यादा काम मिल रहा था, क्योंकि लोग इनके माध्यम से घर बैठे कई काम संपन्न कर रहे थे, लेकिन जैसे ही कोविड-19 के असर में कमी हुई, इन कंपनियों का कामकाज मंद होने लगा।

**कमाई पर चौतरफा मार**

असल में ज्यादातर टेक कंपनियों के सामने सबसे ज्यादा मुश्किल नई चुनौतियों और दबावों से निपटने के लिए नई पूंजी जुटाना है, जिसके लिए वे कोई ठोस आश्वासन अपने निवेशकों को नहीं दे पा रही हैं। यह मार चौतरफा है। इसी के मद्देनजर ईलॉन मस्क इस आशंका से इनकार नहीं कर रहे हैं कि उनके स्वामित्व में आई सबसे नई कंपनी- ट्विटर अगर दिवालिया हो जाती है, तो इसमें कोई आश्चर्य होगा। सिर्फ आईटी या सोशल मीडिया कंपनियां ही नहीं, बल्कि ऑनलाइन कोचिंग ही नहीं, ओला जैसी ऐप-आधारित टैक्सी सेवाएं और क्रिप्टो करेंसी का कारोबार करने वाले स्टार्टअप जैसे कि जेमिनी, वाल्ड, बिटपांडा आदि भी पूंजी के सूखे से जूझ रहे हैं। ये स्थितियां तब हैं, जबकि भारत सरकार ने इस साल के आरंभ में जोर-शोर से दावा किया था कि देश में 60 हजार से ज्यादा स्टार्टअप शुरू हो चुके हैं। साथ ही यह भी कहा गया था कि भारत में हर दो-तीन हफ्ते में नए यूनिकॉर्न सामने आ रहे हैं। यूनिकॉर्न का आशय उन स्टार्टअप कंपनियों से है जिनका बाजार भाव एक अरब डॉलर (करीब 80 अरब रुपये) से ज्यादा हो। यह दावा खुद प्रधानमंत्री ने किया था। लेकिन इस दावे के फौरन बाद अप्रैल माह ऐसा रहा, जब एक साल में पहला अवसर आया जिस महीने में एक भी यूनिकॉर्न कंपनी सामने नहीं आई। यही नहीं, इस साल मार्च-अप्रैल में भारतीय स्टार्टअप कंपनियां वैश्विक बाजार से 5.8 अरब डॉलर यानी लगभग साढ़े चार-पांच खरब रुपये का निवेश जुटा सकीं, जो पिछले साल की इसी अवधि से करीब 15 फीसदी कम रहा।

**घटती कमाई, सूखता निवेश**

शुरूआती होड़ में दुनिया के बड़े निवेशकों ने विज्ञापन के बल पर मशहूर होने वाली स्टार्टअप कंपनियों में अरबों रुपये झोंक दिए। जैसे पिछले साल (2021 में) भारतीय स्टार्टअप कंपनी मीशो में सॉफ्टबैंक और फिडेलिटी जैसे बड़े निवेशकों ने करोड़ों का निवेश कर दिया था। इससे कंपनी की बाजार कीमत दोगुनी से ज्यादा बढ़कर पांच अरब डॉलर यानी साढ़े तीन खरब रुपये पर पहुंच गई थी। दावा है कि इसी झोंक में भारतीय स्टार्टअप कंपनियों ने पिछले साल 35 अरब डॉलर जैसी बड़ी रकम निवेश के रूप में हासिल कर ली थी। लेकिन सफलता की यह लहर जिस तेजी से आई थी, उसी तेजी से लौट गई।



**प्रशांत झा**

# दुनिया भर में निमार्ण ठहर जाएगा?

आज की वैश्विक दुनिया में इसे कोई गंभीर समस्या नहीं माना जाता कि कुछ उत्पाद दुनिया के दूसरे कोने में बनते हैं और हमारा देश अपनी जरूरतों के लिए उन पर निर्भर हो। सिर्फ इलेक्ट्रॉनिक सामान ही नहीं, कई किस्मों के अनाज, दालें, फल आदि भी विदेशों से हमारे यहां आते हैं। बेशक, इसकी एक कीमत हमें चुकानी पड़ती है। किंतु यह कीमत यदि देश में कोई उत्पाद बनाने के मुकाबले कम हो और उस सामान के आयात में कोई विलंब या बाधा नहीं हो, तो निश्चय ही कोई समस्या नहीं है। कुछ चीजें, फसलें भौगोलिक कारणों से देश में भारी मात्रा में या जरूरत के मुताबिक बन या पैदा नहीं हो सकतीं, जैसे कि पेट्रोल-डीजल झ्र तो ऐसी स्थिति में उन्हें आयात करना ही एकमात्र विकल्प है। लेकिन निर्माण संबंधी कुछ चीजों में भारत का पिछड़ना हैरान करता है। जैसे हमारे देश में सेमीकंडक्टर बनाने की इससे पहले कोई गंभीर कोशिश क्यों नहीं हुई, आज यह सबसे संजीदा सवाल बन गया है। हालांकि ऐसा नहीं है कि हमारे देश की कुछ कंपनियां इससे संबंधित निर्माण कार्य बिल्कुल ही न करती हों। इंटेल, माइक्रॉन और टीएसएमसी जैसी कुछ दिग्गज कंपनियों के इंजीनियर हमारे देश में दुनिया की बड़ी सेमीकंडक्टर निमार्ता कंपनियों के लिए चिप डिजाइन करते हैं। भारत में सेमीकंडक्टर प्रोडक्ट की पैकेजिंग और टेस्टिंग भी होती है। लेकिन आखिर में माइक्रोचिप्स अमेरिका, ताइवान, चीन और कुछ यूरोपीय देशों में ही बनाए जाते हैं। यह सुनने में अजीब लगता है कि जिस कंप्यूटर-आईटी में भारत खुद को अपनी युवा शक्ति-प्रतिभा के बल पर शीर्ष पर मानता रहा है, वह देश उसी क्षेत्र से जुड़े एक उत्पाद के निर्माण में निहायत फिसड्डी रहा है। इसकी एक वजह हो सकती है कि हमारे देश का अब तक मुख्य फोकस सर्विस सेक्टर (आईटी की सेवाएं आदि) पर रहा। तकनीकी क्षेत्र में भी हमारी कोशिश सॉफ्टवेयर में आगे बढ़ने की रही, न कि मैन्यूफैक्चरिंग (निर्माण) के क्षेत्र में झंडा गाड़ने की। हो सकता है कि इस स्थिति में कोई ज्यादा बदलाव आगामी कई दशकों तक आगे भी नहीं होता, लेकिन कोरोना वायरस के कारण पैदा हुए हालात ने कई तरह के इलेक्ट्रॉनिक सामानों की आपूर्ति में व्यवधान डाल दिया। ऐसे दौर में, जबकि दुनिया में सारा कामकाज घर बैठे कंप्यूटर, लैपटॉप, स्मार्टफोन पर संपन्न होने लगा और इन उत्पादों की मांग बढ़ गई, तो इनमें लगने वाले सेमीकंडक्टर्स की आपूर्ति रुक गई। कोविड काल में बंद पड़ी फैक्ट्रियों को वायरस का प्रसार थमने पर जैसे-तैसे शुरू किया गया तो पता चला कि मांग इतनी अधिक है कि इन चीजों की सप्लाई को सामान्य बनाने में अभी भी एक-डेढ़ साल लग सकते हैं। साथ ही, कच्चे माल और श्रम की लागत बढ़ने से इन उत्पादों की कीमतों में भी भारी इजाफा हो गया। रूस-यूक्रेन युद्ध और चीन की ताइवान को हड़पने की कोशिशों ने इसमें और मुश्किलें पैदा कीं, क्योंकि इस कारण सेमीकंडक्टर बनाने वाले शीर्ष देश ताइवान से इसकी आपूर्ति बाधित हो गई।

हालांकि चीन अपनी नाराजगी दिखाने के बावजूद ताइवान पर सीधे हमले की जुर्रत नहीं कर पा रहा है तो इसके पीछे ताइवान की सेमीकंडक्टर शील्ड की ही भूमिका है। बहरहाल, हमारे देश में अब इस मामले में सुधार आने की उम्मीद जगी है। कुछ ही समय पहले एक बड़े व्यापारिक समूह वेदांता ने आईफोन के उपकरण बनाने वाली कंपनी फॉक्सकॉन के साथ गुजरात में संयुक्त उपक्रम के रूप में सेमीकंडक्टर बनाने की विशाल फैक्ट्री लगाने के सहमति पत्र पर मुहर लगाई है।

अहमदाबाद के पास बनने वाली इस फैक्ट्री की कुल लागत में सरकार 25 फीसदी की छूट देगी और सस्ती बिजली समेत कई और सुविधाएं दी जाएंगी। इस फैक्ट्री की मुख्य तौर पर माइक्रोचिप के क्षेत्र में दूसरे देशों पर निर्भरता घटाने और इसके निर्यात की संभावना बनाने के अलावा जिस अन्य संदर्भ में एक बड़ी उपलब्धि देखी जा रही है, वह रोजगार भी है। इस तरह के प्रयासों से निश्चय ही टेक नौकरियों की संख्या बढ़ेगी और रोजगार के मामले में ठहराव की स्थिति कायम होगी।

(लेखक मोटिवेटर और ब्रदर्स एकेडमी से जुड़ें हैं।)

# निर्णय का प्रतिफल

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**



**जीवन** में निर्णय महत्वपूर्ण है। आप कैसा निर्णय लेते हैं किसके साथ चलने का निर्णय लेते हैं। महाभारत हो या रामायण राम हो या कृष्ण और राम दोनों के जीवन में निर्णय की क्षमता का महत्व और निर्णय का असर साफ दिखता है और हम उससे अपनी समझ पैदा कर सकते हैं। महाभारत के पूरे प्रकरण में भीष्म के त्याग और वीरता की कोई तुलना नहीं थी लेकिन उनका एक गलत निर्णय से पूरी जिंदगी उनका जितना अपमान हुआ उसे समझा जा सकता है। जीवन में दुर्योधन के द्वारा अपमान और युद्ध में मन से अर्जुन के साथ रहने का आरोप भी उन्हें सहना पड़ा। शर शैय्या पर अंतहीन वेदना जो शारीरिक और मानसिक दोनों तौर पर वह सहना पड़ा। आतुर भाव से भगवान कृष्ण से पूछना पड़ा आखिर इस पीड़ा का कारण क्या है?

जीवन नीति से बंधा है। प्रश्न यह है कि जीवन में आप किसका साथ देते हैं। भीष्म दुर्योधन के साथ खड़ें रहे जबकि वो गलत था। अगर हम गलत के साथ खड़ें होते हैं चाहे वह जो भी हो तब हम इससे बुरी तरह प्रभावित होते हैं जैसा भीष्म ने झेला। महाभारत की लड़ाई में कृष्ण से सहयोग मांगने दुर्योधन और अर्जुन पहुंचे। पहले दुर्योधन पहुंचा था लेकिन अहंकारवश सोये हुए कृष्ण के सर की ओर खड़ा हो गया। देर से पहुंचे अर्जुन पैर की ओर खड़ें थे। जब कृष्ण उठे तब उनकी नजर अर्जुन पर पड़ी और उन्होंने कहा कि अर्जुन हमारे पास बड़ी सेना है और मैं उससे अलग अकेला हूं। तुम दोनों में कोई एक ही चुन सकते हो। इस स्थिति में अर्जुन को निर्णय लेना था। अर्जुन को जरा सा भी संशय नहीं हुआ और उसने कहा भगवान आप हमारी ओर से युद्ध करें। दुर्योधन को आश्चर्य हुआ कि द्वारिका का इतनी बड़ी सेना को छोड़कर अर्जुन ने कृष्ण को मांग लिया। चलो अच्छा हुआ अब सेना मुझे मिल गया। लेकिन युद्ध के मैदान में चूंकि अर्जुन ने सही निर्णय लिया था उसका परिणाम वह विजेता बना। मोह ग्रस्त अर्जुन को अज्ञान से निकालकर जिस प्रकार भगवान कृष्ण ने युद्ध के लिये तैयार वह अर्जुन के एक मात्र सही निर्णय के कारण ही संभव हो सक। जबकि भीष्म अपने जीवन काल में कई बार निर्णय के स्तर पर चूकते रहे और कष्ट पाने के साथ ही यश भी खोया। महाभारत का पूरा युद्ध कृष्ण के निर्णय से ही होता रहा जो शस्त्र न उठाने के प्रण के साथ अर्जुन के साथ आये थे। वे सारथी बने थे लेकिन जब युद्ध के क्रम में दुर्योधन ने भीष्म को धिक्कारा कि आप अर्जुन से प्रेम करते हैं आप लड़ाई पूरी योजना से नहीं लड़ रहें है जबकि आप सेनापति है। मेरा मित्र कर्ण शिविर में बैठा है अगर आप नहीं लड़ सकते तो पद छोड़ दें। उसके बाद भीष्म ने जिस प्रकार युद्ध किया उससे पांडव सेना का बड़ा विनाश हुआ। अब कृष्ण के कहने के बाद भी अर्जुन भीष्म से युद्ध करने के स्थिति में नहीं थे उन्हें भीष्म का प्रेम बांध जा रहा था। तब कृष्ण ने निर्णय लिया कि वे सुदर्शन धारण कर युद्ध करेंगे। इसके बाद अर्जुन को अहसास हुआ कि भगवान हमारे लिये अपना प्रण तोड़ रहें हैं और अपने सहज भाव से लड़ाई की। कृष्ण अगर यह निर्णय नहीं लेते तब युद्ध की दिशा ही बदल जाती। हमारा जीवन एक गलग निर्णय से प्रभावित हो जाता है।

(ब्रम्हा विद्यालय आश्रम छोटका ,राजपुर, बक्सर, बिहार)

# एकाग्रता की प्रार्थना में ही संपूर्णता

**डॉ. मधुसूदन शर्मा**

**सत्य** और अहिंसा की भांति प्रार्थना भी महात्मा गांधी के जीवन का अभिन्न अंग थी।

सिख धर्म में अरदास सिख पूजा का अनिवार्य हिस्सा है। यह परमशक्ति से एक विनम्र प्रार्थना होती है।

पश्चिम में योग ज्ञान की अलख जगाने वाले योगी परमहंस योगानंद कहते हैं- हमारी आवश्यकताओं की पूर्ति के दो तरीके हैं। एक है ऐहिक। उदाहरण के लिए, जब हमारा स्वास्थ्य खराब हो तो हम उपचार के लिए डॉक्टर के पास जाते हैं।

लेकिन एक समय पर मानवीय सहायता निष्प्रभावी हो जाती। तब हम ईश्वर की शक्ति की ओर मुड़ते हैं। ऐहिक शक्ति सीमित होती है। हम समर्पण की भावना से श्रद्धा, भक्ति पूर्वक पूर्ण हृदय से प्रार्थना करें।

एक बार देवर्षि नारदजी ने भगवान से पूछा, देवेश्वर! आप कहां निवास करते हैं? इस पर भगवान ने कहा, नाहं वसामि वैकुण्ठे योगिनां हृदये न वै। मभ्दक्ता यत्र गायंति तत्र तिष्ठामि नारद। अर्थात हे नारद! मैं न तो वैकुंठ में ही रहता हूं और न योगियों के हृदय में ही रहता हूं। मैं तो वहीं रहता हूं, जहां प्रेमाकुल होकर मेरे भक्त मेरे नाम का कीर्तन किया करते हैं। मैं सर्वदा लोगों के अन्तःकरण में विद्यमान रहता हूं।ह्ल

परमहंस योगानन्द कहते हैं, प्रार्थना का पहला नियम है कि ईश्वर से केवल उचित इच्छाओं की ही पूर्ति की प्रार्थना करें । दूसरा नियम यह है कि उनकी पूर्ति की मांग ईश्वर का पुत्र होने के नाते से करें : मैं आपका पुत्र हूं।

आपको अपने हृदय में एक महान आनंद उमड़ता अनुभव होगा। आप परमेश्वर से प्रार्थना कीजिए कि प्रभु मेरी यह आवश्यकता है, मैं इसके लिए मेहनत करने के लिए तैयार हूं।

# अपना

**त्रिपुरारी पाण्डेय**

आंखें जब भी रोई है ,
दिल जब भी टूटा है ,
उम्मीदों का स्वप्न टूटकर ,
जर्रा -जर्रा बिखरा है ,
वजह कोई अपना ही था !
की खिले -खिले से चेहरों पर
,जब भी गम छायी है ,
हंसती -खेलती जिंदगी में ,
जब भी खामोशी आयी है ,
वजह कोई अपना ही था !
की विजयपथ के राहों पर ,
जब भी कांटें हमने पायी है ,
बनती -बनती उम्मीदों पर ,
जब भी विघ्नता आयी है ,
वजह कोई अपना ही था !
की समंदर की लहरों को
झेलकर भी ,
जब भी कश्तियाँ किनारों पर
डूबी है ,गुजर रही बसंत जिंदगी में
,जब भी पतझड़ आयी है ,
वजह कोई अपना ही था !
की जश्न हो रही महफिल की
,जब भी रंग बदला है ,
मेरे जीवन की हार पर ,
जब भी जश्न कोई मनाया है ,
वजह कोई अपना ही था !
की जब भी बेघर -बेदर होने
पर , कोई मंद -मंद मुस्काया है ,
जब भी हालातों के हाल
देखकर ,कोई छुप -छुप के मौज
उड़ाया है ,
वजह कोई अपना ही था !

**महिलाओं के अधिकार...**



साभार कॉटूनमूवमेंट

## स्पीड न्यूज

### नशा के खिलाफ बजरंग दल ने चलाया जागरूकता अभियान




रामगढ़। बजरंग दल रामगढ़ जिला द्वारा शुक्रवार को पूरे देश भर में चल रहे बजरंग दल सेवा सप्ताह के तहत नशा मुक्ति अभियान को लेकर रन फॉर हेल्थ कार्यक्रम आक्रश इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल मनतागढ़ा बाजार टांड रामगढ़ में आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विश्व हिन्दू परिषद के जिला मंत्री छोटू वर्मा, बजरंग दल के जिला संयोजक भागीरथ पोद्दार उपस्थित थे। प्रिंसिपल दीपा वर्मा ने कहा कि आज देश के युवा विभिन्न प्रकार के व्यसनों में पड़कर अपना शरीर, अपना घर, अपना परिवार, अपना देश, धर्म-संस्कृति को बर्बाद करने में तुले है। यह चिंता का विषय है इसे हमें ही ठीक करना पड़ेगा,देश के युवा नशा छोड़ो,देश की दशा-दिशा मोड़ों और स्वामी विवेकानंद की तरह बनो।

### अग्रसेन स्कूल का मना स्थापना दिवस



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा का 25 वां स्थापना दिवस शनिवार को मनाया गया। समारोह का उद्घाटन स्कूल के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया और प्राचार्य विवेक प्रधान ने किया। राजगढ़िया ने कहा कि विद्यालय बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए संकल्पित है। विद्यालय का उद्देश्य बच्चों को संपूर्ण शिक्षा देते हुए उनकी सफलता की नींव तैयार करना है। इसी सोच के साथ विद्यालय आगे बढ़ रहा है। आने वाले चुनौतियों को भी स्वीकार कर बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए हम तत्पर हैं। आधुनिक शिक्षा व संस्कार बांटना ही हमारा उद्देश्य रहा है। स्थापना दिवस के अवसर पर बच्चों और शिक्षकों के बीच मिठाइयां बांटी गई।

### निधि इवेंटस का कार्यक्रम 31 को

**रामगढ़।** निधि इवेंटस रामगढ़ द्वारा नये वर्ष के उपलक्ष्य में 31 दिसंबर को गंगा रेजीडेंसी (अशोक टाकीज) रांची रोड में धूम मचाले कार्यक्रम होगा, जिसमें देश के जाने-माने कलाकारों द्वारा कार्यक्रम पेश किया जाएगा। आयोजन में झारखंड के जाने-माने कलाकारों को भी शामिल किया गया है । आयोजन में कोलकाता से प्रख्यात डीजे श्रेया, सिगरं मिस दिप्ती,सिंगर पारतौ प्रतिम, एंकर मौमीता, नटराज डासं ग्रुप आदि शामिल होंगे। आयोजन समिति ने बताया कि इस तरह का प्रोग्राम रामगढ़ में पहली बार हो रहा है। 1 लकी मेल, 10 लकी कूपन फ्री गिफ्ट दिया जायगा। इस मौके पर अजय सिंह, सत्येंद्र , आर डी शर्मा, संतोष , संजय गोस्वामी, रोहित कुमार , राजू राठौर, गौतम , सोनू , ऋषि पंडा, कुनाल , चिंटू मिश्रा,चिंटू मालाकार, डॉ संजय सिंह आदि उपस्थित थे।

### पटेलनगर में खुला सेल्फ स्पेस लाइब्रेरी

भुरकुंडा (रामगढ़)। पटेलनगर भुरकुंडा स्थित एसबीआई बैंक के समीप थर्ड प्लोर पर शनिवार को सेल्फ स्पेस लाइब्रेरी का उद्घाटन किया गया। इसका उद्घाटन भाजपा प्रमंडलीय प्रभारी योगेश दांगी, भाजपा भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा और समाजसेवी चमन लाल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इसके पूर्व पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पुरोहित दिलीप मिश्रा ने पूजा-अर्चना कराई। पूजा में लाइब्रेरी के संचालक के पिता शिव प्रसाद वर्मा, प्रोपराइटर राहुल वर्मा, सतीश वर्मा व आशीष वर्मा सहित दर्जनों लोग शामिल हुए।

### लायंस क्लब भुरकुंडा ने किया भंडारा



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा ने प्रत्येक सप्ताह की भांति इस शनिवार को भी भुरकुंडा के पटेलनगर सयाल मोड़ स्थित मां शीतला देवी मंदिर में नर सेवा नारायण सेवा कार्यक्रम के तहत भव्य भंडारा का आयोजन किया। सर्वप्रथम पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पंडित रामकुमार पाठक द्वारा शीतला माता की पूजा-अर्चना कराई गई। इसके बाद मां को भोग लगाया गया। तत्पश्चात भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारा का शुभारंभ लायंस क्लब के लोगों ने संयुक्त रूप से श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण कर किया। इस अवसर पर फूड फॉर हंगर के तहत करीब 430 लोगों को भरपेट भोजन कराया गया।

### सेवानिवृत कर्मी की दी गयी विदाई



भुरकुंडा (रामगढ़)। सीसीएल आदर्श क्षेत्रीय अस्पताल भुरकुंडा में अस्पतालकर्मी के सेवानिवृति पर शनिवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में बतौर अतिथि डॉ. नदीम अनवर और डॉ. रिया कुमारी ने सेवानिवृति कर्मी पियून ओमप्रकाश मुंडा को पुष्प गुच्छ देकर भावभीनी विदाई दी। डॉ. नदीम अनवर ने कहा कि सेवानिवृति नौकरी का हिस्सा होता है। हर कर्मी को एक न एक दिन इस रास्ते से गुजरना ही पड़ता है। उन्होंने ओमप्रकाश मुंडा के स्वस्थ शरीर और सुखद जीवन की कामना करते हुए विदाई दी। मौके पर ललन प्रसाद, फारूक राजा, राहुल झा, जोगेंद्र बड़ाईक, अमलेश भौमिक, कन्हैया सिंह यादव, रंजन राम, दिवाकर, जितेंद्र, सिस्टर कुजूर, रजनी गुलाब एक्का, सुनीता देवी, जयमुंती देवी, रुखसाना, सत्यनारायण गुप्ता, राजेंद्र मुंडा, बाबू दास सहित समस्त अस्पताल परिवार मौजूद थे।

### सर्वोदय स्कूल में नृत्य प्रतियोगिता

**कुजू।** शिवपुरी कॉलोनी स्थित सर्वोदय निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में जूनियर छात्र छात्राओं के लिए समूह नृत्य प्रतियोगिता हुआ,कक्षा द्वितीय से सप्तम तक के दर्जनों छात्र छात्राओं ने भाग लिया। प्राचार्य सूर्यनाथ यादव ने बताया कि योग एवं व्यायाम की तरह ही नृत्य भी हमारे देश की पुरातन धरोहर है। नृत्य के द्वारा न सिर्फ हम स्वयं को स्वस्थ रख पाते हैं, बल्कि नृत्य हमे मानसिक शांति का भी अनुभव करता है। प्राचार्य ने विजयी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सिंधु गुप्ता, रजनी कुमारी और गजाला परवीन ने निर्णायक की भूमिका निभाई। जबकि ज्योति कुमारी, पूजा कुमारी और दीपा कुमारी ने साज सज्जा में सहयोग किया।

# डाड़ी के चेपाकला में प्रकाश ठाकुर की गोली मारकर हत्या

## जंगलों में पुलिस कर रही है छापेमारी

**हजारीबाग की जिला परिषद अध्यक्ष सुशीला देवी के पति के हमले का मुख्य सूत्रधार था**



खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग/बड़कागांव।** अज्ञात अपराधियों ने शुक्रवार देर रात बड़कागांव के चेपा निवासी प्रकाश ठाकुर(38) की गोली मारकर हत्या कर दी। अपराधी पांच-सात की संख्या में आए और दरवाजा खुलवाकर बिना कुछ कहे गोली चला दी। घटना की सूचना मिलते ही डाड़ी थाना प्रभारी घटना स्थल पर पहुंचे और जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल हजारीबाग भेज दिया। थाना प्रभारी पिंटू कुमार ने बताया कि प्रकाश ठाकुर की हत्या किसने की, इसकी जानकारी पुलिस जुटा रही है। साथ ही आसपास के जंगलों में सघन छापेमारी अभियान पुलिस कर रही है। फिलहाल परिजनों के जरिये समाचार लिखे जाने तक किसी को नामजद आरोपित नहीं बनाया गया है। बताया जा रहा है की प्रकाश ठाकुर लखन साव पर गोली चलवाने के आरोप में लगभग दो वर्ष पूर्व जेल से जमानत पर रिहा हुए थे।

**अपराध से रहा है पुराना नाता**

वर्ष 2017 में हजारीबाग की जिला परिषद अध्यक्ष सुशीला देवी के पति लखन साव पर दिनदहाड़े हजारीबाग शहर में हुए हमला हुआ था। घटना का मुख्य सूत्रधार बड़कागांव के प्रकाश ठाकुर को माना गया था। हमले में शामिल शूटरों और अन्य आरोपी पुलिस की गिरफ्त में आने के बाद प्रकाश ठाकुर को गोलीकांड का मास्टरमाइंड बताया था। उस मामले में बिहार के अलग-अलग स्थानों से तीन आरोपी गिरफ्तार किए गए थे। इनमें मुंगेर जिले के सरौवनवां गढ़ी से पप्पू चौधरी, लखीसराय के अगला पीरीबाजार थाना क्षेत्र के महेशपुर से पंकज कुमार तथा बख्तियार लेख के सलेमपुर थाना क्षेत्र के विधिपुर से नीतेश गौतम की गिरफ्तारी की गई थी। बड़कागांव का प्रकाश ठाकुर लखन साव का पूर्व में बॉडीगार्ड रह चुका था। लखन से अलग होने के बाद प्रकाश एनटीपीसी में काम कर रहा था। उसे भय था कि उसके बढ़ते प्रभाव के कारण उसका काम लखन न केवल ठप करा सकता है, बल्कि उसकी हत्या भी कर सकता है।इसके बाद उसने इसकी चर्चा दोस्तों से करने पर उसका संपर्क शूटर पप्पू चौधरी से कराई थी। सिंदूर के मनोकामना होटल में बैठक के बाद सौदा 25 लाख रुपए में तय हुआ और पचास फीसदी भुगतान के बाद घटना को अंजाम दिया गया था। हालांकि उस घटना में लखन साव को गोली भी लगी थी और वे बाल बाल बच गए थे परन्तु वे आज तक पूर्ण रूप से स्वस्थ नहीं हो हैं। उनको हर माह इलाज के लिए दिल्ली आना जाना पड़ता है। गोलीकांड और हत्या के आरोप में प्रकाश ठाकुर को गिरफ्तार भी किया गया था और वे दो वर्ष पूर्व जमानत पर बाहर आये थे।

## पठवा हनुमान मंदिर का मना स्थापना दिवस

**ऐसे आयोजन से लोगों में धर्म के प्रति बढ़ती है आस्था : रौशनलाल चौधरी**

खबर मन्त्र संवाददाता



**रजरप्पा।** पठवा हनुमान मंदिर का 39वां स्थापना दिवस शुक्रवार को बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर में अनुष्ठान भंडारे का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह पूजा एवं रुद्राभिषेक कार्यक्रम प्रारंभ हुई। पूजा के बाद प्रसाद वितरण किया गया। 24 घंटे अखंड हरि कीर्तन भी संपन्न हुआ। स्थापना दिवस को लेकर पूरे पठवा हनुमान मंदिर परिसर को पूरी तरह आकर्षक विद्युत सज्जा एवं रंगो से रंगा गया था. वही रात्रि में भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन मौजूद रजरप्पा जीएम कल्याणजी प्रसाद ने मंच पर स्थित देवी-देवताओं के तस्वीर के समक्ष दीप जलाकर व चुनरी चढ़ा कर के क्षेत्र के लिए सुख समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम से पूर्व गणेश वंदना एवं हनुमान जी का आरती से शुरू की गईं. मौके पर जीएम ने कहा कि विशाल भंडारा एवं भव्य देवी जागरण का आयोजन बहुत बड़ी बात है। यहां के लोग भक्ति भावना से पूरी तरह ओत प्रोत हैं। रजरप्पा भक्ति की अविरल धारा बहती है। हर पर्व, त्यौहार के मौके पर सभी लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। यहां के लोगों में बेहतर कार्य करने की होड़ मची रहती है। ऐसी भक्ति भावना शायद ही कहीं देखने को मिले। वही मुख्य अथिति के रूप में मौजूद बड़कागाँव विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि धार्मिक आयोजन से लोगों में धर्म के प्रति आस्था बढ़ती है। लोग आपसी वैमनस्यता को भूला कर धार्मिक अनुष्ठानों में लीन हो जाते हैं। उन्होंने आगे कहा कि भक्ति में अपारशक्ति है। इस तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन से मानसिक विकार दूर होता है। भक्ति जागरण में भजन गायक दलजीत सिंह दीवाना, अमित तिवारी, गायिकी स्वीटी राज, स्वेता, सदानंद आदि ने भजन सुनाकर लोगों को झूमने के लिए मजबूर कर दिया। खासकर राम आएंगे, ए गणेश की मम्मी आदि गीतों से रजरप्पा कोयलांचल वासी खूब झूमें. संजय रांची द्वारा भव्य झांकियों को देखकर भक्त मंत्रमुग्ध हो गए। बताते चले कि पठवा हनुमान मंदिर का स्थापना 1985 ई. में किया गया था। कार्यक्रम का संचालन बबलू सिंह ने की. इससे पूर्व यहां पहुँचे अतिथियों व अन्य लोगों का कमेटी द्वारा चुनरी पहनाकर स्वागत किया गया एवं मंदिर का स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। आयोजन को सफल बनाने में पठवा हनुमान समिति के संरक्षक उमेश महतो, अध्यक्ष सह सेवई उत्तरी पंचायत मुखिया कुलदीप सिंह, दक्षिणी मुखिया किरण कुमारी, ललिता देवी सहित थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडेय, रजरप्पा पीओ आरके सिंह, प्राचार्य उमेश प्रसाद, चंदेश्वर सिंह, राजेंद्र नाथ चौधरी, अरुण चौधरी, महेंद्र मिस्त्री, चंद्रशेखर पटवा, किशुनलाल साव, सुखदेव करमाली, अरुणज्य कुमार रवि, जीवन महतो, सुजीत सिंह, आदित्य सिंह, संजीव घोष, अजय सिंह, रंजीत सिंह राठौर, सुरेंद्र प्रसाद, नवीन कुमार, विजय कुमार, अमित कुमार, संदीप कुमार, सुनील कुमार, प्रकाश यादव, अलबेला बाबा, नीलेश मिश्रा, शुभम गुप्ता, तारा प्रसाद, सोनू कुमार, संटू सहित सैकड़ो महिला पुरुष एवं धर्मप्रेमी मौजूद थे।

### शादी में बनारस गया परिवार, चोरों ने घर को किया साफ



**कुजू।** पोस्ट ऑफिस कुजू के पास एक आवास में चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। मामले को लेकर भुक्तभोगी प्रमोद कुमार सिंह ने कुजू ओपी में आवेदन दिया। जिसमें उन्होंने कहा है कि 27 नवंबर को अपने सपरिवार के साथ शादी समारोह में भाग लेने के लिए बनारस गये हुए थे। इस दौरान घर में ताला लगाये भी थे। इस बीच चोरों ने आवास का ताला तोड़कर कमरे के अलमीरा से जेवरात, सोने के नेकलेस, अंगुठी, चांदी का पायल, सोने का लॉकेट, चांदी का सिक्का, चांदी का बिस्कुट, सोनी कंपनी के टीवी के साथ ईन्वटर और बैटरी अपने साथ ले गये। जब हम लोग 29 नवंबर की रात्रि करीब 12 बजे घर पहुंचे तो देखा कि आवास का ताला टूटा हुआ है, और सामान गायब है।

### परवरिश स्कूल में कबड्डी प्रतियोगिता



**कुजू।** कुंदरियाबांध स्थित परवरिश विद्यालय के प्रांगण में छात्रों के बीच प्रतियोगिता कराया गया। जूनियर टीम के कक्षा पहली से कक्षा तीसरी के छात्र और सीनियर टीम कक्षा चौथी से कक्षा आठवीं के छात्र शामिल हुए। जिसमें दोनों टीम के अंतर्गत चार ग्रुप में बांटा गया, जूनियर ,ए बी सी डी एवं सीनियर ए बी सी डी। खेल का आगाज विद्यालय के निर्देशक शैलेंद्र कुमार सिंह एवं प्रबंधक निदेशक विकास कुमार सिंह के शुभकामनाओं के द्वारा और राष्ट्रीय गान के साथ किया गया। खेल की कोच संगीता कुमारी की अगुवाई से कबड्डी प्रतियोगिता संपन्न कराया गया। इस खेल का कमेंट्री विद्यालय की शिक्षिका सुश्री नंदिनी झा ने बहुत ही शानदार तरीके से किया।

### अपराधियों ने तोपा कांटा घर के अधिकारी को दी धमकी

**कुजू।** कुजू में अपराधियों ने एक बार फिर से रंगदारी को लेकर धमक दी है। अपराधी अब तोपा कोलियरी में माइनिंग शुरू होने से पहले ही रंगदारी मांगने के लिए अपराधियों ने अपने झंडे गाड़ने का प्रयास किया है। इसी के तहत शनिवार को तोपा परियोजना में इसका खासा असर देखने को मिला। दो दिन पूर्व तोपा चेक पोस्ट पर गोलीबारी कांड करने के बाद राहुल दूबे गैंग द्वारा कांटा घर के एक अधिकारी को फोन पर धमकी दी गई है। जिसमें राहुल दुबे नामक गैंग के अपराधकर्मियों ने कांटा घर के अधिकारी को मैनेज नहीं होने तक काम बंद रखने की चेतावनी दी है। जिसके बाद कांटा घर में सन्नाटा पसर गया। सभी अधिकारी अनिश्चितकालीन के लिए ठप्प कर कांटा घर को बंद कर दिया। जिसके कारण तोपा परियोजना से कोयला संप्रेषण कार्य पूरी तरह प्रभावित हो गया। साथ ही लोकल सेल में चलने वाली ट्रकों की एंट्री बंद होने से कोयला ढुलाई ठप पड़ गया। अधिकारियों ने कुजू पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने छानबीन की। अपराधियों की धमक के बाद से चेक पोस्ट में भी ताला लगा पड़ा है।

### नौनियाबेड़ा गांव का सीसीएल के अधिकारियों ने लिया जायजा



**कुजू।** सीसीएल तापिन परियोजना के नॉर्थ आउटसोर्सिंग खादान से महज 200 मीटर पर स्थित प्रभावित गाँव नौनियाबेड़ा के ग्रामीणों से मिलने के लिए परियोजना प्रबंधन आरएन सिंह तापिन पहुंचे। इस दौरान अबुआ संथाल समाज के केंद्रीय कोषाध्यक्ष सह झामुमो नेता दीपक टुडू के नेतृत्व में उन्होंने गांव के ज्वलंत समस्यों से अवगत हुए। साथ ही पूरे गांव का भ्रमण कर समस्याओं के समाधान को लेकर हर संभव सहयोग करने का भरोसा दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि गांव के विकास हो इसके लिए उच्चाधिकारियों तक आप सभी लोगों के समस्याओं को पहुंचाया जायेगा। मौके पर नौनिया ग्राम प्रधान रोहित मरांडी, पाहन चेतलाल सोरेन, प्राणिक अघनु बेसरा, सानू मदन सोरेन, अनिल सोरेन, साहेबराम मरांडी, अजय मरांडी, विजय किस्कू, सुखदेव बेसरा, सुलेन्द्र किस्कू, रूपन सोरेन, भारत टुडू, चंद्र देव मरांडी आदि शामिल थे।

## रामगढ़ में आठ दिसंबर से चलेगा पल्स पोलियो अभियान

**घर-घर जाकर बच्चों को पिलायी जायेगी पोलियो की खुराक : उपायुक्त**

खबर मन्त्र संवाददाता



**रामगढ़।** बच्चों के नियमित टीकाकरण, पल्स पोलियो अभियान को लेकर शनिवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग के जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान उपायुक्त सहित उपस्थित अन्य अधिकारियों को जानकारी दी गई कि पल्स पोलियो अभियान के तहत 8 दिसंबर से 10 दिसंबर तक 0 से 5 वर्ष तक के 171692 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित है ।

जिसमें 8 दिसंबर को 1067 बूथों पर व 9 एवं 10 दिसंबर को घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का कार्य किया जाएगा उक्त कार्य हेतु 49 ट्रांजिट टीम एवं 34 मोबाइल टीम बनाए गए हैं साथ ही 153 पर्यवेक्षकों को कार्य में लगाया जाएगा। मौके पर उपायुक्त में सफलतापूर्वक पल्स पोलियो अभियान संपन्न करने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिया । उपायुक्त ने नियमित टीकाकरण के तहत स्वास्थ्य विभाग के पूर्व में हुई जिला स्तरीय टास्कफोर्स की बैठक में दिए गए निर्देशों के आलोक में किए गए कार्यों की जानकारी ली जिसके उपरांत डब्लूएचओ एसएमओ से डॉ सलीन द्वारा पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से उपायुक्त एवं बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को रामगढ़ जिले में बच्चों के नियमित टीकाकरण के तहत खसरा एवं रूबेला सहित बच्चों में नियमित टीकाकरण के अभाव में होने वाली विभिन्न बीमारियों को लेकर जिले में अब तक हुए कार्यों की जानकारी एवं उनमें किए जाने वाले सुधार के संबंध में किए जाने वाले कार्यों के बारे में बताया गया।उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, चिकित्सकों सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को खसरा एवं रूबेला संबंधित मामलों की पहचान हेतु योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने एवं सर्विलेंस सिस्टम में सुधार के तहत सदर अस्पताल सहित अन्य स्वास्थ्य केन्द्रों आदि में आने वाले बच्चों जिनमे घमौरी के साथ-साथ बुखार के लक्षण हो उन्हें चिन्हित कर डीआरसीएचओ एवं डब्लूएचओ के चिकित्सकों के संज्ञान में लाने का निर्देश दिया।

## एक नजर में

### टाइल्स लदा ट्रेलर पलटा, एक की मौत



**बड़कागांव।** हजारीबाग की ओर से टाइल्स लदा 18 चक्का ट्रेलर (बीआर 24 जीडी 1117) अनियंत्रित होकर बड़कागांव हजारीबाग मुख्य सड़क के 13 माईल के पास पलट गया। इस बीच बाइक (जेएच 02 एवी 1998) से जा रहे केरेडारी प्रखंड के कांडबेर निवासी केदार साव (50) टाइल्स ने नीचे दबकर मौत हो गई।इसकी सूचना कंडाबेर मुखिया दिनेश साव को देकर मुआवजे की मांग को लेकर 13 माइल के पास सड़क जाम कर दिया। सड़क जाम की खबर मिलते ही पूर्व विधायक निर्मला देवी धरने स्थल पर पहुंच कर धरने में मृतक के परिजनों के साथ बैठकर मुआवजा की मांग करने लगी। बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी सहित घटना स्थल पर पहुंचे और मृतक के परिजनों से मिले।

### बच्चों से लदा वाहन गड्ढे में गिरा, एक घायल



कटकमसांडी। शनिवार को करीब आठ बजे सुबह हजारीबाग से कटकमसांडी की ओर जा रहा एक सवारी वाहन लखनु छल्टा मोड़ पर अनियंत्रित होकर गड्ढे मे जा गिरा। यह सवारी गाड़ी मटवारी स्थित किसी कोचिंग संस्थान से बच्चों को तमासीन (चतरा) शैक्षणिक भ्रमण के लिए जा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि चालक ने अपने सूझबूझ से वाहन को पलटने से बचाया। वरना बहुत बड़ी घटना घट सकती थी। इनमे एक बच्चे के सिर मे चोटें आई है, जिसे बेहतर इलाज के लिए शेख भिखारी मेडिकल कालेज अस्पताल मे भर्ती कराया गया है। सूचना मिलने पर कटकमसांडी थानाप्रभारी राज वल्लभ कुमार मौके पर पहुंचकर सभी बच्चो को अन्य वाहनो से वापस हजारीबाग भेजवाया और दुर्घटनाग्रस्त वाहन को थाने लाया। बता दें कि कटकमसांडी हजारीबाग पर स्थित लखनु छलटा तीखी मोड़ पर आए दिन वाहनें दुर्घटनाग्रस्त होती है, जिनमें अबतक आधा दर्जन लोगों की मौतें हो चुकी है। स्थानीय लोग कई बार जिला प्रशासन को मोड़ के दोनों ओर स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग की है।

### चरही : सड़क दुर्घटना में चालक की मौत

चरही।थाना क्षेत्र के चरही ओभर ब्रिज के समीप शनिवार को सड़क दुर्घटना में हाइवा ट्रक के चालक को मौत हो गई।जानकारी के अनुसार हाइवा नबर जेएच 02 पीएस/1056 के चालक चतरा जिला के तन्डवा निवासी धनेसर प्रसाद ट्रक को कोयला लोडिंग के लिए हजारीबाग से पतरातू जा रहा था।इसी बीच पीछे से आ रही अज्ञात वाहन से टक्कर हो गई।।जिस कारण ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।चरही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर चालक को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया।जहां पर इलाज के क्रम में मौत हो गई।

### प्राचार्य ने विधायक मनोज यादव को दी बधाई

बरही। बरही डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जयप्रकाश आनंद ने बरही विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक मनोज कुमार यादव को प्रचंड बहुमत से जीत की बधाई दी। डॉ जयप्रकाश आनंद ने विधायक मनोज यादव से मुलाकात कर उन्हें पुष्पगुच्छ और फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने विधायक को बरही डिग्री कॉलेज में आयोजित होने वाले नव नामांकित छात्र-छात्राओं के इंडक्शन मीट में मुख्य अतिथि के रूप में आने का निमंत्रण दिया। प्राचार्य ने विधायक को बरही विधानसभा का प्रतिनिधित्व करते हुए क्षेत्र के विकास के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने आशा जताई कि बरही के सरकारी डिग्री कॉलेज आने वाले समय में विधायक के सहयोग से नई ऊंचाइयों तक पहुंचेगा।

### संदीप दुबे के निधन पर दी गयी श्रद्धांजलि




हजारीबाग। जिला अभिलेखागार कार्यालय, हजारीबाग में कार्यरत लिपिक संदीप कुमार दुबे का ईलाज के दौरान शनिवार पूर्वाह्न में निधन हो गया है। वें लंबे समय से बीमार थे। उनके दुखद निधन एवं दिवंगत आत्मा की शांति के लिए उपायुक्त नैंसी सहाय एवं उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद समेत सभी समाहरणालय के सभी अधिकारी कार्मियों ने सभाकक्ष में दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की। इस मौके पर उपायुक्त ने श्री दुबे की असामयिक निधन पर अपनी गहरी संवेदना प्रकट की और ईश्वर से उनके परिवार को इस दु:ख की घड़ी में धैर्य धारण करने की प्रार्थना की।

### लिपिक के निधन पर अंचल कार्यालय में शोक सभा

**बरही।** बरही प्रखंड सह अंचल कार्यालय में हजारीबाग अभिलेखागार कार्यालय के लिपिक संदीप कुमार दुबे के आकस्मिक निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। सभा में सभी पदाधिकारियों और कर्मचारियों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा और श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने दिवंगत संदीप कुमार दुबे के परिवार को इस कठिन समय में धैर्य और साहस प्रदान करने की प्रार्थना की।शोक सभा में बरही बीडीओ जयपाल महतो, सीओ अमित किस्कू, सीआई रीतलाल रजक, बड़ा बाबू गोपाल राम, मो इम्तियाज, कमलेश भारती, विजय कुमार, महेंद्र प्रसाद, जेएसएलपीएस बीपीएम केदार प्रजापति, जितेंद्र रविदास, प्रशांत कुमार, जीवलाल, मोहन मिर्धा, सागर कुमार समेत सभी पंचायत सचिव, अनुसेवक व प्रखंड और अंचल कार्यालय के सभी कर्मचारी उपस्थित थे। इस दौरान बीडीओ ने सभी कर्मियों से ठंड में पौष्टिक आहार का सेवन करने का सलाह दिया। साथ ही अपने दैनिक जीवन में स्वास्थ्य पर ध्यान देने की बात कही।

### सीधे ऑफिस में संपर्क करे जनता : सीओ



बरही। बरही अंचल अधिकारी अमित किस्कू ने पत्रकारों को बताया कि किसी भी अंचल संबंधी कार्यों को लेकर आम जनता सीधे उनके कार्यालय से संपर्क कर सकते है। उन्होंने बताया कि सरकारी कार्यों को पारदर्शी और सरल बनाने के लिए यह कदम उठाया गया है, ताकि जनता को बिचौलियों पर निर्भर न रहना पड़े। बरही अंचल अधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि सभी प्रकार के भूमि संबंधी विवाद, दाखिल-खारिज, मालगुजारी तथा अन्य प्रशासनिक मामलों के समाधान के लिए कार्यालय हमेशा तत्पर है। उन्होंने जनता को भरोसा दिलाते हुए कहा कि सभी समस्याओं का निपटारा त्वरित और निष्पक्ष तरीके से किया जाएगा।

### किसान का पुआल व धान जलकर खाक

दारू। कबिलासी पंचायत के गाड़ीसाड़म के बटवारी टांड के एक खलिहान में आग लगने से खलिहान में रखा पुआल व धान जल कर राख हो गया। यह घटना सुबह के करीब 9:15 बजे कि है। खलियान में रखे 250 बोझा का पुआल और धान का नुकसान हुआ। ग्रामीणों की तत्परता से आग पर जल्द ही काबू पा लिया गया और बागल के खलिहानों में फैलने से बचाव किया गया। खलिहान विशेश्वर महतो का था। खलिहान में आग कैसे लगा इसकी भनक किसी को नही लग पाया है। ग्रामीणों के द्वारा कई प्रकार का कयास लगाया जा रहा है। हालांकि पुआल जल जाने से कृषक के समक्ष अपने मवेशियों को साल भर चारा खिलाने की समस्या उत्पन्न हो गई है, विशेश्वर महतो काफी मायूस भी दिखे।

बेहतर तैयारी कर पायें सरकारी जॉब
कुमार गौरव अजीतेन्दु

साल 2024 का अंतिम माह दिसंबर शुरू होने वाला है और ऐसे में एक बार फिर से आपके समक्ष हैं अपने कैरियर को बेहतर और स्थाई रूप देने के लिए ढेर सारे अवसर। तो ध्यान से पढ़िये, योग्यता आदि जांचिये और कीजिये आवेदन।

इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड में मौका

इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड ने विभिन्न विषयों में इंजीनियर, उप प्रबंधक, प्रबंधक, वरिष्ठ प्रबंधक और सहायक महाप्रबंधक पदों पर भर्ती के लिए आधिकारिक अधिसूचना निकाली है। इन पदों के लिए इच्छुक और योग्य उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। प्रक्रिया वेबसाइट पर चालू है। आवेदन की अंतिम तिथि 2 दिसंबर, 2024 रखी गयी है। इस प्रक्रिया के जरिये कुल 58 पदों को भरना है, जिसमें इंजीनियर के लिए 6, उप प्रबंधक के लिए 24, प्रबंधक के लिए 24, वरिष्ठ प्रबंधक के लिए 3 और सहायक महाप्रबंधक के लिए एक पद शामिल है। हालांकि पदों की संख्या में बदलाव हो सकता है। उल्लिखित पदों के लिए ऊपरी आयु सीमा 32 से 36 वर्ष के बीच है। चयन लिखित परीक्षा/साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा। उम्मीदवार संगठन की आधिकारिक साइट १ीू१४३ेल्ल३ि’.्रल्ल पर विस्तृत विवरण देख सकते हैं। शैक्षणिक योग्यता पदों के अनुसार अलग-अलग है।

पूर्वी रेलवे में भर्ती

पूर्वी रेलवे ने ग्रुप सी और डी पदों पर



भर्ती निकाली हुई है। जिस के तहत स्तर-1, 2, 3, 4 और 5 की रिक्तियां अधिसूचित की गई हैं। इच्छुक तथा पात्र उम्मीदवार आरआरसी/ईआर की आधिकारिक वेबसाइट । के माध्यम से अपना आवेदन ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया अभी 14 दिसंबर, 2024 तक चलेगी। यह भर्ती खेल कोटे के तहत की जाएगी। अभ्यर्थियों की आयु 18 से 25 वर्ष के बीच होनी चाहिए जिसकी गणना की तिथि 01.01.2025 होगी। चयन प्रक्रिया में 50 अंकों के लिए मानदंडों के अनुसार मान्यता प्राप्त खेल उपलब्धि का मूल्यांकन, 40 अंकों के लिए खेल कौशल, शारीरिक फिटनेस और ट्रायल के दौरान कोच के अवलोकन और 10 अंकों के लिए शैक्षिक योग्यता शामिल है।

भारतीय नौसेना में अवसर

भारतीय नौसेना ने एग्जीक्यूटिव और टेक्निकल ब्रांच के लिए भर्ती प्रक्रिया की घोषणा की है। इन पदों के लिए आवेदन करने के इच्छुक उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट,्रल्लिं्रल्लल्लं५८.्र५.ल्ल के माध्यम से 6 दिसंबर से उपरोक्त पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 20 दिसंबर है। एग्जीक्यूटिव और टेक्निकल ब्रांच में कुल 36 रिक्तियों पर भर्ती की जाएगी, जिनमें से 7 रिक्तियां महिलाओं के लिए हैं। अभ्यर्थी को किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10+2 या इसके समकक्ष परीक्षा भौतिकी, रसायन विज्ञान और गणित में न्यूनतम 70 प्रतिशत अंकों और अंग्रेजी में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण होना चाहिए। जो अभ्यर्थी बीई/बीटेक के लिए जेईई मेन 2024 में सम्मिलित हुए हैं, उन्हें सेवा चयन बोर्ड के लिए कॉल-अप एनटी द्वारा प्रकाशित जेईई मेन ऑल इंडिया कॉमन रैंक लिस्ट 2024 के आधार पर जारी किया जाएगा। आवेदन करने वाले उम्मीदवारों का जन्म 2 जनवरी 2006 से 1 जुलाई 2008 के बीच होना चाहिए। इस नौकरी के लिए आवेदन शुल्क नहीं देना होगा।

सेवानिवृत्त लोगों को भी मौका

नौकरी से सेवानिवृत्त लोगों के लिए बेहतरीन मौका है, क्योंकि दिल्ली मैट्रो में निकली भर्ती केवल उन्हीं लोगों के लिए हैं। हाल ही में दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड ने मैनेजर और असिस्टेंट मैनेजर के लिए नोटिफिकेशन निकाला है। इच्छुक और पात्र उम्मीदवार दिल्ली मेट्रो की आधिकारिक वेबसाइट ि३१्र१’.्र पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने की आखिरी तिथि 3 दिसंबर, 2024 है। चयन डीएमआरसी के लिए व्यक्तिगत साक्षात्कार और मेडिकल फिटनेस परीक्षा के आधार पर होगा। चयनित उम्मीदवारों को प्रति माह 87,800 रुपये वेतन दिया जाएगा।

सीमा सड़क संगठन में अवसर

सीमा सड़क संगठन में नौकरी पाने के इच्छुक उम्मीदवारों के लिए शानदार मौका आया है। वे आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया चालू है। इस भर्ती अभियान का लक्ष्य कुल 466 पदों को भरना है, जिसमें ड्राफ्ट्समैन, सुपरवाइजर, टर्नर, मशीनिस्ट और ऑपरेटर समेत कई अन्य पद शामिल है। उम्मीदवारों का 10वीं पास होना आवश्यक है। न्यूनतम आयु सीमा सभी पदों के लिए 18 वर्ष है। ऊपरी आयु सीमा अलग-अलग रखी गयी है, कुछ पदों के लिए यह 27 वर्ष है तो शेष के लिए 25 वर्ष

## बढ़े तरक्की की आस

**प्रशांत झा**



जल्दबाजी और आधे-अधूरे ज्ञान के आधार पर लिए गए निर्णय आपके कैरियर को नुक्सान पहुंचा सकते हैं। इसी प्रकार आपके व्यवहार और स्वभाव की कुछ कमियां भी आपकी कामयाबी की रह में रोड़े अटका सकती हैं। बेहतर होगा कि आप इनके प्रति समय रहते सतर्क हो जाएं।

**भरोसा कोरी डिग्री पर**

आज के प्रतियोगी युग में सिर्फ डिग्री के भरोसे जॉब मार्केट में कूद पड़ना आपको आगे चलकर बड़ी तकलीफ दे सकता है। माना कि एक अच्छी डिग्री और प्रोफेशनल कोर्स आपको एक बढ़िया जॉब दिला सकते हैं, लेकिन आगे चलकर आपको तरक्की करनी है, तो तकनीक और नॉलेज के मामले में खुद को लगातार अपडेट करना होगा। नई स्किल सीख अपने आपको हुनरमंद बनाना होगा।

**बार-बार जॉब बदलना**

आप एक प्रतिष्ठित कम्पनी में काम कर रहे हैं और कहीं जरा सी अधिक सैलरी का ऑफर आते ही वहां चले गए, यह गलत रवैया है। ऐसे में रेपुटेशन खराब होती है। जब आप बार-बार असंतुष्ट होकर या जरा सी अधिक सैलरी के लिए नौकरियां बदलते जाएंगे तो नियोक्ता आपको लेकर संशय में रहेगा। कोई भी कम्पनी जिम्मेदारी वाला जॉब देने से कतराएगी।

**पैशन को प्रोफेशन बनाना**

पैशन को प्रोफेशन बनने की सोच रहे हैं तो जब तक आप अपने काम में अच्छी तरह पारंगत न हों तब तक पैशन के बूते प्रोफेशन चुनने की गलती न करें। जॉब मार्केट में उन्हीं लोगों की कद्र होती है, जिनकी अपने काम पर पकड़ होती है। इसलिए जीवन के लक्ष्य पूरे करने को नियमित आय वाले बिजनेस-प्रोफेशन को ही चुनना चाहिए। अगर आपको गिटार बजाना पसंद है, बागवानी या ड्राइंग अच्छी लगती है, तो आप क्रमशः बैंड के मेम्बर, नर्सरी केयरटेकर या आर्टिस्ट बन सकते हैं। लेकिन जोश के चलते पर्याप्त आय न होने पर निर्णय पर पछताना पड़ता है।

**खुलकर न बोलना**

इंट्रोवर्ट और संकोची स्वभाव का होना आपकी प्रोफेशनल लाइफ के लिए नुकसानदायक साबित होगा। ऐसे में आप कहीं भी अपनी प्रतिभा का सही परिचय नहीं दे पाएंगे और लोगों से मिलने-जुलने में भी कतराएंगे। एक कमजोर सेल्स पर्सन साबित हो सकते हैं। न तो जॉब मार्केट में खुद को बेच पाएंगे और न ही अपनी कंपनी की सर्विसेज या प्रॉडक्ट को। आप कम्पनी की मीटिंग,सेमिनार और कॉन्फ्रेंस में या बॉस के सामने भी विचार नहीं रख पाएंगे। कर्मियों की भीड़ का हिस्सा भर रह जाएंगे और बड़े पद तक नहीं पहुंच पाएंगे।

# 12वीं पास भी बन सकते हैं एथिकल हैकर्स

**बृज मोहन ओझा**




नेट पर निर्भरता बढ़ने के साथ गोपनीय या व्यक्तिगत सूचनाएं लीक होने का खतरा भी बढ़ा है। इसके अलावा, बैंक अकाउंट में सेंध लगाने या पासवर्ड हैक कर लोगों या बैंकों को चूना लगाने की बढ़ती घटनाओं पर अंकुश लगाना आज के समय में बड़ी चुनौती है। इससे निपटने के लिए ही एथिकल हैकिंग के विशेषज्ञों की जरूरत लगातार बढ़ रही है। जरा सोचिए, अगर आपकी फेसबुक वॉल पर कोई अश्लील पोस्ट टैग कर दिया जाये या फिर आपका पासवर्ड चुराकर आपके खाते से पैसा निकाल लिया जाये या आपकी पर्सनल फोटो चुराकर कोई उसे सार्वजनिक कर दे, तो फिर आपकी स्थिति क्या होगी? इससे आपको बड़ा आर्थिक नुकसान भी हो सकता है। मगर इंटरनेट के जरिए ऐसी घटनाएं रोज हो रही हैं। इसे ही हैकिंग कहते हैं।

आजकल लगभग हर गतिविधि ऑनलाइन हो गयी है। अपने देश की बात करें, तो आज हमारे यहां करीब 35 करोड़ लोग इंटरनेट का इस्तेमाल कर रहे हैं। उनके हाथों में स्मार्टफोन, कंप्यूटर या लैपटॉप है, जिस पर वे पर्सनल और प्रोफेशनल हर बात शेयर करने लगे हैं। ऐसे में साइबर क्राइम की घटनाएं भी बढ़ रही हैं। वर्ष 2015 में साइबर जासूसी की 49,455 घटनाएं हुईं। जाहिर है, साइबर सिक्योरिटी आज एक बड़ी चुनौती है।

### क्या है एथिकल हैकिंग

एथिकल हैकिंग, जैसा कि नाम से ही स्पष्ट है, अनएथिकल हैकिंग को रोकने के लिए की जाती है। यह एथिकल (नैतिक) इसलिए है, क्योंकि इसे मालिक के कहने पर ही किया जाता है। एथिकल हैकर्स भी हैकर्स की तरह ही कंप्यूटर और नेटवर्क के अच्छे जानकार होते हैं। किसी भी कंपनी में ऐसे प्रोफेशनल का काम यह सुनिश्चित करना होता है कि कोई बाहरी व्यक्ति कंपनी के आईटी सिस्टम की सिक्योरिटी तोड़कर उसकी कोई सूचना न चुरा सके और न ही किसी फाइल को कोई नुकसान पहुंचा सके।

### चाहिए हजारों विशेषज्ञ

नैस्कॉम की एक ताजा रिपोर्ट के अनुसार, देश में अभी सिर्फ 50 हजार के लगभग साइबर सिक्योरिटी प्रोफेशनल हैं। जबकि दूर-दराज के क्षेत्रों में इंटरनेट जिस तेजी से लोगों तक पहुंच रहा है, उसे देखते हुए हर साल करीब 77 हजार एथिकल हैकर्स की जरूरत है। इस तरह स्थानीय और वैश्विक बाजार की जरूरतों को पूरा करने के लिए भारत को वर्ष 2020 तक लगभग 50 लाख एथिकल हैकर चाहिए लेकिन वर्तमान में हर साल इस क्षेत्र में सिर्फ 15 हजार प्रोफेशनल्स ही आ रहे हैं।

### चमकदार करियर

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'डिजिटल इंडिया' धीरे-धीरे गति पकड़ रही है। सरकारी महत्वपूर्ण सूचनाएं भी ऑनलाइन की जा रही हैं। लेकिन इससे भी ज्यादा इन सूचनाओं की सुरक्षा जरूरी है। एक अनुमान के मुताबिक, केंद्र की इस पहल से देश भर में करीब 1.7 करोड़ नयी नौकरियों के अवसर पैदा होंगे, जिनमें सबसे ज्यादा मांग एथिकल हैकर्स की रहेगी। वहीं, दूसरी ओर सभी बड़ी आईटी कंपनियां अपना खुद का डाटा सेंटर बना रही हैं। इन्हें भी कुशल साइबर सिक्योरिटी प्रोफेशनल्स चाहिए। साइबर सिक्योरिटी को लेकर आने वाले दिनों में लोग भी पर्सनल सर्विसेज लेना शुरू करेंगे।

### जॉब के अवसर

एथिकल हैकर्स की आज भी आईटी कंपनियों में खूब मांग है। इसके अलावा, आप आईटी सिक्योरिटी सर्टिफिकेशन की सर्विस देने वाली कंपनियों और आईटी फर्म्स में भी साइबर सिक्योरिटी प्रोफेशनल की नौकरी पा सकते हैं। लॉ फर्म्स, बैंक, टेलीकॉम कंपनियां और पुलिस विभाग भी इनकी सेवाएं ले रहा है।

### कौन-कौन से कोर्स

इंजीनियरिंग के बाद एथिकल हैकिंग में स्पेशलाइजेशन किया जा सकता है। 12वीं के बाद भी कोर्स करने का विकल्प है। कुछ संस्थान यह कोर्स 10वीं के बाद भी करा रहे हैं। ये कोर्स छह माह तथा एक साल की अवधि के हैं।

### कितनी सैलरी

एथिकल हैकिंग में कमाई आपकी काबिलियत पर निर्भर करती है। फिर भी प्रायः ऐसे प्रोफेशनल को शुरुआत में किसी भी नामी कंपनी से 35 से 40 हजार रुपए की सैलरी आसानी से मिल जाती है। अनुभव बढ़ने पर 70 से 80 हजार कमाये जा सकते हैं।

### एक्सपर्ट राय

साइबर सुरक्षा का विस्तार आज के समय बहुत ज्यादा है। आने वाले दिनों में इसकी जरूरत और ज्यादा पड़ेगी, क्योंकि अब कंप्यूटर व स्मार्टफोन हर किसी की दिनचर्या में शामिल हो गये हैं। हर तरह की महत्वपूर्ण पर्सनल जानकारी भी लोग कंप्यूटर और मोबाइल में ही रख रहे हैं, जिसे कभी भी कोई हैक कर सकता है। एथिकल हैकर्स वे लोग हैं, जो आधिकारिक अनुमति के साथ सिस्टम में मौजूद लूपहोल्स को ठीक करने का काम करते हैं। यह एक वैकल्पिक व्यवस्था है, इसलिए एथिकल हैकिंग आईटी में रुचि रखने वालों के लिए बहुत आकर्षक ऑप्शन बन गया है। आजकल सभी कंपनियां अपना नेटवर्क इस्तेमाल कर रही हैं और उसमें कोई छेड़खानी न कर पाये, इसके लिए अपने यहां एथिकल हैकर्स रख रही हैं। इस फील्ड में वे सभी युवा करियर बना सकते हैं, जिनकी रुचि कंप्यूटर, मोबाइल और गैजेट्स में है या फिर जिन्होंने कोई आइटी कोर्स किया हुआ है। एथिकल हैकिंग के विशेषज्ञ बनकर गलत नीयत वाले आईटी के जानकारों यानी हैकर्स से लोगों और कंपनियों को बचाने के साथ- साथ आप हैकर्स को सबक भी सिखा सकते हैं।

## मोटिवेशन | क्षमता कम करता है चिड़चिड़ापन


**एडी बाधवा**
सीएमए सह मोटिवेटर

आपने देखा होगा कि कुछ लोग किच-किच स्वभाव के होते हैं। वे हर बात पर किच-किच करते रहते हैं। उनकी इस प्रकार कि चिड़चिड़ाहट उन्हें उनके हर दोस्त और सगे संबंधियों सहित नजदिकियों से दूर ले जाती है साथ ही लोग उससे दूरी बना लेते हैं। ऐसे लोग न खुद शांति से रहते हैं और नही दूसरो को शांति से रहने देते हैं। ऐसे लोगो को ही हम स्वयं के लिए समस्या और अन्य लोगों के लिए भी समस्या का नाम दे देते हैं। इन्हें हम इन नाम के विभूति के तौर पर जानते और अन्य को बताते हैं। हमारे एक सहयोगी भी इसी प्रवृति के हैं और वे सुबह-सुबह कार्यालय आने के साथ शांति से कार्यालय में नहीं बैठते बल्कि हर दूसरे व्यक्ति के कार्य में कमी ढूंढने लगते हैं। वे यहीं नहीं ठहरते बल्कि वे उसकी कमी उसे बताकर उससे नाराजगी मोल ले लेते हैं। उसके साथ आंरभ हुई बार्ता थोड़ी देर में झगड़ा में बदल जाती है। इसके कारण पूरे कार्यालय का माहौल अशांत हो जाता है। स्वयं तो अंशात होते ही हैं और अन्य लोगों को भी अशांत कर देते हैं।

ऐसे लोग स्वयं को सदा सही मानते हैं और दूसरो को गलत मानते हैं। उन्हें लगता है कि उनसे अधिक जानकार कोई और है ही नहीं। स्वंय को जानकार समझना गलत नहीं है, लेकिन दूसरो को कम जानकार समझना गलत है। जो व्यक्ति लगातार किच-किच करते रहते हैं वे हमेशा गुस्से में रहते हैं। वे आपका कुछ अहित करे या न करें लेकिन वे आपको मानसिक रूप से विचलित अवश्य रखते हैं।

अगर आप ऐसे लोग के साथ काम कर रहे हैं तो आप सावधान रहें। आप उनके शिंकजे में ने फंसे। भरसक चेष्टा करें कि आप उनसे दूर रहें उनके कम से कम बात करें।

# ई-कॉमर्स में तलाश रहे हैं करियर, तो यह हैं हॉटेस्ट जॉब्स



अगर आप इनोवेटिव, इंटरेस्टिंग और हॉटेस्ट जॉब सर्च कर रहे हैं तो इसके लिए आपको अब ई-कॉमर्स का रुख करना चाहिए। आप वाकई में ई-कॉमर्स के क्षेत्र में आने का मन बना रहे हैं तो आपको पैशनेट और इमेजिनेटिव होने की जरूरत है। आपने जितना सोचा होगा यह उससे कहीं ज्यादा व्यापक क्षेत्र है। इसलिए नहीं कि इसकी कई सारी शाखाएं हैं और इसने बेहतरीन विकास किया है लेकिन इसकी भी क्योंकि आपको यहां सीखने के कई अवसर मिलेंगे। एक बार आप इस क्षेत्र में आये तो पीछे मुड़कर नहीं देखेंगे। ई-कॉमर्स ने भारत में यह 5 शानदार रोजगार के अवसर प्रदान किए हैं।

**इंटरेक्टिव डिजाइनर**: एक इंटरेक्टिव डिजाइनर मूल रूप से यूजर को अपनी वेबसाइट को पसंद करने के लिए तैयार करता है। उनका मुख्य काम है वेबसाइट को यूजर फ्रेंडली बनाना और इतना आकर्षक बनाना कि अपने विभिन्न लक्ष्यों को पाने के लिए सहायक हों। इस काम के लिए आपको डिजाइन प्रोसेस, टेक्नोलॉजी और यूजर साइकोलॉजी का अच्छा ज्ञान होना चाहिए।

**सर्च इंजिन ऑप्टिमाइजेशन**: कोई भी कॉमर्स वेबसाइट खुद को अनदेखा नहीं रखना चाहेगी और एसईओ स्पेशलिस्ट वही हैं जो उन्हें लोगों की नजर में लाते हैं। इसलिए अगर आपको नेट सर्फिंग पसंद हैं और अगर आप जानते हैं कि गूगल के पहले पेज पर वेबसाइट को किस तरह लाना है तो आप इस क्षेत्र में काफी आगे बढ़ सकते हैं। यह ई-कॉमर्स इंडस्ट्री की सुपर डिमांड है।

**लॉजिस्टिक मैनेजमेंट**: एक ई-कॉमर्स लॉजिस्टिक मैनेजर बिजनेस के लॉजिस्टिक्स और फिजिकल डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क को देखता है। इसलिए अगर आप ई-कॉमर्स बिजनेस के डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क इंफ्रास्ट्रक्चर में वैल्यू एड कर सकते हैं तो यह जॉब आपके लिए शानदार हो सकता है।

**डिजिटल मार्केटिंग**: बिजनेस के ऑनलाइन प्रेजेंस को बढ़ाने के लिए जितने भी पहलू हैं उसे डिजिटल मार्केटिंग एक्सपर्ट हैंडल करते हैं। इसमें सोशल मीडियो मार्केटिंग, ऑनलाइन ब्रांड रेपुटेशन मैनेजमेंट, पेड एडवरटाइजिंग, वेबसाइट डिजाइन, एसईओ, ईमेल मार्केटिंग कैम्पेन से लेकर वेबसाइट एनालिटिक्स तक शामिल हैं।

**वेब डेवलपर**: ऐसे समय जब ई-कॉमर्स मार्केट में कई सारे प्लेयर्स मौजूद हो और प्रतिस्पर्धा कठिन हो तो छोटी सी तकनीकी समस्या चीजें बिगाड़ सकती हैं। इसलिए यूआई/यूएक्स डेवलपर की जरूरत से इनकार नहीं किया जा सकता। इसलिए अगर आप डेवलपमेंट, डिजाइन और टेस्टिंग में एक्पर्ट हैं तो इस इंडस्ट्री में अच्छा ग्रो करेंगे।


# यूजीसी नेट : हर पेपर के लिए बेहतर रणनीति जरूरी

नेशनल एलिजिबिलिटी टेस्ट (नेट) उच्च शिक्षा के लिए करायी जाने वाली सबसे महत्वपूर्ण परीक्षा है।

### पेपर 1: बेसिक्स पर हो ध्यान

पेपर 1 में जनरल सब्जेक्ट्स जैसे इंग्लिश, रीजनिंग, कॉम्प्रिहेन्शन, डायवर्जेंट थिंकिंग और जनरल अवेयरनेस जैसे विषयों से प्रश्न पूछे जाते हैं, चूंकि इस पेपर का सिलेबस बहुत विस्तृत है, इसलिए उम्मीदवार के पास टॉपिक्स के हर पहलू की विस्तृत जानकारी होना जरूरी है। आपको दिन में कम से कम एक घंटा इंग्लिश की तैयारी को देना चाहिए। इसके लिए अपनी ग्रामर के साथ- साथ वोकैबलरी पर भी ध्यान दें। करंट अफेयर्स की तैयारी के लिए अखबार और जनरल नॉलेज पर आधारित मैगजीन पढ़ें। नेशनल, इंटरनेशनल और स्पोर्ट्स जैसे सेग्मेंट्स से जुड़ी खबरें ही परीक्षा के लिहाज से महत्वपूर्ण हैं। इसके अलावा आपको प्रश्नों को समझकर उत्तर देने की क्षमता विकसित करनी चाहिए। लॉजिकल रीजनिंग की प्रैक्टिस के लिए प्रतिदिन कम से कम एक मॉक टेस्ट जरूर दें और हर टेस्ट में अपनी स्पीड बढ़ाने पर फोकस करें।

### पेपर 2: हर चैप्टर गौर से जरूर पढ़ें




यह पेपर सब्जेक्ट-बेस्ड होता है। लिहाजा उम्मीदवार ने जिस विषय को चुना है, उसी से ऑब्जेक्टिव टाइप प्रश्न पूछे जाते हैं। इस पेपर में 50 प्रश्न आते हैं और सभी को हल करना अनिवार्य होता है। पेपर को हल करने के लिए एक घंटे पंद्रह मिनट का समय दिया जाता है। चूंकि इस पेपर के लिए उम्मीदवारों को वही विषय चुनना होता है जिसमें उन्होंने मास्टर्स किया हो, इसलिए उनसे यह उम्मीद की जाती है कि उन्हें विषय के बेसिक्स के साथ एडवांस्ड नॉलेज भी हो। इस पेपर की तैयारी के लिए उम्मीदवारों को अपने विषय की इंटरमीडिएट की पुस्तकों से तैयारी शुरू करनी चाहिए ताकि टॉपिक्स के बेसिक्स क्लियर हों। इसके बाद अपनी तैयारी के स्तर को बढ़ाना चाहिए। इस पेपर की तैयारी के लिए दिन में 4-5 घंटे का समय निकालें और अपने नोट्स खुद बनाकर पढ़ाई करें।

### पेपर 3: विस्तृत पढ़ाई जरूरी

पेपर 3 को नेट का सबसे टफ पेपर माना जा सकता है। हालांकि यह भी उम्मीदवारों के द्वारा चुने गये विषय पर ही आधारित होता है, लेकिन इस पेपर में पूछे जाने वाले प्रश्न बेहद ट्रिकी और टफ होते हैं। परीक्षार्थी को सभी प्रश्नों को हल करना होता है। आप इसके टफ लेवल का अंदाजा इसी बात से लगा सकते हैं कि सिर्फ इस पेपर को हल करने के लिए ढाई घंटे का समय दिया जाता है। इस पेपर को क्वॉलिफाई करने के लिए हर टॉपिक को डीटेल में पढ़ना बहुत जरूरी है। इसकी तैयारी के लिए अपने विषय के वीक और स्ट्रॉन्ग चैप्टर्स को अलग-अलग बांट लें। फिर पहले स्ट्रॉन्ग चैप्टर्स की तैयारी करें। एक बार ये चैप्टर्स पढ़ने के बाद वीक चैप्टर्स को एक-एक करके तैयार करना शुरू करें। साथ ही जो चैप्टर्स तैयार करते जा रहे हैं, उन्हें प्रतिदिन रिवाइज करें। इसके अलावा पिछले वर्षों के पेपर्स जरूर सॉल्व करना चाहिए।

## विवेक मन्त्र



वृक्षों पर रहने वाले पक्षी भी तभी तक किसी वृक्ष पर बसेरा रखते हैं, जब तक वहां से उन्हें फल प्राप्त होते रहते हैं। अतिथि का जब पूरा स्वागत-सत्कार कर दिया जाता है तो वह भी उस घर को छोड़ देता है।

चाणक्य

## एडमिशन अलर्ट



**सवाल:** क्या रेग्यूलर ग्रेजुएशन करने के साथ डिस्टेंस कोर्स भी कर सकते हैं? **संजीव सिंह**

**जवाब:** जी हां, आप रेग्यूलर ग्रेजुएशन के साथ डिस्टेंस एजुकेशन से कोई दूसरा कोर्स भी कर सकते हैं। यूजीसी के मुताबिक स्टूडेंट एक साथ दो कोर्स कर सकते हैं। आप जिस यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएशन कर रहे हैं वहां के डिस्टेंस लर्निंग से या फिर किसी दूसरी यूनिवर्सिटी के डिस्टेंस लर्निंग या ओपन प्रोग्राम के तहत कोर्स कर सकते हैं।

**सवाल:** मैंने बायोलॉजी सब्जेक्ट से 73 फीसदी अंकों के साथ 12वीं की है। आगे मेडिकल फील्ड में कौन सा कोर्स करूं? **प्रेमरंजन**

**जवाब:** मेडिकल फील्ड बहुत बड़ा है। आमतौर पर सिर्फ डॉक्टर के पेशे को ही मेडिकल से जोड़कर देखा जाता है जबकि हकीकत में ढेरों ऐसे कोर्सेज हैं जो मेडिकल फील्ड से संबंधित हैं। मेडिकल क्षेत्र में करियर बनाने के लिए मेरी राय में आपको पैरामेडिकल से जुड़ा कोई कोर्स करना चाहिए। कोर्स पूरा करने के बाद आप प्रोफेशनल डायग्नोसिस, फिजियोथेरेपी, एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड और मेडिकल लैब टेक्निशियन का काम कर सकते हैं। इसलिए आप सिर्फ डॉक्टर के बारे में सोचें, इससे जुड़े विभिन्न विभागों में भी करियर बना सकते हैं।

## करियर जोन



**सवाल:** मैंने एमबीए (एचआर) किया है, लेकिन अच्छी जॉब नहीं मिल रही है।

**रिचा अग्रवाल, रामगढ़**

**जवाब:** कई बार ऐसा होता है कि डिग्री होने के बावजूद अच्छी जॉब मिलने में दिक्कत होती है। बढ़ते कॉम्पिटिशन की वजह से खासतौर पर फ्रेशर्स को तो और भी ज्यादा परेशानी होती है। ऐसे में सबसे ज्यादा जरूरी है धैर्य बनाये रखना। एक अच्छा ब्रेक मिलने में देरी भले ही होती है लेकिन फिर करियर रफ्तार पकड़ने लगता है। मेरी राय में आपको खाली बैठने के बजाये अपने फील्ड से संबंधित छोटी-मोटी ही सही जॉब कर लेनी चाहिए। अनुभव बढ़ने के साथ पद और सैलरी भी अच्छी होती जायेगी।

**सवाल:** मैंने 78 फीसदी अंकों के साथ बीकॉम किया है। मैं टीचिंग लाइन में जाना चाहती हूं। प्लीज मुझे गाइड करें।

**कोमल कुमारी, हजारीबाग**

**जवाब:** अगर आप स्कूल टीचर बनना चाहती हैं तो बीकॉम के बाद आपको बीएड करना चाहिए। बीएड के बाद आप प्राइवेट स्कूल में टीचिंग कर सकती हैं। हालांकि सरकारी स्कूल में पढ़ाने के लिए आपको एंट्रेंस एग्जाम क्वॉलिफाई करना होगा। हर राज्य में स्कूल टीचर बनने के लिए अलग-अलग एंट्रेंस एग्जाम होते हैं। अगर हायर स्टडीज की इच्छा है तो एमकॉम करना बेहतर रहेगा। एमकॉम के बाद अगर आप एमफिल और पीएचडी करने के साथ ही नेट क्वॉलिफाई कर लेती हैं तो कॉलेज में बतौर लेक्चरार नियुक्त हो सकती हैं।

# लोकतंत्र के लिए घातक है किसी संगठन का आवाज नहीं उठाना : सरयू राय

- जमशेदपुर सिटीजन फोरम के अभिनंदन समारोह में बोले जमशेदपुर पश्चिम के नये विधायक
- मुद्दों को ठीक से उठाने की प्रवृति धीरे-धीरे कम हो रही है

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** सामाजिक मुद्दों को बहुत कायदे से उठाने की जरूरत है। अफसोस है कि अब सामाजिक मुद्दों को उठाने वालों की संख्या बेहद कम हो गई है। जमशेदपुर जैसे शहर में अगर कोई जाम के खिलाफ आवाज उठाता है तो उसे पुलिस नोटिस दे देती है, एफआईआर कर देती है। उस आदमी के लिए सामाजिक संगठनों को आवाज उठानी चाहिए। दुर्भाग्य है कि ऐसे सामाजिक संगठनों की अब कमी हो गई दिखती है। अब कोई किसी के लिए आवाज नहीं उठाता। यह लोकतंत्र के बेहद घातक है। जमशेदपुर में ऐसा ही दिख रहा है। मुद्दों को ठीक से उठाने की प्रवृति धीरे-धीरे कम हो रही है। यह जनता और जनप्रतिनिधि, दोनों के लिए ठीक नहीं है।

उक्त बातें जमशेदपुर पश्चिमी के नवनिर्वाचित विधायक सरयू राय ने कही। वह जमशेदपुर सिटीजन फोरम के तत्वावधान में श्रीकृष्ण सिन्हा संस्थान में आयोजित अपने नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम में स्वागत के बाद बात रख रहे थे।

सरयू राय ने कहा कि शहर के मानगो पुल पर लगने वाले जाम को लेकर प्रशासन बहुत गंभीर नहीं है। प्रशासन को और गंभीर होना पड़ेगा। उदासीन है प्रशासन। एक मीटिंग तो अभी प्रशासनिक अधिकारियों ने की है, लेकिन उसका कोई बहुत प्रभाव नहीं दिख रहा है। दरअसल, समस्या की जड़ में मानगो पुल नहीं, टिमकेन चौराहा है। इस चौराहे से ट्रैफिक कम करने के लिए जरूरी प्रयास करने की अतिशीघ्र जरूरत है।


नवनिर्वाचित विधायक सरयू राय का अभिनंदन करते फोरम के हरिबल्लभ सिंह आरसी, एके श्रीवास्तव व अन्य।

उन्होंने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय ने कहा था कि कोई पार्टी किसी गलत, कोई बुरा प्रत्याशी केवल इसलिए आपका मत पाने का दावा नहीं कर सकता कि वह किसी अच्छे दल की ओर से खड़ा है। दल के हाईकमान ने ऐसे व्यक्ति को टिकट देते समय पक्षपात किया होगा। अतः ऐसी गलती को सुधारना मतदाता का कर्तव्य है।

श्री राय ने कहा कि पानी को लेकर मारामारी होते रहती है। वह कब से कह रहे हैं कि चांडिल डैम से पानी उठाएं और डिमना में डालें। फिर डिमना से पूरे शहर को सप्लाई करें. मुसाबनी तक पानी चला जाएगा। पूरे शहर में पानी की दिक्कत नहीं होगी। प्यूरीफिकेशन भी पूरा होगा। खर्चा भी नहीं बढ़ेगा। पानी साफ हो जायेगा। सतनाला डैम, डोभो डैम से सीधे पानी जाए तो कांड्रा और मुसाबनी तक पानी चला जायेगा। अगले 100 साल तक किसी को पानी की दिक्कत नहीं होगी। बेहतर योजना बनाने की जरूरत है। उन्होंने यह भी कहा कि दामोदर नद का 95 प्रतिशत शुदिधकरण हो चुका है। स्वर्णरेखा का प्रदूषण दूर करने के लिए पांच स्थानों का चयन किया गया है।

सरयू राय ने कहा कि कानून बनाने का काम विधानसभा और लोकसभा करती है। अगर कानून बन गया और जनहित में नहीं है तो उसके खिलाफ भी जनता को खड़ा होना चाहिए। राम मनोहर लोहिया ने ठीक ही कहा था कि जिंदा कौमें पांच साल तक इंतजार नहीं करतीं। पांच साल क्यों इंतजार करें? आंदोलन छेड़ें। इसके लिए आपमें शक्ति होनी चाहिए।

श्री राय ने कहा कि आज का दौर और जेपी-लोहिया के दौर में बहुत फर्क आया है। पहले की राजनीति में आपराधिक तत्व नहीं होते थे। जो होते भी थे, वह भलमनसाहत के साथ सियासी दलों से जुड़ते थे। अब तो सीधे अपराधी चुनाव लड़ रहे हैं। अपराधी अब किसी को समर्थन देने की बजाए खुद से चुनाव लड़ना ज्यादा पसंद करने लगे हैं, लड़ रहे हैं। यह लोकतंत्र के लिए कत्तई ठीक नहीं है। यह वातावरण राजनीतिक ह्रास को द्योतक है। 70 के बाद राजनीति का अपराधीकरण होने लगा जो आज तक बदस्तूर जारी है। अब स्थिति यह है कि दबंग लोग रास्ते का अतिक्रमण कर रहे हैं।कोई गरीब अगर झोपड़ी बनाना चाहता है, प्रयास करता है तो उसकी झोपड़ी तोड़ने के लिए थाना का थाना फोर्स पहुंच जा रही है। दूसरी तरफ आप देखेंगे तो पायेंगे कि जो दबंग चरित्र के लोग हैं, वो अवैध तरीके से पांच मंजिला, छह मंजिला इमारत भी बना रहा है तो कोई टोकने वाला नहीं। यह गजब की दोहरी स्थिति है।

## स्पीड न्यूज

### टाटा इंटर कंपनी वॉलीबॉल का खिताब टाटा स्टील ने जीता

**जमशेदपुर।** पहले इंटर कंपनी वॉलीबॉल का आयोजन 28 नवम्बर से 30 नवम्बर तक जे आर डी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में किया गया। आज आखिरी दिन, सेमीफाइनल और फाइनल मैच खेले गये। यह प्रतियोगिता लीग आधार पर खेला गया। आज सुबह पहले सेमीफाइनल मैच में टाटा स्टील जमशेदपुर की टीम ने टाटा मोटर्स पुणे की टीम को 3/0 से हरा कर फाइनल में प्रवेश किया। स्कोर 25/13, 25/15, 25/17 रहा, वहीं दूसरे सेमीफाइनल मैच में टाइटन इंजीनियरिंग ऑटोमेशन लिमिटेड की टीम का मुकाबला टाटा स्टील गम्हरिया से हुआ जिसमें टाटा इंजीनियरिंग एंड ऑटोमेशन लिमिटेड की टीम ने 3/2 के स्कोर से जीत हासिल कर फाइनल में प्रवेश किया। स्कोर 25/19, 20/25, 25/15, 12/25, 15/04 रहा। टाटा स्टील गम्हरिया की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। फाइनल मैच टाटा स्टील और टाटा इंजीनियरिंग एंड ऑटोमेशन लिमिटेड के बीच खेल गया, जिसमें टाटा स्टील की टीम ने टाटा इंजीनियरिंग एंड ऑटोमेशन लिमिटेड को 3/0 से हराकर खिताब अपने नाम किया। फाइनल मैच में स्कोर 25/13, 25/15, 25/11 रहा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री रमेश शंकर, चीफ, मर्चेंट मिल एंड न्यू बार मिल और विशिष्ट अतिथि श्री संजीव चौधरी, प्रेसिडेंट, टाटा वर्कर्स यूनियन के द्वारा खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया किया गया। मैच का संचालन श्री संजय कुमार, संजय ठाकुर, हरे राम, जे अरुण मूर्ति, अमरीक सिंह, अरशद अली, राजेश्वर गुप्ता, अनंतो संतरा के द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्री मुकुल विनायक चौधरी, चीफ स्पोर्ट्स , फिरोज खान, संजय मिश्रा, श्री सुरेंद्र कुमार टाटा स्पोर्ट्स क्लब, विभाष शुक्ला, राजीव कुमार मिश्रा मौजूद थे।

### इंकैब केरला स्कूल का वार्षिक खेलकूद संपन्न

**जमशेदपुर।** इन्कैब केरला पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेल दिवस का आयोजन शनिवार को विघालय प्रांगण में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में केरला पब्लिक स्कूल की निर्देशिका श्रीमती मनोरमा नायर, सामाजिक कार्यकर्ता मिस्टर इन्द्रजीत सिंह, के.पी.एस की सहायक निर्देशिका श्रीमती शांता वैद्यनाथन, शैक्षणिक निर्देशिका लक्ष्मी आर तथा विद्यालय की प्रिंसिपल डी सोनाली उपस्थित थी। खेल शिक्षक के द्वारा भव्य परेड का आयोजन किया गया तथा मुख्य अतिथि ने मशाल जलाकर और प्रेरणादायक भाषण देकर वार्षिक खेल दिवस के शुभारंभ होने की अनुमति प्रदान की। वार्षिक खेल दिवस में विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन किया गया । इसके अतिरिक्त शिक्षिकाओं के लिए भी खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। लड़कियों मे सर्वश्रेष्ठ एथलीट का प्रदर्शन अष्टम वर्ग की सुखमति विरूआ ने किया। लडकों में सर्वश्रेष्ठ एथलीट का प्रदर्शन नवम वर्ग के संजय कुमार ने किया। प्रतियोगिता में वैलोर हाउस ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए ओवर ऑल चैम्पियन बनने का गौरव हासिल किया तथा विसडम उपविजेता बना।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# सड़क दुर्घटना में हाता के दंपती समेत 3 की मौत, एक व्यक्ति के दोनों पैर टूटे

**खबर मन्त्र टीम**

**जमशेदपुर/पोटका।** 24 घंटे के भीतर हुई दो सड़क दुर्घटनाओं में एक दंपती समेत तीन लोगों की मौत हो गयी। खासमहल चारखंभा चौक के पास शाम में एक पिकअप वैन ने स्कूटी सवार को चपेट में ले लिया, जिसमें गोपाल महाली की मौत हो गयी। जबकि हाता के हेंसल में एस्सार पेट्रोल पंप के पास एक बाइक सवार दंपती को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिसमें घायल हाता के व्यवसायी अरुण महतो और उनकी धर्मपत्नी उर्मिला की मौत हो गयी।


हाता के व्यवसायी अरुण महतो और उनकी पत्नी उर्मिला की फाइल फोटो।

जमशेदपुर के परसुडीह थाना इलाके में शनिवार शाम करीब 5.30 बजे खासमहल चारखंभा चौक पर एक स्कूटी और पिकअप वैन की सीधी टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में स्कूटी पर सवार 35 वर्षीय गोपाल महाली बुरी तरह घायल हो गया। आनन-फानन में परसुडीह पुलिस की मदद से गोपाल को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। इससे पहले की इलाज शुरू होता, डॉक्टरों ने गोपाल को मृत्य घोषित कर दिया।

इसके अलावा इस दुर्घटना में सड़क से गुजर रहे एक दूसरे व्यक्ति के दोनों पैर टूटने की सूचना है। उक्त व्यक्ति को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार पिकअप,वैन चालक कीताडीह निवासी बबलू उरांव शराब के नशे में धूत होकर सुंदरनगर की ओर से तेज गति में आ रहा था।

इधर पाइपलाइन मिस्त्री गोपाल शहर से काम खत्म कर अपने घर पोटका महालीसाईं के लिए जा रहा था। जैसे ही वह चारखंभा चौक के पास पहुंचा पिकपवैन चालक अनियंत्रित होकर गोपाल की मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मारा। इस दुर्घटना में मोटरसाइकिल बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। पुलिस पिकअप वैन को जब्त कर थाना ले गयी।

दूसरी ओर, पोटका एवं राजनगर थाना के सीमा पर हेंसल में एस्सार पेट्रोल पंप के समीप सड़क दुर्घटना में हाता के व्यसायी अरुण महतो एवं उसकी धर्मपत्नी उर्मिला महतो की दर्दनाक मौत हो गई है। घटना शुक्रवार देर रात लगभग नौ बजे की बताई जा रही है। अरुण महतो अपनी पत्नी उर्मिला के साथ राजनगर के इंटागढ़ गाँव से वैवाहिक समारोह में शामिल हो अपने मोटरसाइकिल से हाता की ओर लौट रहे थे इसी दौरान हाता चाईबासा मुख्य मार्ग पर हेंसल के समीप किसी अज्ञात वाहन ने इनको अपने चपेट में ले लिया जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए .घायलों का इलाज हेतु टीएमएच जमशेदपुर ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

अरुण महतो मूलतः राजनगर थाना क्षेत्र के एडल पंचायत के नाटाइरुली निवासी है। हाता में इनकी वेल्डिंग की दुकान है और वे वर्तमान में हाता में ही घर बनाकर रह रहे थे,अरुण महतो सामाजिक कार्यो में भी अपना योगदान देते थे। इसी को लेकर पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है।

## एक नजर में

### जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने किये तिरुपति बालाजी के दर्शन, बाल भी दान किये



**जमशेदपुर।** जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले में तिरुमाला पर्वत पर स्थित भगवान श्री तिरुपति बालाजी मंदिर में श्री वेंकटेश्वर प्रभु के दर्शन किये और झारखंड वासियों की खुशहाली और बेहतर स्वास्थ्य की भगवान वेंकटेश्वर से कामना की। यह मंदिर भगवान विष्णु के अवतार श्री वेंकटेश्वर स्वामी को समर्पित है। विधायक ने कहा कि तिरूपति बालाजी का आशीर्वाद लोगों के कल्याण के लिए काम करने के लिए बहुत ऊर्जा देता है। उन्होंने झारखंड वासियों की खुशहाली और बेहतर स्वास्थ्य की भगवान वेंकटेश्वर से कामना की। उनके साथ सरबजोत भाटिया ने भी दर्शन किये।

### विधायक सरयू राय का कई जगहों पर सम्मान

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी के नवनिर्वाचित विधायक श्री सरयू राय को शनिवार को कई स्थानों पर सम्मानित किया गया। श्री राय ने सम्मानित करने वालों के प्रति आभार प्रकट किया है। श्री राय के बिष्टुपुर स्थित आवास/ कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी के साकची मंडल के मनोज सिंह, शत्रुघ्न गिरी, सुनील सिंह आदि ने भेंट कर जीत की शुभकामनाएं दी। भाजपा के ही अशोक सिंह, जयकुमार सिंह आदि ने श्री राय से भेंट कर उन्हें जीत की हार्दिक बधाईयां दीं। दोपहर में डिमना के हरि ओम नगर में आयोजित सम्मान समारोह में श्री राय का शानदार स्वागत किया गया। श्री राय का साउथ प्वाइंट स्कूल, मानगो में भी अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया था। दोपहर में ही श्री राय ने बिष्टुपुर स्थित तुलसी भवन में अंतरराष्ट्रीय हिंदी साहित्य भारती झारखंड इकाई की प्रस्तुति आये अवध श्रीराम... के विमोचन समारोह में हिस्सा लिया। इस स्मारिका के संपादक डॉ अरुण सज्जन हैं जबकि सह संपादक के रुप में डॉ संगीता नाथ और कवि राकेश कुमार ने योगदान दिया है। श्री राय की जीत की खुशी में उनके समर्थक राघवेंद्र प्रताप सिंह ने शनिवार की शाम बस स्टैंड, मानगो में लड्डू वितरण किया। उन्होंने बस स्टैंड के सभी काउंटर्स पर लड्डू वितरण किया।

### जीएसटी वार्षिक रिटर्न और संशोधनों पर स्टडी सर्कल मीट आयोजित



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर चार्टर्ड एकाउंटेंट्स सोसाइटी द्वारा शनिवार की शाम को सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड एस्ट्रीजेंट के सभागार में जीएसटी वार्षिक रिटर्न और जीएसटी में हालिया संशोधन पर एक स्टडी सर्कल मीट का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स और उनके आर्टिकल्स ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता बोकारो से आए सीएस. कौशल अग्रवाल थे, जिन्होंने जीएसटीआर-9 और जीएसटीआर-9सी की बारीकियों को विस्तार से समझाया। उन्होंने जीएसटी में हुए हालिया संशोधनों पर भी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। कार्यक्रम की शुरूआत सोसाइटी के सचिव सीए आनंद अग्रवाल ने की और अध्यक्ष सीए कौशलेंद्र दास ने सभी का स्वागत किया। अंत में सीए विनीत मेहता ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस कार्यक्रम का लाभ 25 चार्टर्ड अकाउंटेंट्स और 100 से अधिक बच्चों ने उठाया। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष सीए सुगम सरायवाला, सीए रवि गुप्ता, सीए राकेश रोशन झा, सीए अंकित अग्रवाल, सीए बिनोद सरायवाला सहित अन्य कई गणमान्य सदस्य उपस्थित थे। यह कार्यक्रम जीएसटी के मामलों में विशेषज्ञता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था।

### राजेंद्र विद्यालय में 44वां हिन्दी कविता पाठ और वाक् प्रतियोगिता संपन्न



**जमशेदपुर।** 30 नवंबर को राजेंद्र विद्यालय के प्रांगण में 44 वां वार्षिक हिन्दी कविता पाठ एवं वाक् प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में एलकेजी से लेकर 12 वीं तक के बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थे वरिष्ठ पत्रकार दुर्योधन सिंह, सक्रेट हार्ट कान्वेंट की सेवानिवृत शिक्षिका माला सिन्हा एवं जेएच तारापोर स्कूल की शिक्षिका अपर्णा कुमारी। प्रतियोगिता के परिणाम : एलकेजी में आव्या डागा प्रथम,तिशा द्वितीय और देवर्श तृतीय रहे। कक्षा 1 से दो के लिए आयोजित प्रतियोगिता में रुद्र राज सिंह-प्रथम, प्रश्रय राज सिंह-द्वितीय और सुजॉय पांडा-तृतीय रहे। कक्षा 3 से 4 के लिए आयोजित प्रतियोगिता में आराध्या-प्रथम, अदृशा-द्वितीय और अंजलि कर-तृतीय रहे। कक्षा पांच एवं छह के लिए आयोजित प्रतियोगिता में अक्षय कीर्ति कमल-प्रथम, ऋषिका सिंह-द्वितीय और मन्हा साजिद-तृतीय रहे। कक्षा 7 एवं 8 के लिए आयोजित प्रतियोगिता में सुमन पांडा-प्रथम,रिया कुमारी-द्वितीय और आद्या-तृतीय रहे। कक्षा 9 एवं 10 के लिए आयोजित प्रतियोगिता में अरित्रिय राय-प्रथम,संपर्णा दास-द्वितीय और अनुष्का सिंह-तृतीय रहे। कक्षा 11 एवं 12 के लिए आयोजित प्रतियोगिता में निखिल पांडेय-प्रथम,देवराज मिश्रा-द्वितीय और रश्मि तृतीय स्थान पर रहीं।

# आंगनबाड़ी के बच्चों में गरम पोशाक का हो रहा है वितरण

- राज्य सरकार द्वारा शत प्रतिशत नामांकित बच्चों के बीच गरम पोशाक वितरण का है निदेश प्राप्त

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** राज्य सरकार से प्राप्त निर्देश के आलोक में उपायुक्त अनन्य मित्तल के निर्देशानुसार जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में नामांकित बच्चों के बीच गरम पोशाक बांटा जा रहा है। ठंड को देख आंगनबाड़ी में नामांकित 03-06 वर्ष के शत प्रतिशत बच्चों के बीच 2 सेट गरम पोशाक दिया जा रहा। जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त ने समाज कल्याण पदाधिकारी को निर्देशित किया है कि बाल विकास परियोजना कार्यालय के माध्यम से सतत अनुश्रवण करते हुए आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों को गरम पोशाक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।



साथ ही सभी बच्चे पूरे ठंड के मौसम में गरम पोशाक पहन कर ही केंद्रों में आयेंगे। गौरतलब है कि जिला में कुल 44192 बच्चों के बीच गरम पोशाक बांटा जाना है जिसमें 03-04 वर्ष तक के 16899 बच्चे, 04-05 वर्ष के 16569 बच्चे व 05-06 वर्ष के 10724 बच्चे शामिल हैं।

# चौकीदार भर्ती परीक्षा आज दिन के 11 बजे से, प्रशासन की तैयारी पूरी

- अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्रों पर दो घंटा पहले पहुंचने का निर्देश
- प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारियों की ब्रीफिंग संपन्न

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम के जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त श्री अनन्य मित्तल के निर्देशानुसार 1 दिसम्बर 2024 को आयोजित चौकीदार भर्ती लिखित परीक्षा के दौरान शांति एवं विधि व्यवस्था संधारण के साथ-साथ निष्पक्ष, कदाचार मुक्त, स्वच्छ एवं शांतिपूर्ण परीक्षा संचालन हेतु प्रतिनियुक्त स्टैटिक, गश्ती, उड़नदस्ता, पुलिस पदाधिकारियों की ब्रीफिंग समाहरणालय सभागार में हुई।

ब्रीफिंग की अध्यक्षता करते हुए एडीएम लॉ एंड ऑर्डर श्री अनिकेत सचान ने कहा दिनांक 1 दिसम्बर 2024 को आयोजित चौकीदार भर्ती की लिखित परीक्षा पूर्वाहन 11 बजे से अपराह्न 1 बजे तक जिला के कुल 13 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित किये जाएंगे। परीक्षा के दौरान शांति एवं विधि व्यवस्था संधारण के साथ-साथ निष्पक्ष, कदाचार मुक्त, स्वच्छ एवं शांतिपूर्ण परीक्षा संचालन करना प्रशासन की प्राथमिकता है। सभी परीक्षा केन्द्रों में सीसीटीवी से निगरानी की जाएगी, इसके अलावे वीडियोग्राफर की प्रतिनियुक्ति भी की जाएगी। परीक्षा कक्ष में इलेक्ट्रॉनिक गेजेट्स पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगी, परीक्षार्थियों के प्रवेश के पूर्व प्रत्येक परीक्षार्थियों का फ्रीस्किंग की जायेगी। उन्होने प्रतिनियुक्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्धारित समय से 2 घंटे पूर्व अपने निर्धारित स्थान पर पहुंच जाए। बज्रगृह से परीक्षा केन्द्र तक परीक्षा संबंधी कागजातों की निर्वाध एवं समय पर पहुंचे यह सुनिश्चत कराये। इसके अलावे परीक्षा के सफल संचालन हेतु परीक्षा नियंत्रण कक्ष संचालित रहेगा, जिसका दूरभाष नम्बर 0657- 2440111/ 7004219058 जारी किया गया है।

# शाहिल और सोनी का हुआ प्लेसमेंट

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** बी ए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, घुटिआ, जमशेदपुर के इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग की प्रतिभाशाली छात्र शाहिल शमीम का चयन प्रमुख जीवन रक्षक गैस मैन्युफैक्चरिंग कंपनी मेसर्स लिंडे इंडिया लिमिटेड में ग्रेजुएट अपरेंटिस के पोजीशन पर आकर्षक पैकेज में हुआ है। कंपनी द्वारा इसका साक्षात्कार 19 नवम्बर को हुआ था और ये 2 दिसंबर से कंपनी के जमशेदपुर प्लांट में ज्वाइन करेगा।

दूसरी, सिविल इंजीनियरिंग विभाग की छात्रा सोनी कुमारी का चयन ग्रेजुएट इंजीनियर ट्रेनी के पद पर मेसर्स मनुपमा टेक्नोलॉजीस में हुआ, जिसका साक्षात्कार 23 नवंबर को कंपनी के एच आर ऑफिस में हुआ था और ये 2 दिसंबर को ज्वाइन करेगी। ये दोनों के चयन पर कॉलेज के चेयरमैन डॉ शिव कुमार सिंह, प्राचार्य डॉ संजय कुमार रॉय, प्लेसमेंट अधिकारी श्री राहुल सिंह एवं सभी प्रोफेसर्स ने बधाई तथा उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

बीएसीइटी




# सोनारी में 21 को होगा 22वां भव्य श्याम वार्षिक महोत्सव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** सोनारी स्थित जूनियर कारमेल स्कूल के पीछे मैदान में 21 दिसंबर शनिवार को भव्य 22वां श्री श्याम वार्षिक महोत्सव मनाने हेतु तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इसका आयोजन श्री श्याम सेवा संघ सोनारी करेगा। संस्था के अध्यक्ष अशोक दीवान ने बताया की श्याम बाबा का भव्य दरबार तैयार करने हेतु पश्चिम बंगाल से 7 लोगो की टीम आयेगी। हजारों श्याम भक्तों के बैठने हेतु भव्य पंडाल का निर्माण सहित आकर्षक विद्युत सज्जा होगी। साज मे कोलकाता के अंकित पोद्दार ग्रुप की पुरी टीम भक्तो को झूमने पर मजबूर कर देगी। इस वर्ष भजनो की अमृत वर्षा हेतु बिकानेर राजस्थान से प्रवेश शर्मा, कोलकाता से जयंत व्यास, टाटानगर से महाबीर अग्रवाल को आमंत्रित किया गया है।



# एड्स पीड़ितों के लिए अब दवाएं उपलब्ध, पर सतर्कता ही एकमात्र उपाय

- विश्व एड्स दिवस के अवसर पर विशेष आलेख

**डॉ किरण कुमरे,**

**जमशेदपुर।** विश्व एड्स दिवस हर वर्ष 1 दिसंबर को मनाया जाता है। इस वर्ष, 2024 की थीम है- सही अधिकार का चयन करें: मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार! यह थीम नागरिकों और वैश्विक नेतृत्वकर्ताओं को उन असमानताओं को खत्म करने के लिए प्रेरित करता है, जो इस गंभीर बीमारी को खत्म करने में बाधा बन रही हैं। एचआईवी का पूरा नाम ह्यूमन इम्यूनोडेफिशिएंसी वायरस है। यह हमारे शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को नुकसान पहुंचाता है, खासकर उन श्वेत रक्त कोशिकाओं को जो संक्रमण से लड़ने में मदद करती हैं। इससे हमारा शरीर अन्य संक्रमणों और बीमारियों के प्रति अधिक संवेदनशील हो जाता है। एड्स का पूरा नाम एक्वायर्ड इम्यूनो डेफिशिएंसी सिंड्रोम है। यह संक्रमण के अंतिम चरण को दर्शाता है। यह तब होता है जब वायरस के कारण शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली गंभीर रूप से कमजोर हो जाती है। **(लेखक टाटा मेन हॉस्पिटल के त्वचा रोग विभाग की स्पेशलिस्ट हैं।)**


डॉ किरण कुमरे।

**निम्नलिखित तरीकों से किसी भी व्यक्ति में फैल सकता है एड्स**

- एचआईवी संक्रमित व्यक्ति के साथ बिना सुरक्षा के (अर्थात कंडोम या एचआईवी से बचाव के लिए दवाओं का उपयोग किए बिना) यौन संबंध बनाने से। यह एड्स फैलने का सबसे सामान्य तरीका है।
- दवाओं के सेवन के लिए सुइयों के साझा उपयोग से।
- एचआईवी संक्रमित व्यक्ति के खून के संपर्क में आने से।
- गर्भावस्था, प्रसव या स्तनपान के दौरान मां से बच्चे में संक्रमण के जरिए।

**एड्स के लक्षण :-** एचआईवी संक्रमण के शुरूआती लक्षण फ्लू जैसे हो सकते हैं, जैसे बुखार, ठंड लगना, चक्कर आना, रैश, रात को अत्यधिक पसीना आना, मांसपेशियों में दर्द, गले में जलन, थकावट, सूजे हुए लिम्फ नोड्स और मुंह में छाले। ये लक्षण आमतौर पर दो से चार हफ्तों तक आते जाते हैं। इस चरण को तीव्र एचआईवी संक्रमण कहा जाता है।

**संक्रमण की अवधि :-** यदि संक्रमण का समय पर इलाज नहीं किया जाता, तो यह क्रोनिक एचआईवी संक्रमण में बदल जाता है। इस अवस्था में अक्सर कोई लक्षण नहीं दिखाई देते। लेकिन अगर इलाज नहीं किया गया, तो वायरस धीरे-धीरे हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली को कमजोर कर देता है। इसके परिणामस्वरूप संक्रमण एड्स में विकसित हो जाता है, जो एचआईवी संक्रमण का अंतिम और सबसे गंभीर चरण है। जब हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली अत्यधिक क्षतिग्रस्त हो जाती है।

**एचआइवी का निदान और उपचार :-** एचआईवी का निदान एक सरल रक्त परीक्षण से किया जा सकता है, और इसका उपचार एंटीरेट्रोवायरल थेरैपी (एआरटी) द्वारा किया जाता है। एआरटी एचआईवी संक्रमण को एक नियंत्रित और प्रबंधनीय स्थिति में बदल सकता है, जिससे व्यक्ति सामान्य जीवन जी सकता है। इसके अलावा, यह वायरस के दूसरों तक फैलने के जोखिम को भी कम करता है। एआरटी के साथ-साथ, एक पोषक तत्वों से भरपूर आहार, परिवार और दोस्तों का समर्थन, और मानसिक समर्थन भी स्वस्थ जीवन जीने के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं।

# चैंपियंस ट्रॉफी के लिए हाइब्रिड मॉडल अपनाने को तैयार पीसीबी, आइसीसी के सामने रखी ये शर्त

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) अगले साल होने वाले चैंपियंस ट्रॉफी के लिए हाइब्रिड मॉडल अपनाने के लिए तैयार है, लेकिन उसने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के समक्ष के अहम शर्त रख दी है। आईसीसी और सदस्य देशों के बीच शुक्रवार को वर्चुअल बैठक हुई थी जिसमें क्रिकेट की वैश्विक संस्था ने पीसीबी को अल्टीमेटम दिया था। आईसीसी ने पाकिस्तान बोर्ड से कहा था कि यह तो वह चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी हाइब्रिड मॉडल के तर्ज पर करने के लिए तैयार हो जाए या फिर टूनामेंट से बाहर होने के लिए तैयार रहे। चैंपियंस ट्रॉफी को होने में अब ज्यादा समय शेष नहीं है, लेकिन अब तक इसका कार्यक्रम जारी नहीं हो सका है। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की मेजबानी पाकिस्तान के पास है, लेकिन भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) ने इस सुरक्षा का हवाला देते हुए इस टूनामेंट के लिए पाकिस्तान की यात्रा करने से इन्कार कर दिया था। इसके बाद चैंपियंस ट्रॉफी को हाइब्रिड मॉडल के तर्ज पर आयोजित किए जाने की चर्चा चल रही है। हालांकि, अब तक पीसीबी हाइब्रिड मॉडल को अस्वीकार करता आया है, लेकिन अब उसके सामने ज्यादा विकल्प बचे नहीं है।



## हाइब्रिड मॉडल की नीति 2031 तक लागू हो

इस बीच, न्यूज एजेंसी पीटीआई के अनुसार पीसीबी सूत्रों ने बताया है कि पीसीबी अगले साल होने वाले चैंपियंस ट्रॉफी के लिए हाइब्रिड मॉडल स्वीकार करने के लिए तैयार है जिसमें भारत अपने मुकाबले दुबई में खेलेगा, लेकिन उसकी शर्त है कि आईसीसी यह नीति 2031 तक होने वाले उसके सभी टूनार्मेंट के लिए लागू करे। सूत्र ने साथ ही बताया कि बोर्ड हाइब्रिड मॉडल पर सहमत होने के लिए सालाना राजस्व चक्र में ज्यादा हिस्सेदारी की मांग भी कर रहा है। पीसीबी सूत्र ने कहा, मौजूदा स्थिति में पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने कहा है कि वह चैंपियंस ट्रॉफी के लिए हाइब्रिड मॉडल तभी स्वीकार करेगा अगर आईसीसी इस बात पर राजी हो कि भविष्य में सभी आइसीसी टूनार्मेंट इसी के तर्ज पर आयोजित होंगे जिसमें पाकिस्तान अपने मुकाबले खेलने के लिए भारत नहीं जाएगा। सूत्र ने कहा, पाकिस्तान यह भी चाहता है कि आईसीसी बोर्ड राजस्व में वित्तीय चक्र में उसके हिस्से को 5.75 प्रतिशत से बढ़ा दे और नकवी इस पर अड़े हुए हैं, लेकिन उन्होंने मेजबानी के लिए कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं मांगा है। लोग कह रहे हैं कि नकवी ने अपनी सरकार से बात करने के बाद फिर बताने के लिए समय मांगा है। लेकिन हमें नहीं पता कि क्या वह सरकार के समर्थन से वहां गए थे और उन्होंने आईसीसी बोर्ड की वर्चुअल बैठक में अपना पक्ष रखने के लिए पहले ही उनकी मंजूरी मांगी थी।

### एशिया कप में भी लागू हुआ था हाइब्रिड मॉडल


हाइब्रिड मॉडल को अगर मंजूरी मिलती है तो चैंपियंस ट्रॉफी में भारत सहित कुछ मुकाबले संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में हो सकते हैं। इससे पहले, पिछले साल एशिया कप का आयोजन भी हाइब्रिड मॉडल के तहत किया गया था जिसमें भारत के मुकाबले सहित खिताबी मैच श्रीलंका में हुआ था। माना जा रहा है कि क्रिकेट की वैश्विक संस्था जल्द ही इस बारे में कोई आधिकारिक एलान कर सकती है।

### भारत को 2031 तक कई टूनार्मेंट की करनी है मेजबानी

भारत और पाकिस्तान के बीच चैंपियंस ट्रॉफी को लेकर विवाद अभी खत्म नहीं हुआ है। आईसीसी की प्राथमिकता है कि जल्द से जल्द इसका रास्ता निकले। पीसीबी ने जो शर्त क्रिकेट की वैश्विक संस्था के सामने रखी है उसे मानना आसान नहीं है। भविष्य में ऐसे कई टूनार्मेंट है जिसकी मेजबानी भारत को करनी है। इनमें 2025 महिला वनडे विश्व कप, 2025 में पुरुषों का एशिया कप, 2026 में श्रीलंका के साथ मिलकर पुरुष टी20 विश्व कप, चैंपियंस ट्रॉफी 2029 और बांग्लादेश के साथ 2031 वनडे विश्व कप की मेजबानी करना शामिल है।

# एडिलेड में इतिहास रचने से सिर्फ 102 रन दूर कोहली, तोड़ देंगे लारा का विश्व रिकॉर्ड

- कोहली ने दूसरी पारी में 143 गेंदों में अपना 30वां टेस्ट शतक बनाया था



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत ने आस्ट्रेलिया में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी की शुरूआत शानदार तरीके से की और पहले टेस्ट मैच में मेजबान टीम को 295 रन से करारी शिकस्त दी। इस जीत में विराट कोहली ने अहम भूमिका निभाई जब उन्होंने दूसरी पारी में 143 गेंदों में अपना 30वां टेस्ट शतक जड़ा। अब वह भारत के लिए दूसरे टेस्ट में भी अहम खिलाड़ी होंगे, जो 6 दिसंबर से एडिलेड ओवल में डे-नाइट टेस्ट के रूप में खेला जायेगा। विराट एक बड़े रिकॉर्ड को हासिल करने के करीब हैं।

### 23 रन बनाकर बन जाएंगे ऐसा करने वाले पहले भारतीय

विराट कोहली ने पिंक-बॉल टेस्ट में 277 रन बनाए हैं और वह डे-नाइट टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय खिलाड़ी हैं। अगर वह दूसरे टेस्ट में 23 रन बना लेते हैं तो वह पिंक बॉल टेस्ट में 300 रन बनाने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन जाएंगे।

### ब्रायन लारा का रिकॉर्ड भी कोहली के निशाने पर

विराट कोहली ने एडिलेड ओवल में टेस्ट क्रिकेट में 509 रन बनाए हैं। अगर वह दूसरे टेस्ट में 102 रन और बना लेते हैं तो उनके 611 रन हो जाएंगे और वह इस मैदान पर टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले विदेशी खिलाड़ी ब्रायन लारा का रिकॉर्ड तोड़ देंगे। उन्हें महान सिर विवियन रिचर्ड्स के 552 रनों के रिकॉर्ड को तोड़ने के लिए 44 रन और चाहिए।

### एडिलेड टेस्ट के लिए टीम इंडिया इस प्रकार है

रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), केएल राहुल, ध्रुव जुरेल, नितीश रेड्डी, वाशिंगटन सुंदर, रविंद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन, जसप्रित बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप , हर्षित राणा, सरफराज खान, अभिमन्यु ईश्वरन, देवदत्त पडिक्कल।

# अंडर 19 एशिया कप में पाकिस्तान से हारा भारत

एजेंसी

**दुबई।** अंडर-19 एशिया कप में शनिवार को भारत और पाकिस्तान के बीच टक्कर देखने को मिली। इस मैच में पाकिस्तान ने भारत को 43 रन से हरा दिया। दुबई अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में पाकिस्तान के कप्तान साद बेग ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया और शाहजेब खान की 159 रनों की पारी की बदौलत 50 ओवर में सात विकेट पर 281 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम 47.1 ओवर में 238 रन ही बना सकी और ऑलआउट हो गई।

### पाकिस्तान के खिलाफ नहीं चला वैभव का बल्ला

इस मैच में सभी की नजरें वैभव सूर्यवंशी पर थीं, जिन्हें आइपीएल की मेगा नीलामी में राजस्थान रॉयल्स ने 1.1 करोड़ रुपये में खरीदा था। वह उनका आधार मूल्य 30 लाख रुपये था और वह अपने बेस प्राइस से लगभग चार गुना ज्यादा दाम पर बिके। आइपीएल के इतिहास में वैभव किसी भी टीम से जुड़ने वाले सबसे युवा क्रिकेट बने। लेकिन पाकिस्तान के खिलाफ मैच में वह प्रभावित नहीं कर सके। उन्हें अली रजा ने पारी के पांचवें ओवर में शिकार बनाया। 13 वर्षीय बल्लेबाज ने कुल नौ गेंदें खेलीं, लेकिन सिर्फ एक रन बना सके। विकेट पर वह थोड़ा असहज दिखे और बड़े शॉट खेलने की जद्दोजहद में अपना विकेट गंवा बैठे।



### भारत की पारी

इस मुकाबले में भारत के लिए निखिल कुमार ने अर्धशतकीय पारी खेली। उन्होंने 77 गेंदों का सामना किया और 67 रन बनाए। इस दौरान उनके बल्ले से चार चौके और तीन छक्के निकले। उनके अलावा आयुष म्हात्रे ने 20, सी आंद्रे सिद्धार्थ ने 15, मोहम्मद अमान ने 16, किरण चोरमले ने 20, हरवंश पंगालिया ने 26, हार्दिक राज ने 10, मोहम्मद एन्नान ने 30 और युद्धजीत गुहा ने 13* रन बनाए। वहीं, समर्थ नागराज शून्य पर आउट हुए। पाकिस्तान के लिए अली राज ने तीन विकेट लिए जबकि अब्दुल सुभां और फहाम उल हक को दो-दो विकेट मिले। इसके अलावा नावेद और उस्मान ने एक-एक सफलता अपने नाम की।

### पाकिस्तान की पारी

31वें ओवर में 160 के स्कोर पर पाकिस्तान की टीम को पहला झटका लगा। आयुष म्हात्रे ने उस्मान खान को निखिल कुमार के हाथों कैच कराया। वह 94 गेंद में छह चौके की मदद से 60 रन बना सके। इसके बाद 33वें ओवर में आयुष ने हारून अर्शद को आउट किया। वह तीन रन बना सके। इसके बाद समर्थ ने दो विकेट झटके। उन्होंने 44वें ओवर की तीसरी गेंद पर पहले मोहम्मद रियाजुल्लाह को हरवंश सिंह के हाथों कैच कराया। वह 27 रन बना सके।

फिर अगली ही गेंद पर फरहान यूसुफ को हरवंश सिंह के हाथों कैच कराया। फरहान खाता नहीं खोल सके। किरण चोरमले ने फहम उल हक (4) को और युद्धाजीत गुहा ने कप्तान साद बेग (4) को आउट किया उमर जायब दो रन और नवीन अहमद खान पांच रन बनाकर नाबाद रहे। भारत की ओर से समर्थ नागराज ने तीन विकेट लिए, जबकि आयुष म्हात्रे को दो विकेट मिले। यद्धाजीत और किरण को एक-एक विकेट मिला।

# भारत-पीएम एकादश मैच बारिश की भेंट चढ़ा


- रविवार को 50-50 ओवर का होगा मुकाबला
- भारतीय कप्तान रोहित और गिल को नहीं मिला प्रैक्टिस का मौका



एजेंसी

**कैनबरा।** प्रधानमंत्री एकादश के खिलाफ शनिवार को मनुका ओवल में भारत के 2 दिवसीय दौरे के मैच का शुरूआती दिन बारिश के कारण रद्द हो गया। अब सिर्फ एक दिन बचा है तो ऐसे में प्रबंधन ने वनडे मैच करवाने का फैसला लिया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) ने अपने आधिकारिक 'एक्स' अकाऊंट पर इसकी पुष्टि की। बीसीसीआइ ने लिखा- अपडेटः प्रधानमंत्री एकादश बनाम भारत-मनुका ओवल। पहले दिन का खेल रद्द कर दिया गया है और कल (रविवार) सुबह 9:10 बजे फिर से शुरू होगा। टॉस 8:40 बजे होगा। टीमें 50 ओवर खेलने के लिए सहमत हो गई हैं।भारत और आस्ट्रेलिया के बीच 6 दिसंबर को एडिलेड में होने वाले दूसरे टेस्ट मैच से पहले लगातार बारिश के कारण गुलाबी गेंद वाले टूर मैच के पहले दिन का खेल रद्द कर दिया गया। सुबह करीब 10 बजे से शाम 5:30 बजे तक (स्थानीय समयानुसार) लगातार बूंदाबांदी से खेल की उम्मीद कम रह गई थी। बारिश के कारण पूरे कवर को हटाया ही नहीं जा सका। भारतीय टीम ने थोड़े समय के लिए मैदान का दौरा किया लेकिन परिस्थितियों को देखते हुए उनके पास रुकने का कोई कारण नहीं था। हालांकि दिन के अंत में बारिश में थोड़ी राहत मिलने से गतिविधियां शुरू हो गईं। अंपायरों ने टीम के सहयोगी स्टाफ को जानकारी दी। हालांकि, ग्राउंड स्टाफ ने अंततः कवर बहाल कर दिए और आगे कोई कार्रवाई नहीं करने का संकेत देते हुए शाम 6:30 बजे चले गए। शाम 7 बजे भारी बारिश फिर से शुरू हुई, जिससे आधिकारिक तौर पर खेल की कोई संभावना नहीं रही। बता दें कि गुलाबी गेंद टेस्ट से पहले भारतीय टीम के पास दिन-रात टेस्ट के लिए मैच की स्थिति के अनुकूल होने का रविवार को आखिरी मौका होगा। दूसरे टेस्ट के लिए रोहित शर्मा की उपलब्धता भारत के लिए एक बड़ा प्रोत्साहन रही है, जबकि आस्ट्रेलिया तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड के बिना होगा, जिन्होंने 2020 में एडिलेड में भारत के कुख्यात 36 ऑल-आउट में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

# विश्व शतरंज : गुकेश, डिंग लिरेन ने पांचवीं बाजी ड्रा करायी



**चेन्नई।** भारतीय चैलेंजर डी गुकेश और मौजूदा चैंपियन चीन के डिंग लिरेन ने शनिवार को सिंगापुर में शतरंज चैंपियनशिप में 40 चालों के बाद अपनी पांचवीं बाजी ड्रा करा ली। 14-मैच में पांच राउंड के बाद दोनों खिलाड़ी सीरीज में 2.5-2.5 अंक पर बराबरी पर थे खेल के बीच में कड़ी संघर्ष के बाद दोनों खिलाड़ी 40 चालों में ड्रा के लिए सहमत हो गये।

# जोश हेजलवुड एडिलेड टेस्ट से बाहर

**एडिलेड।** आस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड बायीं तरफ हल्की चोट के कारण भारत के खिलाफ छह दिसंबर से यहां शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट से बाहर हो गये हैं। हेजलवुड की अनुपस्थिति में अनकैप्ड पेसर सीन एबॉट और ब्रेंडन डोगेट को टीम में शामिल किया गया है। इस साल के शेफील्ड शील्ड में प्रभावशाली प्रदर्शन के कारण दोनों टीम में जगह बनाने में सफल हुये है। टीम में पहले से ही 35 वर्षीय दाएं हाथ के तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड हैं, जो गुलाबी गेंद वाले टेस्ट में अहम भूमिका निभा सकते हैं।

# मिजोरम, हरियाणा, बंगाल, बिहार और महाराष्ट्र ने अपने मुकाबले जीते

**सिकंदराबाद।** 14वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2024 के पांचवें दिन शनिवार को हॉकी मिजोरम, हॉकी हरियाणा, हॉकी बिहार, हॉकी बंगाल और हॉकी महाराष्ट्र ने अपने-अपने मुकाबलों में तीन-तीन अंक हासिल किए। दक्षिण मध्य रेलवे स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में दिन के पहले मैच में पूल ई में केरला हॉकी और हॉकी अरुणाचल के बीच मुकाबला बराबरी पर रहा। पूल ई के एक अन्य मुकाबले में हॉकी मिजोरम ने हॉकी चंडीगढ़ को 4-1 से हराकर अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा। विजेता टीम के लिए कप्तान लालटलानचुंगी (6'), वनलालरिन्हलुई (9'), लालडिनपुई (21') और मंगलावमसांग (51') ने गोल किए, जबकि हॉकी चंडीगढ़ के लिए एकमात्र गोल तमन्ना (8') ने किया। पूल ए में हॉकी हरियाणा ने मणिपुर हॉकी को 4-0 से हराया। दीया (44', 50') ने दो गोल किए और मनजिंदर (17') और नीशू (39') ने भी एक-एक गोल करके जीत में योगदान दिया। हॉकी बंगाल ने पूल एच में ले पुडुचेरी हॉकी पर 7-1 से जीत हासिल की। ??कप्तान बुलबुल कुमारी शॉ (2', 23', 55') ने प्रभावशाली हैट्रिक हासिल की। पुरबा चक्रवर्ती (24', 32') और पियाली ओराव (16', 29') भी हॉकी बंगाल के लिए ब्रेसिज के साथ स्कोरशीट में शामिल हुए। ले पुडुचेरी हॉकी के लिए मनस्वी बी.यू (50') ने एक गोल किया।

# द. अफ्रीका ने श्रीलंका को रौंदकर आस्ट्रेलिया को दिया बड़ा झटका, भारत पर भी मंडराया खतरा

**नयी दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका ने श्रीलंका को डरबन में खेले गए पहले टेस्ट मैच में 233 रनों से हरा दिया है। इस जीत के साथ ही दक्षिण अफ्रीका की टीम ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप प्वाइंट्स टेबल में कमाल कर दिया है। अफ्रीका टीम ने आस्ट्रेलिया को पीछे छोड़ते हुए दूसरे स्थान पर कब्जा कर लिया है। अब वो सिर्फ भारत से पीछे हैं, अफ्रीका ने अब आस्ट्रेलिया के साथ-साथ भारत के लिए भी खतरे की घंटी बजा दी है।

**दक्षिण अफ्रीका ने बदला समीकरण :** दक्षिण अफ्रीका की टीम के 9 मैचों में 5 जीत और 3 हार के साथ 64 प्वाइंट्स हैं। टीम 59 .26 पीटीसी के साथ दूसरे स्थान पर कब्जा किया हुआ है। तीसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया है, जो 13 मैचों में 8 जीत और 4 हार के साथ 90 प्वाइंट्स हासिल कर चुकी है। इस समय आस्ट्रेलिया के 57.69 पीटीसी हैं और वो तीसरे स्थान पर हैं। भारतीय टीम 15 मैच में 9 जीत और 5 हार के साथ 110 प्वाइंट्स और 61.11 पीटीसी के साथ पहले स्थान पर हैं। इसके बाद न्यूजीलैंड, श्रीलंका, इंग्लैंड और पाकिस्तान क्रमशः चौथे, पांचवें, छठे और सातवें स्थान पर बनी हुई है। प्वाइंट टेबल में टॉप 2 पर रहने वाली दोनों टीमें विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश करेंगी। अब साउथ अफ्रीका के पास मौका होगा कि वो अपनी स्थिति और सुधारे और डब्ल्यूटीसी 2023-25 के फाइनल में जगह बनाये। इस मैच में श्रीलंका को 233 रनों से हार स्वीकार करनी पड़ी। तीसरे दिन के खेल के बाद दक्षिण अफ्रीका ने श्रीलंका को जीत के लिए 516 रनों का लक्ष्य दिया था।



# महाराष्ट्र वह जगह है जहां कबड्डी का दिल धड़कता है : मनप्रीत

**नोएडा।** हरियाणा स्टीलर्स के मुख्य कोच मनप्रीत सिंह ने नोएडा से पुणे जा रही प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल)-11 सीजन में कबड्डी के सांस्कृतिक महत्व को लेकर कहा कि महाराष्ट्र वह जगह है जहां कबड्डी का दिल सचमुच धड़कता है। कबड्डी के सांस्कृतिक महत्व को लेकर भावुक हरियाणा स्टीलर्स के मुख्य कोच मनप्रीत सिंह ने खेल के साथ महाराष्ट्र के गहरे जुड़ाव के बारे में कहा, महाराष्ट्र वह जगह है जहाँ कबड्डी का दिल सचमुच धड़कता है।

# हॉकी इंडिया लीग 2024-25 का आधिकारिक प्रसारण भागीदार बना दूरदर्शन

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय खेलों को बढ़ावा देने की अपनी विरासत के लिए प्रसिद्ध, दूरदर्शन देश भर के लाखों दर्शकों के लिए हॉकी इंडिया लीग (एचआइएल) का रोमांचक एक्शन लेकर आएगा। दूरदर्शन ने शनिवार को हॉकी इंडिया लीग के साथ साझेदारी किया है, ताकि हॉकी को घर-घर पहुंचाया जा सके और इस सुंदर खेल के खिलाड़ियों को देश में जाना-पहचाना नाम बनाया जा सके। एचआइएल 28 दिसंबर 2024 से शुरू हो रहा है। इस साल का संस्करण ऐतिहासिक है क्योंकि यह महिला हॉकी इंडिया लीग के उद्घाटन सत्र के साथ-साथ बहुप्रतीक्षित पुरुष प्रतियोगिता का भी प्रतीक है। इस लीग में 8 पुरुष टीमें और 4 महिला टीमें भाग लेंगी, जो राउरकेला और रांची में प्रतिस्पर्धा करेंगी, जिसमें भारत और दुनिया भर से शीर्ष स्तर की प्रतिभायें दिखाई देंगी। महिला लीग का जुड़ना हॉकी इंडिया की खेलों में लैंगिक समावेशिता को आगे बढ़ाने और एक बड़े मंच पर महिला हॉकी को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत सहगल ने कहा, प्रसार भारती को हॉकी इंडिया लीग के साथ साझेदारी करने का सौभाग्य मिला है, जो एक ऐसा मंच है जो हमारे राष्ट्रीय खेलों का जश्न मनाता है और विभिन्न श्रेणियों के लोगों को जोड़ता है। हमारे व्यापक कवरेज के माध्यम से, हमारा लक्ष्य हॉकी की रोमांचक भावना को हर जगह दर्शकों तक पहुंचाना, शहरी और ग्रामीण विभाजन को पाटना और लीग के प्रभाव को बढ़ावा देना है, जिसमें महिला एचआइएल का ऐतिहासिक पदार्पण भी शामिल है। प्रसार भारती के सीईओ गौरव द्विवेदी ने कहा, टोक्यो और पेरिस ओलंपिक में लगातार दो पदक जीतने के साथ, भारतीय खेल प्रेमियों को विश्वास है कि भारतीय हॉकी का स्वर्ण युग वापस आ रहा है। सार्वजनिक प्रसारक के रूप में दूरदर्शन इस साझेदारी के माध्यम से इस व्यापक दृष्टिकोण में योगदान देने के लिए तत्पर है। इसका उद्देश्य हॉकी उत्पादन और प्रसारण को वैश्विक खेल मानकों तक बढ़ाना है। दुनिया भर के खेल प्रेमी अब डीडी स्पोर्ट्स और वेव्स- प्रसार भारती के हाल ही में लॉन्च किए गए ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भारतीय हॉकी लीग, पुरुष और महिला दोनों देख सकते हैं। 28 दिसंबर, 2024 से शुरू होने वाले प्रसारण के लिए बने रहें।





**एचआइएल की संचालन समिति के सदस्य भोला नाथ सिंह ने कहा :** हॉकी हमारे लिए सिर्फ एक खेल से कहीं बढ़कर है-यह हमारी एकता और गौरव का प्रतीक है। इस सीजन में महिला एचआइएल का जुड़ना महिला एथलीटों के लिए समानता और मान्यता सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ी छलांग है। दूरदर्शन के साथ हमारे भागीदार के रूप में, हम एचआइएल का एक शानदार सीजन पेश करने के लिए तैयार हैं। हॉकी हमें जोड़ती है, और यह भागीदारी उस बंधन को मजबूत करती है। अब, देश भर के प्रशंसक-भारत के हर नुक्कड़, कोने और गांव से-दूरदर्शन पर हॉकी इंडिया लीग के सभी मैचों का सीधा प्रसारण देख सकेंगे, जिससे देश भर के हॉकी प्रेमियों के लिए निर्बाध पहुंच सुनिश्चित होगी। एक ऐतिहासिक कदम के रूप में, हॉकी इंडिया के साथ दूरदर्शन की साझेदारी सभी राष्ट्रीय चैंपियनशिप तक विस्तारित हो गई है। आगे चलकर, विभिन्न श्रेणियों में सभी हॉकी इंडिया राष्ट्रीय चैंपियनशिप, साथ ही हॉकी इंडिया के स्वामित्व वाले भारत के सभी हॉकी कार्यक्रम डीडी पर प्रसारित किए जाएँगे।

### एचआइएल की संचालन समिति के अध्यक्ष डॉ. तिर्की ने कहा

हम हॉकी इंडिया लीग के आधिकारिक प्रसारणकर्ता के रूप में दूरदर्शन के साथ साझेदारी करके रोमांचित हैं। यह वर्ष महिला एचआईएल के लॉन्च के साथ विशेष रूप से खास है, जो महिला हॉकी को बढ़ावा देने में एक ऐतिहासिक कदम है। दूरदर्शन की खेलों के प्रति अद्वितीय पहुंच और प्रतिबद्धता हॉकी को देश के हर कोने तक ले जाने के हमारे दृष्टिकोण के साथ पूरी तरह से मेल खाती है। साथ मिलकर, हमारा लक्ष्य लाखों लोगों को प्रेरित करना और एचआइएल को अभूतपूर्व ऊंचाइयों तक ले जाना है।

# पीवी सिंधु आसान जीत के साथ महिला एकल के फाइनल में, तनीषा-ध्रुव की जोड़ी का भी कमाल

एजेंसी



**लखनऊ।** ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता पीवी सिंधु ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शनिवार को यहां हमवतन उन्नति हुड्डा को सीधे गेम में हराकर सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय सुपर 300 बैडमिंटन टूनार्मेंट के महिला एकल के फाइनल में प्रवेश किया। शीर्ष वरीयता प्राप्त सिंधु ने महिला एकल के पहले सेमीफाइनल में उन्नति को केवल 36 मिनट में 21-12, 21-9 से हरा दिया। सिंधु के दमदार खेल के सामने उन्नति को संघर्ष करना पड़ा और उन्होंने कई गलतियां की जिसके कारण उनकी मजबूत प्रतिद्वंदी ने पूरे मैच के दौरान नियंत्रण बनाए रखा। सिंधु ने मैच के बाद कहा, मैं अपने प्रदर्शन से खुश हूं। मैंने शुरू से ही बढ़त बनाए रखी। मैंने कुछ स्ट्रोक आजमाए और कुल मिलाकर मैं जिस तरह से खेली उसको लेकर आश्वस्त थी। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि उन्नति ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया लेकिन मैंने उसे कोई मौका नहीं दिया। मैंने शुरू से लेकर आखिर तक बढ़त बनाए रखी। वह उदीयमान खिलाड़ी है और मैं उसे शुभकामनाएं देती हूं। सिंधु ने कहा, मुझे अब कल की तैयारी पर ध्यान देना होगा क्योंकि यह आसान मुकाबला नहीं होगा। मुझे शुरू से लेकर आखिर तक अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। यहां अपने तीसरे खिताब की कवायद में लगी सिंधु का अगला मुकाबला थाईलैंड की लालिनराट चाइवान और चीन की लुओ यू वू के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल की विजेता से होगा। इससे पहले तनीषा क्रैस्टो और ध्रुव कपिला की भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी ने चीन की झी होंग झोउ और जिया यी यांग की जोड़ी पर सीधे गेम में जीत दर्ज करके फाइनल में जगह बनाई। वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने 42 मिनट तक चले

## स्पीड न्यूज

### तालाब में डूबने से किशोर की मौत

**गढ़वा।** थाना क्षेत्र के अंचला गांव में तालाब में डूबने से 16 वर्षीय सूरज कुमार राम की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सूरज अपने घर से कुछ दूरी पर स्थित तालाब में स्नान करने गया था। स्नान के दौरान वह गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। वहां मौजूद 13 वर्षीय शिवम कुमार ने उसे डूबता देख परिजनों को इसकी सूचना दी। परिजन तुरंत तालाब पहुंचे और सूरज को बाहर निकालकर गढ़वा सदर अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही गढ़वा पुलिस अस्पताल पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया। ज्ञात हो कि कुछ वर्ष पूर्व सूरज के बड़े भाई की भी मृत्यु हो गई थी।

### नई चेतना 3.0 अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**दरभंगा।** अन्तर्राष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन पखवारा के दौरान शनिवार को महिला विशेष कोषांग दरभंगा के सहयोग से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हैकॉक इंस्टीट्यूशन मध्य विद्यालय, लहेरियासराय, में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के छात्र/छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उक्त कार्यक्रम में छात्र, छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक, भाषण, चित्रकारी, गायन तथा रंगोली बनाकर इस जागरूकता कार्यक्रम में मौजूद अभिभावकों एवं आम जनों का मन मुग्ध किया।

### सारण : हथियार का प्रदर्शन करने वाला युवक गिरफ्तार

**छपरा।** बिहार में सारण जिले की रिविलगंज थाना की पुलिस ने सोशल मीडिया पर हथियार का प्रदर्शन करने वाले एक युवक को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। सारण के पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष ने शनिवार को यहां बताया कि सेमरिया खुर्द गांव निवासी अमन कुमार का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था। उन्होंने बताया कि इस वीडियो की जांच में सत्यता प्रमाणित होने पर उसे एक देशी कट्टा के साथ पुलिस ने गिरफ्तार किया।

### चौथी धम्म यात्रा 02 से 10 दिसंबर तक

**पटना।** भारत में धम्म के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में चौथी धम्म यात्रा 02 से 10 दिसंबर तक आयोजित होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2015 में कहा था कि '21वीं शताब्दी' 'एशियाई शताब्दी' है और इस 'एशियाई शताब्दी' में बौद्ध धम्म की केंद्रीय भूमिका रहेगी, जो इस क्षेत्र के देशों को जोड़ने में महत्वपूर्ण है। 20 से अधिक भिक्षु, बौद्ध विद्वान, विश्वविद्यालय के प्रोफेसर और अन्य दो दिसंबर को नई दिल्ली पहुंचेंगे और उसके बाद पटना-बोधगया (नालंदा) से होते हुए वापस नई दिल्ली और फिर गुजरात की यात्रा करेंगे। यह यात्रा 02 से 10 दिसंबर के बीच होगी।

### सारण में ट्रेन से कटकर एक व्यक्ति की मौत

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के पूर्वोत्तर रेलवे के छपरा-सीवान रेलखंड पर ट्रेन से कटकर एक व्यक्ति की मौत हो गई है। छपरा जंक्शन राजकीय रेल थाना पुलिस सूत्रों ने शनिवार को यहां बताया कि रेलखंड के दाउदपुर स्टेशन के समीप एक अज्ञात व्यक्ति का शव देखकर स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना दी।

## डंडई प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में नहीं है सुलभ शौचालय

खबर मन्त्र संवाददाता

**डंडई।** प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रखंड कार्यालय का संचालन होते 16 वर्षों से भी अधिक दिन का समय गुजर गया, लेकिन आज तक कार्यालय परिसर में सुलभ शौचालय का निर्माण नहीं हो सका है। लोग खुले में मल मूत्र विसर्जन करने को मजबूर हैं। जबकि प्रत्येक दिन करीब हजारों लोग प्रखंड कार्यालय में अपनी जरूरत के लिए अपना कार्यालयिक कार्य करवाने आते हैं। प्रखंड कार्यालय आने वाले ग्रामीणों को आवश्यक परिस्थिति में शौच और मूत्र से निपटने के लिए सोचना पड़ता है। प्रखंड कार्यालय परिसर में लाखों का भवन बेकार पड़ा हुआ है व जर्जर हो रहा है। लेकिन मामूली सार्वजनिक शौचालय तक नहीं बनाया गया है। हालांकि प्रखंड कार्यालय में पदाधिकारियों व कर्मियों के लिए अलग से शौचालय की व्यवस्था तो है, लेकिन आम लोगों को खुले में शौच जाना पड़ता है।



डंडई प्रखंड सह अंचल कार्यालय।

### क्या कहा ग्रामीणों ने

ग्रामीणों ने बताया कि एक तरफ सरकार स्वच्छता को लेकर काफी प्रचार-प्रसार कर रही है। इसके लिए काफी रुपए भी खर्च कर रही है लेकिन प्रखंड कार्यालय परिसर में सार्वजनिक सुलभ शौचालय नहीं रहने के कारण लोग खुले में शौच करने को मजबूर हैं। जबकि प्रखंड का कार्यालय सबसे बड़ा सरकारी दफ्तर है और ऐसे दफ्तरों में सुलभ शौचालय का होना अति आवश्यक है। लेकिन आज तक प्रखंड कार्यालय परिसर में सार्वजनिक सुलभ शौचालय का निर्माण क्यों नहीं कराया गया यह समझ से परे है। इस ओर अधिकारियों का ध्यान देने की आवश्यकता है।

## विधायक नरेश सिंह का गढ़वा में भव्य स्वागत

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन के राजद विधायक नरेश सिंह शनिवार को गढ़वा पहुंचे। यहां राजद जिला अध्यक्ष सूरज सिंह के नेतृत्व में समर्थकों ने रंका मोड़ पर फूल माला के साथ भव्य स्वागत किया। मौके पर विधायक नरेश सिंह ने जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपके विश्वास ने हमें सेवा का अवसर दिया है। हम क्षेत्र के विकास के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। उन्होंने रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार को अपनी प्राथमिकता बतायी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में सड़क निर्माण, पेयजल आपूर्ति और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए नई योजनाएं तैयार की जा रही हैं। विधायक श्री सिंह ने जनता की उम्मीदों पर पूरी तरह से खरा उतरने का प्रयास करेंगे। साथ ही जनता के सहयोग से क्षेत्र को नई ऊंचाइयों तक ले ले जाने का प्रयास करेंगे। कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने ढोल-नगाड़ों के साथ नारेबाजी करते हुए विधायक का स्वागत किया। समर्थकों ने नरेश सिंह की जीत को जनता की उम्मीदों का प्रतीक करार दिया। मौके पर काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।


विधायक का स्वागत करते नेता व कार्यकर्ता।

# प्रखंड सह अंचल कार्यालय में कर्मचारी एवं पदाधिकारी अनुपस्थिति, ग्रामीण परेशान

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय में कर्मचारियों व पदाधिकारियों की अनुपस्थिति के कारण ग्रामीणों में काफी आक्रोश देखा जा रहा है। प्रखंड कार्यालय में संबंधित कार्य को लेकर विभिन्न गांव से आई महिलाएं दवनकारा गांव निवासी रिंकू देवी, मोरबे पंचायत के करकट्टा गांव निवासी मीना देवी, अखोरी तहले गांव निवासी बेबी देवी, रेखा देवी ने बताई कि वह सुबह 10 बजे से प्रखंड कार्यालय में मंईयां सम्मान योजना एवं आधार लिंक सहित और कार्य को लेकर आयीं। परंतु किसी भी कर्मचारी पदाधिकारी से मुलाकात नहीं होने से काफी परेशान नजर आईं। रिंकू देवी ने बताई की छोटा बच्चा को लेकर इस ठंडी में काम से आए हैं, परंतु सभी पदाधिकारी कर्मचारी गायब हैं किसी से भेंट नहीं होने से बिना कार्य ही वापस जाना पड़ रहा है। मीना देवी बीमार होते हुए भी अपने कार्य को लेकर प्रखंड कार्यालय आई थी, लेकिन किसी से मुलाकात नहीं हो सकी। प्रखंड कार्यालय के बीडीओ के प्रधान सहायक लव कुमार तीन बजे ही ब्लॉक से निकल गए। प्रेस वालों पर नजर पड़ते ही वे पुनः कार्यालय लौटकर आए तथा वे समय अवधि से पहले ही 3:50 बजे चले गये। प्रखंड कार्यालय के 15वें वित्त के कनीय अभियंता एवं प्रखंड समन्वयक कार्तिक कुमार के कार्यालय में शुक्रवार एवं शनिवार को भी ताला बंद देखा गया। जबकि सीडीपीओ कार्यालय की दोनों पर्यवेक्षिका शनिवार को 4:10 बजे कार्यालय से जाती हुई देखी गई। कई अन्य विभागों में ताला लटके हुए पाए गये। इसे देखने वाला कोई पदाधिकारी इसकी सुध नहीं ले रहे हैं। जिससे लगातार प्रखंड कार्यालय के कर्मचारियों एवं पदाधिकारियों की अनुपस्थिति लगातार बढ़ते ही जा रही है। वहीं दूसरी तरफ समय से पहले कई कर्मचारी प्रखंड से गायब हो जाते हैं। इसे भी देखने वाला कोई नहीं है। जबकि प्रखंड कार्यालय का खुलने का समय सुबह 10 बजे से शाम 5 तक का अवधि निर्धारित है। इस संबंध में अंचल पदाधिकारी सह प्रभारी बीडीओ प्रमोद कुमार ने बताया कि अगर कोई निर्धारित समय से पहले कार्यालय से जाते हैं तो उनपर कार्रवाई की जाएगी।


जानकारी देते ग्रामीण।

## एक नजर में

### लायंस ग्रीन ने किया भोजन का वितरण

**गढ़वा।** लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ग्रीन के तत्वाधान में मां गढ़देवी मंदिर परिसर में 200 लोगों के बीच भोजन का वितरण किया गया। मौके पर प्रोजेक्ट चेयरमैन संतोष अग्रवाल ने बताया कि लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ग्रीन के द्वारा जरूरतमंदो के बीच भोजन का वितरण किया गया। पूर्व अध्यक्ष जय शंकर ब्रेजियर ने बताया कि इस फूड फॉर हंगर कार्यक्रम को लायंस क्लब मोटो हम सेवा करते है के तहत किया जाता है। मौके पर अध्यक्ष उमाकांत पांडेय, पूर्व अध्यक्ष हर्ष अग्रवाल, विजय सोनी, गायत्री सोनी आदि उपस्थित थे।


वितरण करते क्लब के सदस्य।

### निर्मला सीतारमण ने 50294 लाभार्थियों में वितरित किए 1121 करोड़ का ऋण

**मधुबनी।** केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज बिहार के मधुबनी में क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम में शामिल हुईं, जहां 50294 लाभार्थियों को 1121 करोड़ रुपए के ऋण वितरित किए गए। श्रीमती सीतारमण ने शनिवार को यहां बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की उपस्थिति में क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस दौरान 50294 लाभार्थियों को 1121 करोड़ रुपए के ऋण वितरित किए गए।



### कार्यकर्ता पार्टी की मजबूती के लिए तन-मन से लग जाएं और 2025 के मिशन को पूरा करें: उमेश

**भागलपुर।** बिहार प्रदेश जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने आज यहां पार्टी कार्यकर्ता से आह्वान करते हुए कहा कि वे पार्टी की मजबूती के लिए तन-मन से लग जाए और 2025 के मिशन को पूरा करें। श्री कुशवाहा ने यहां जिला जदयू कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि आज से सभी कार्यकर्ता पार्टी के लिए एक एक दिन निकाल कर जिला से लेकर पंचायत स्तर तक पार्टी को सशक्त बनाने में जुट जाएं। जिसमें पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं में किसी तरह मतभेद नहीं होगा और सभी एकजुट होकर काम करेंगे।

### विद्यार्थियों के जीवन में एक स्पष्ट लक्ष्य होने चाहिए : राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर



**पटना।** बिहार के राज्यपाल-सह-कुलाधिपति राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने आज कहा कि विद्यार्थियों के जीवन में एक स्पष्ट लक्ष्य होना चाहिए, जिससे वे समाज हित में कार्य कर सकें। श्री आर्लेकर ने पटना वीमेंस कॉलेज में आयोजित पटना विश्वविद्यालय के वार्षिक दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुये कहा कि हमारे युवाओं को नौकरी की तलाश करने के बजाए रोजगार प्रदाता बनना चाहिए। इसके लिए वे स्टार्ट-अप शुरू कर सकते हैं उन्होंने कहा कि हम जीवन भर शिक्षा प्राप्त करते रहते हैं। शिक्षा सिर्फ पाठ्य पुस्तकों से ही नहीं, बल्कि समाज के हर व्यक्ति से प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने उपाधि एवं पदक प्राप्त करनेवाले छात्र-छात्राओं से कहा कि उनकी इस उपलब्धि में उनके परिवार के सदस्यों के सहयोग, समर्थन और मार्गदर्शन की महत्वपूर्ण भूमिका है और इसके लिए उन्हें उनके प्रति कृतज्ञ होना चाहिए। उन्हें अपनी उपाधि और पदक अपने अभिभावकों को समर्पित करना चाहिए।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने कार्यशाला का आयोजन किया

पटना 30 नवंबर (वार्ता) संविधान दिवस सप्ताह के अवसर पर आज प्रक्षेत्रीय जिला प्रोबेशन कार्यालय,पटना द्वारा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रूपेश देव की अध्यक्षता में व्यवहार न्यायालय में प्रोबेशन ऑफ अफेन्डर्स एक्ट-1958 पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में श्रीमती शिल्पी सोनीराज, सदस्य सचिव, बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना, नितिन त्रिपाठी, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पटना, श्रीमती पूनम रानी, उप निदेशक (प्रोबेशन), पटना प्रमण्डल एवं व्यवहार न्यायालय, पटना के अन्य न्यायाधीशगण, जिला प्रशासन पुलिस अधीक्षक (अपराध इकाई) पटना एवं पटना प्रक्षेत्र के सभी प्रोबेशन पदाधिकारियों की सहभागिता रही।


### राज्य एवं केंद्र की सरकार पंचायत प्रतिनिधियों के साथ कर रही है सौतेला व्यवहार : मिथिलेश

**दरभंगा।** मुखिया महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष मिथिलेश कुमार राय ने आज कहा कि राज्य एवं केंद्र की सरकार लगातार पंचायत प्रतिनिधियों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। दरभंगा जिला मुखिया महासंघ के जिला अध्यक्ष राजीव कुमार चौधरी की अध्यक्षता में राज्यव्यापी आह्वान पर आज जिला समाहरणालय स्थित धरना स्थल पर जिला के मुखिया एवं मुखिया प्रतिनिधियों की आयोजित धरना प्रदर्शन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुखिया महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष मिथिलेश कुमार ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी का सपना था कि सत्ता का विकेंद्रीकरण हो एवं पंचायत स्तर पर सरकार बनेगा तो आमजन की समस्या और गांव के विकास का फैसला आम सभा के माध्यम से पंचायत की जनता खुद करेंगे तभी गांव का सर्वांगीण विकास होगा लेकिन केंद्र एवं राज्य की सरकार त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों के साथ लगातार सौतेला व्यवहार कर राष्ट्रपिता के सपनों के साथ खिलवाड़ कर रही है,जिससे ग्रामीण स्तर पर विकास का स्तर शून्य होता जा रहा है केंद्र एवं राज्य सरकार प्रशासन द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत सरकार को लगातार कमजोर करने की साजिश चल रही है। मुखिया एवं पंचायती राज के जनप्रतिनिधि अपने अधिकारों में कटौती से प्रताड़ित है।

## पप्पू यादव को 24 घंटे में मारने की धमकी

एजेंसी

**पूर्णिया।** पप्पू यादव को जान से मारने की एक और धमकी मिली है। अज्ञात व्यक्ति ने वॉट्सऐप पर भेजे गए संदेश में 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। मिले संदेश में स्पष्ट लिखा है 'आखिरी 24 घंटे हैं पप्पू यादव तेरे पास'। इसके साथ एक धमकी का वीडियो भी संलग्न किया है। मैसेज में साफ-साफ लिखा गया है कि 'आखिरी 24 घंटे में तेरी हत्या कर देंगे'। ज्ञात हो कि बाबा सिद्दीकी हत्याकांड के बाद पप्पू यादव ने सोशल मीडिया पर लॉरेंस विश्नोई को 'दो टके का गुंडा' कहा था। तब से उन्हें लगातार धमकियां मिल रही हैं। इस बीच, पप्पू यादव की सुरक्षा को लेकर उनके करीबी दोस्तों ने बड़ा कदम उठाया है। उन्हें एक बुलेटप्रूफ लैंड क्रूजर गिफ्ट किया गया है, जो इतना मजबूत है कि रॉकेट लांचर का भी कोई असर नहीं होगा। पहले भी पप्पू यादव को पाकिस्तान से धमकी भरा फोन आ चुका है। कॉल करने वाले ने कहा था कि 24 दिसंबर को उन्हें 'ऊपर' भेज देंगे। इस धमकी के बाद उन्होंने पुलिस में शिकायत भी की थी। वहीं, मिली नवीनतम धमकी में एक दिलचस्प बात यह है कि मैसेज में 'हैप्पी बर्थडे लॉरेंस भाई' जैसा संदेश भी लिखा गया है। इस पूरे मामले में अभी तक किसी संदिग्ध को नहीं पकड़ा गया है और जांच एजेंसियां मामले की गहन जांच में जुटी हुई हैं।



## नवनिर्वाचित विधायक ने क्षेत्र की जनता के साथ किया जनसंपर्क

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने बरडीहा प्रखंड के बभनी, सरसतिया, बरडीहा, लालगढा, जिका, सलगा, कौआखोह गांव में भ्रमण कर जनसंपर्क किया और ग्रामीणों को जीत की बधाई दी। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं एवं देव तुल्य जनता से मुलाकात किया। भ्रमण के दौरान राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकर्ताओं ने फूल माला से भव्य स्वागत किया। वहीं क्षेत्र की जनता से मुलाकात के दौरान नरेश प्रसाद सिंह ने सभी को अपार मत देने एवं फुल बहुमत से विधानसभा में भेजने की खुशी में आभार प्रकट किया। विधायक श्री सिंह ने कहा कि हमारी नहीं यहां की जनता की जीत हुई है। आप लोगों ने जिस प्रकार से मेरे ऊपर विश्वास किया है। मैं जिस वादे के साथ आपके बीच में आया था उस पर मैं खरा उतरूंगा। उन्होंने कहा कि विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के सभी गांव में विकास का ऐसा लकीर खिंचूंगा। आने वाला स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा। साथ ही कहा कि जो आपके गांव में कमियां है जैसे चेकडैम, सड़क, नाले, इन सभी एक सूची बनाकर तैयार करें। ताकि उस पर विशेष ध्यान देते हुए बनवाया जाए और किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाया जा सके। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए मैं जो वादा किया हूं वो पूरा करूंगा। मौके पर नवल किशोर यादव, छोटू यादव, बबलु कुमार, पप्पू यादव, पंकज गुप्ता, बिनोद रजवार, संतोष रजवार, जितेन्द्र कुमार, ददन राम, आदि लोग उपस्थित थे।


संबोधित करते विधायक नरेश प्रसाद सिंह।

## निर्मला सीतारमण ने रिवर फ्रंट का किया निरीक्षण

एजेंसी

**पटना।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को झंझारपुर प्रखंड के अररिया संग्राम में सुगरवे नदी के दोनों तट पर बन रहे रिवर फ्रंट का स्थल निरीक्षण किया और कार्य की सराहना की। इस दौरान उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सदस्य संजय कुमार झा मौजूद थे। जल संसाधन विभाग द्वारा झंझारपुर प्रखंड के अररिया संग्राम में मिथिला हाट और सुगरवे नदी पर निर्मित वीयर के बीच सुगरवे नदी के दोनों तट पर चार-चार सौ मीटर लंबाई में रीवर फ्रंट का निर्माण और पक्का तट सुरक्षा कार्य कराया जा रहा है। पर्यटक इसके दोनों ओर सुगमता पूर्वक आवागमन कर सकें, इसके लिए फुट ओवरब्रिज का भी निर्माण कराया जा रहा है। रिवर फ्रंट के सौंदर्यीकरण और क्षेत्र में हरियाली बढ़ाने के लिए यहां प्लांटेशन का भी प्रावधान किया गया है। जल संसाधन विभाग की यह योजना जहां आसपास की सुंदरता बढ़ाएगी, वहीं क्षेत्र को बाढ़ से सुरक्षा भी प्रदान करेगी। इसके माध्यम से अररिया संग्राम में स्थित मिथिला हाट, सरकारी कॉलेज एवं राजकीय विद्यालय जैसे सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों को सुगरवे नदी के कटाव से सुरक्षा मिलेगी।



## महिला संवाद यात्रा के बहाने जनता का मन टटोलेंगे नीतीश

एजेंसी

**पटना।** बिहार विधानसभा का चुनाव 2025 के अक्टूबर-नवम्बर माह में होने वाला है। इसको लेकर सभी राजनीतिक दल अपने-अपने स्तर से तैयारियों में जुट गए हैं। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी दिसम्बर के मध्य से महिला संवाद यात्रा के बहाने जनता का मन टटोलने निकलेंगे। राज्य सरकार द्वारा पिछले वर्षों में शुरू की गई योजनाओं का सामाजिक असर और उसके राजनीतिक लाभ का आकलन भी सीएम अपनी इस यात्रा में करेंगे। यह यात्रा 2025 के विधानसभा चुनाव में राजग गठबंधन के लिए तुरुप का पत्ता साबित हो सकता है। नीतीश कुमार को बिहार में वर्ष 2005 से लगातार मिलती सफलता के पीछे महिला मतदाताओं का बड़ा हाथ माना जाता है। नीतीश की महिला आरक्षण, साइकिल योजना, जीविका दीदी, आशा दीदी, बालिका शिक्षा के बाद प्रोत्साहन राशि, शराबबंदी जैसी कई योजनाओं को शुरू किया, जिससे लाखों महिलाओं को लाभ मिला।

# मुख्यमंत्री ने बिहार में ऊर्जा के सपनों को किया साकार : ऊर्जा सचिव

एजेंसी

**पटना।** बिहार इलेक्ट्रिसिटी रेगुलेटरी कमिशन (बीईआरसी) द्वारा होटल ताज में शनिवार को आयोजित फोरम ऑफ रेग्युलेटर्स ऑफ ईस्टर्न स्टेट (एफओआरएनएस) की बैठक में ऊर्जा विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल ने ऊर्जा क्षेत्र में हुई प्रगति की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रोड मैप बनाकर मुख्यमंत्री ने बिहार में ऊर्जा के सपनों को साकार किया है।

बैठक में पाल को बिहार द्वारा ऊर्जा प्रक्षेत्र में हासिल की गई उपलब्धियों के विषय में प्रस्तुति लिए आमंत्रित किया गया। अपने प्रस्तुतिकरण में उन्होंने बताया कि पिछले वर्षों में बिहार ने ऊर्जा के क्षेत्र में शानदार उपलब्धियां हासिल की है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की बिहार बिजली व्यवस्था में आमूलचूल सुधार के लिए, जो दूरदर्शी सोच थी उसके आलोक में एक रोड मैप तैयार किया गया है, जिसे ऊर्जा मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव की देख रेख में क्रियान्वित किया गया। सचिव पाल ने बताया कि मुख्यमंत्री ने हर गांव, हर टोले में बिजली पहुंचाने के साथ साथ राज्य में ह्रास पर बिजलीह पहुंचाने का निश्चय किया। उसकी सफलता ने पूरे देश के लिए ऐसा दृष्टांत बनाया कि केंद्र सरकार ने इसके आधार पर सौभाग्य योजना को पूरे देश में लागू करने का निर्णय लिया। मुख्यमंत्री ने जर्जर तारों से रही दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए इसे बदलने हेतु रिकन्डक्टरिंग योजना की नींव रखी। ऊर्जा सचिव ने कहा कि राज्य में बढ़ती बिजली मांग को देखते हुए वितरण और संचरण प्रणाली को सुदृढ़ करने की योजनाएं बनाई गईं। ग्रिड उपकरणों की संख्या पिछले वर्षों में 45 से बढ़कर 168 हो गई। पाल ने अपने प्रस्तुतिकरण में कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य के किसानों को सिंचाई का पानी सुगमता एवं सस्ते दर पर मिलने लगा। इसके लिए मुख्यमंत्री कृषि संबंध योजना के अंतर्गत बड़े पैमाने पर कृषि कनेक्शन दिया जा रहा है तथा कृषि कार्य हेतु बिजली दर में 92 प्रतिशत का अनुदान दिया जा रहा है। आज बिहार के लोगों को 22 से 24 घंटे गुणवत्तापूर्ण बिजली मिल रही है। मुख्यमंत्री ने सौर ऊर्जा को अक्षय ऊर्जा का प्रमुख स्रोत बताते हुए इसके प्रोत्साहन के लिए राज्य में अनेकों पहल किया है। आज बिहार में फ्लोटिंग सोलर ऊर्जा, नहरों के किनारे सोलर प्लांट व रूफ टॉप सोलर परियोजना व्यापक पैमाने पर लगायी जा रही है। पाल ने कहा कि लखीसराय जिले के कजरा में 185 मेगावाट का बड़ा सोलर प्लांट लगाया जा रहा है। जिसमें देश की सबसे बड़ी बैटरी सोलर प्रणाली परियोजना लगाई जा रही है।




- ग्रिड उपकरणों की संख्या पिछले वर्षों में 45 से बढ़कर 168 हुई
- कृषि कार्य हेतु बिजली दर में 92 प्रतिशत का अनुदान दिया जा रहा
- लखीसराय जिले के कजरा में 185 मेगावाट का सोलर प्लांट लगाया जा रहा है

स्पीड न्यूज

## चिटफंड घोटाला में प्रयाग समूह के दो प्रमोटर गिरफ्तार

**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पश्चिम बंगाल में चिटफंड घोटाले से जुड़े कथित धन शोधन मामले में मेसर्स प्रयाग ग्रुप ऑफ कंपनीज के दो प्रमोटरों बासुदेव बागची और अविक बागची को गिरफ्तार किया है। पिता-पुत्र की जोड़ी पर मासिक आय योजना , रिडीमेबल प्रेफरेंस शेयर और क्लब सदस्यता प्रमाणपत्र जैसी झूठी उच्च-रिटर्न योजनाओं के तहत 2,800 करोड़ रुपये की जमा राशि एकत्र करके जनता को धोखा देने का आरोप है।

## स्टाइल टीम का सूबेदार हैं कैटरीना : विक्की कौशल



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता विक्की कौशल अपनी पत्नी कैटरीना कैफ को अपनी स्टाइल टीम का सूबेदार मानते हैं। कौशल ने कहा कि पत्नी कैटरीना ने उनकी अलमारी का चार्ज ले लिया है। उन्होंने कहा कि कैटरीना इस बात का ध्यान रखती हैं कि वह थोड़ा प्रेजेंटेबल दिखें। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कैटरीना को अपनी स्टाइलिंग टीम का सूबेदार कहा है। विक्की कौशल ने स्वीकार किया कि वे 'फैशन में अक्षम' हैं।

## सीमा पर पाकिस्तानी ड्रोन व हेरोइन बरामद

**चंडीगढ़।** बीएसएफ ने भारत-पाक सीमा पर कार्रवाई करते हुए दो पाकिस्तानी ड्रोन व हेरोइन बरामद की है। एक पाकिस्तानी ड्रोन व हेरोइन अमृतसर जिले में तो दूसरा तरनतारन जिले से पकड़ा गया है। बीएसएफ प्रवक्ता ने बताया कि बीएसएफ के जवानों ने शुक्रवार रात गश्त के दौरान अमृतसर जिले में स्थित पाकिस्तानी सीमा से एक डीजेआई माविक थ्री क्लासिक ड्रोन बरामद किया। उसकी जब जांच की गई तो उसके साथ 560 ग्राम हेरोइन भी लिपटी हुई मिली।

## बीजापुर में इनामी समेत 13 माओवादी गिरफ्तार

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ में पिछले 24 घंटों के दौरान सुरक्षा बलों एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने दो लाख के ईनामी माओवादी समेत 13 नक्सलियों को गिरफ्तार किया। एसटीएफ एवं कोबरा 210 की संयुक्त कार्रवाई में थाना तर्रेम क्षेत्र के बुड़गीचेरू के जंगल रास्ते से दो लाख रुपए के ईनामी जगरगुण्डा एरिया कमेटी पार्टी सदस्य सहित तीन माओवादी को शुक्रवार की शाम गिरफ्तार किया गया। माओवादी के कब्जे से भारी मात्रा में विस्फोटक भी बरामद किया गया है।

## मप्र : केंद्रीय मंत्री सिंधिया पर मधुमक्खियों ने किया हमला

शिवपुरी। मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिला स्थित माधव नेशनल पार्क में शनिवार को केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। सिंधियापार्क में चांदपाठा झील पर ड्रेजिंग मशीन का उद्घाटन करने के लिए पहुंचे हुए थे। इसी दौरान सिंधिया समेत कई अन्य लोगों पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें जैसे-तैसे वहां से बाहर निकाला।

## रेलवे ने शुरू किया कंबलों का अल्ट्रा वायलेट कीटाणुशोधन

नयी दिल्ली। रेलवे ने यात्रियों को स्वच्छ और उच्च गुणवत्ता के बेडरोल देने के लिए उनकी साफ-सफाई में खासकर कंबल की सफाई के लिए अल्ट्रा वॉयलेट तकनीक का इस्तेमाल शुरू किया है जो तकरीबन शत-प्रतिशत सफल सिद्ध हुई है।
उत्तर रेलवे के प्रवक्ता एवं मुख्य जनसंपर्क अधिकारी ने शनिवार को संवाददाताओं को यह जानकारी दी।

# बांग्लादेश के चटगांव में तीन हिंदू मंदिरों में तोड़फोड़

**भीड़ ने संतनेश्वर मातृ, शोनी और शांतनेश्वरी कालीबाड़ी मंदिर को बनाया निशाना**

**एजेंसी**

**ढाका।** बांग्लादेश में हिंदू मंदिरों को निशाना बनाया गया है। चटगांव में चल रहे विरोध प्रदर्शन और हिंसा के बीच नारे लगाती भीड़ ने तीन हिंदू मंदिरों में तोड़फोड़ की है। यह हमला शुक्रवार को दोपहर करीब 2.30 बजे हरीश चंद्र मुनसेफ लेन इलाके में हुआ। संतनेश्वर मातृ मंदिर, शोनी मंदिर और शांतनेश्वरी कालीबाड़ी मंदिर को निशाना बनाया गया। बांग्लादेश की कार्यवाहक सरकार पर अल्पसंख्यकों और उनके धार्मिक स्थलों की सुरक्षा कर पाने में नाकाम रहने के आरोप लगते रहे हैं। शुक्रवार की सैकड़ों लोगों का एक समूह मंदिरों पर टूट पड़ा, ईंट-पत्थर फेंकने लगा, शोनी मंदिर और अन्य दो मंदिरों के द्वारों को नुकसान



पहुंचाया गया। मंदिर के अधिकारियों ने नुकसान की पुष्टि की इसमें टूटे हुए द्वार और अन्य नुकसान शामिल है। कोतवाली पुलिस स्टेशन के प्रमुख अब्दुल करीम ने हमले की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि हमलावरों ने जानबूझकर मंदिरों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की। संतानेश्वर मातृ मंदिर प्रबंधन समिति के स्थायी सदस्य तपन दास ने कहा कि हमलावरों ने हिंदू विरोधी और इस्कॉन विरोधी नारेबाजी कर रहे थे। चटगांव में एक पुजारी चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी के बाद से हिंसा भड़क रही है। उन्हें बांग्लादेश के राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करने के आरोप में हिरासत में लिया गया था। तपन दास ने बताया कि हमले के दौरान मंदिर के अधिकारियों ने हमलावरों से कोई बातचीत नहीं की, बल्कि स्थिति बिगड़ता देख सेना को बुलाया। सेना ने तुरंत एक्शन लिया और व्यवस्था बहाल करने में मदद की। जब तक भीड़ पहुंची, तब तक मंदिर के द्वार सुरक्षित हो चुके थे।

### चिन्मय दास की गिरफ्तारी के बाद 39 गिरफ्तार

बांग्लादेश में गिरफ्तार इस्कॉन के पूर्व पदाधिकारी चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी को जमानत न मिलने के बाद जनाक्रोश के फलस्वरूप हुए बवाल के सिलसिले में पुलिस ने अब तक 39 लोगों को गिरफ्तार किया है। इस हिंसा में मारे गए चटगांव के वकील सैफुल इस्लाम अलीफ के परिवार ने 46 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। चटगांव मेट्रोपॉलिटन पुलिस के अतिरिक्त उपायुक्त काजी तारेक अजीज ने 39 लोगों की गिरफ्तारी की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि कोर्ट क्षेत्र और कोतवाली पुलिस स्टेशन में इंटरनेशनल इस्कॉन समर्थकों और अन्य के बीच हुई झड़प के संबंध में तीन मामले दर्ज किए गए हैं। गिरफ्तार लोगों पर पुलिस पर हमला करना, वाहनों में तोड़फोड़ करना और सरकारी कर्तव्य में बाधा डालने का आरोप है। हिंसा में मारे गए चटगांव के वकील सैफुल इस्लाम अलीफ के परिवार ने तड़के 46 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। बंदरगाह शहर के कोतवाली पुलिस थाने में दर्ज कराए मामले पर थाना प्रभारी मोहम्मद अब्दुल करीम ने कहा कि सैफुल के पिता जमाल उद्दीन ने शिकायत में 31 आरोपितों और बाकी को अज्ञात दर्शाया है। नामजद आरोपितों में चंदन, अमन दास, शुभो कांति दास, बुंजा, रनब, बिधान, बिकास, रमित, रुमित दास, नयन दास, गगन दास, बिशाल दास, ओंकार दास, बिशाल, राजकपूर, लाला, समीर, सोहेल शामिल हैं। दास, शिव कुमार, बिगलाल, पराश, गणेश, ओम दास, पोपी, अजय, देबी चरण, देब, जॉय, दुर्लव दास और राजीव भट्टाचार्य हैं।

## नाटो सदस्यता के बदले रूस से युद्ध खत्म करने के लिए तैयार : जेलेंस्की



**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) में यूक्रेन की सदस्यता के बदले रूस के साथ संघर्ष के को समाप्त करने की इच्छा जताई है। इंटरफैक्स-यूक्रेन समाचार एजेंसी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। श्री जेलेंस्की को कहा कि अगर हम युद्ध को रोकना चाहते हैं, तो हमें अपने नियंत्रण वाले यूक्रेन के क्षेत्र को नाटो की छत्रछाया में रखना होगा। हमें यह कार्य तेजी से करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन राजनयिक तरीके से उन क्षेत्रों को वापस पा सकता है, जो अब रूस द्वारा नियंत्रित हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह गारंटी देने के लिए युद्धविराम आवश्यक है कि रूस अधिक यूक्रेनी क्षेत्र को जब्त करने के लिए वापस न लौटे।

# इवीएम में कोई गडबड़ी नहीं हर सवाल का मिलेगा जबाव

## चुनाव आयोग ने तीन दिसंबर को कांग्रेस नेताओं को बुलाया

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद कांग्रेस की ओर से ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) समेत चुनाव प्रक्रिया से समझौता किए जाने को लेकर उठाए जा रहे सवालों पर निर्वाचन आयोग ने शनिवार को जवाब देते हुए कहा कि चुनाव में कोई गड़बड़ी नहीं हुई है। आयोग ने कहा कि इसके बाद भी पार्टी के जो भी सवाल है वह उन सभी का लिखित और मौखिक दोनों ही तरीके जवाब देने को वह तैयार है।

चुनाव आयोग ने कांग्रेस पार्टी के प्रतिनिधिमंडल को तीन दिसंबर को शाम पांच बजे मिलने अपने मुख्यालय बुलाया है। आयोग ने कांग्रेस पार्टी को यह जवाब उनकी




ओर से 29 नवंबर को चुनाव में गड़बड़ियों को लेकर सौंपे गए ज्ञापन पर दिया है। जिसमें वोटों की संख्या और मतदान प्रतिशत को लेकर सवाल खड़े किए गए थे।

**चुनाव आयोग शिकायतों को सुनने को तैयार :** कांग्रेस कार्यसमिति की शुक्रवार को हुई बैठक में भी महाराष्ट्र चुनाव में हेर-फेर का आरोप लगाते हुए चुनाव आयोग के पक्षपातपूर्ण तरीके से काम करने की बात कही गई हरियाणा के बाद महाराष्ट्र चुनाव नतीजों को लेकर उठाए गए सवालों पर आयोग ने कहा कि मतदान के दौरान सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदान प्रतिशत और कुल वोटरों की संख्या की जानकारी लगातार दी जाती रहती है। इसके बाद भी अगर कुछ और शिकायतें तो आयोग उनको विस्तार से सुनने का तैयार हैं।

### उद्धव ठाकरे की पार्टी ने भी लगाया गंभीर आरोप

आयोग ने कहा कि वह स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव के लिए सदैव राजनीतिक दलों के सुझाव और शिकायतों का स्वागत करता है। खास बात यह है कि महाराष्ट्र चुनाव के नतीजों के बाद शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट और कांग्रेस दोनों ही पार्टियों ने चुनाव में गंभीर गड़बड़ी का आरोप लगाया था।




बांग्लादेश में चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी के विराध में कोलकता में प्रदर्शन करते इस्कॉन के सदस्य।

# चेन्नई के करीब पहुंचा तूफान फेंगल

**एजेंसी**

**चेन्नई।** बंगाल की खाड़ी के ऊपर चक्रवाती तूफान फेंगल उत्तरी तमिलनाडु तट के और करीब पहुंच गया है और चेन्नई से करीब 90 किलोमीटर की दूरी पर है। मौसम विभाग ने शहर और उत्तरी तटीय जिलों में अत्यधिक भारी बारिश का पूर्वानुमान लगाया है।

मौसम विभाग ने उत्तरी तमिलनाडु, पुड्डुचेरी और उससे सटे दक्षिणी आंध्र प्रदेश तटों के लिये ताजा जानकारी में कहा कि बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पश्चिम में चक्रवाती तूफान फेंगल (जिसे फीनजल कहा जाता है) पिछले छह घंटों के दौरान सात किलोमीटर प्रति घंटे की गति से पश्चिम की ओर बढ़ा है।

यह अब दोपहर बाद ढाई बजे महाबलीपुरम से करीब 50 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व, पुड्डुचेरी से 80 किलोमीटर पूर्व-उत्तर-पूर्व और चेन्नई से 90 किलोमीटर दक्षिण-दक्षिण-पूर्व में केंद्रित है। इसके पश्चिम की ओर बढ़ने और पुड्डुचेरी के निकट

### शहर और उत्तरी तटीय जिलों में हो सकती है भारी बारिश

कराईकल और महाबलीपुरम के बीच उत्तरी तमिलनाडु और पुड्डुचेरी के तटों को पार करने के आसार दिखाई दे रहे हैं। इस चक्रवाती तूफान की हवा की रफ्तार 70-80 किमी प्रति घंटा होगी और यह बढ़कर 90 किमी प्रति घंटे तक पहुंच सकती है।

विभाग ने चक्रवात के आने के समय अतिवृष्टि होने का अनुमान लगाया है। इस पर लगातार नजर रखी जा रही है। इस दौरान मध्यम से तीव्र और भारी से अतिवृष्टि होने का अनुमान जताया गया है। मौसम विभाग के मुताबिक चेन्नई, चेंगलपट्ट, तिरुवल्लुर, कांचीपुरम, वेल्लोर, रानीपेट, तिरुपथुर, कृष्णागिरि, धर्मपुरी, तिरुवन्नामलाई, कल्लाकुरिची, विल्लुपुरम और कुड्डालोर जिले चक्रवात पार करने के समय तमिलनाडु और पुड्डुचेरी तट में अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश होने का अनुमान जताया गया है।

## दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर फेंका तरल पदार्थ



**नयी दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल पर शनिवार को एक व्यक्ति ने ग्रेटर कैलाश इलाके में पदयात्रा के दौरान तरल पदार्थ फेंक दिया। इसके तुरंत बाद ही सुरक्षा कर्मियों ने उस व्यक्ति को दबोच लिया और आसपास खड़े कार्यकर्ताओं ने उसकी पिटाई कर दी। पुलिस ने उस व्यक्ति को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया। आआपा नेता एवं दिल्ली सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि अरविंद केजरीवाल पर अक्सर इस तरह के हमले होते रहते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा की केन्द्र सरकार केजरीवाल को सुरक्षा प्रदान करने में नाकाम रही है। दिल्ली पुलिस का कहना है कि हिरासत में लिये गए व्यक्ति का नाम अशोक झा है। वह खानपुर डिपो में बस मार्शल के तौर पर तैनात है। पुलिस के अनुसार फेंका गया तरल पदार्थ पानी था।

# आइएसएस के लिए दो गगनयात्रियों ने प्रशिक्षण का प्रारंभिक चरण किया पूरा

**एजेंसी**

**बेंगलुरु ।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आइएसएस) के एक्सिओम-4 मिशन के लिए चुने गए दो भारतीय गननयात्रियों ने प्रशिक्षण का प्रारंभिक चरण पूरा कर लिया है। इसरो ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर इसरो एवं अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के संयुक्त प्रयास को पूरा करने के लक्ष्य की दिशा में एक्सिओम मिशन 4 के लिए चुने गए दो गगनयात्रियों (प्राइम-ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और बैकअप-ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालकृष्णन नायर) ने अगस्त

**▸▸ एक्सिओम-4 मिशन के लिए चुने गये थे कैप्टन शुभांशु शुक्ला और ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालकृष्णन नायर**



2024 के पहले सप्ताह से अमेरिका में अपना प्रशिक्षण शुरू किया था। इसने कहा कि गगनयात्रियों ने प्रशिक्षण का प्रारंभिक चरण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ने बताया कि प्रशिक्षण के इस चरण में गगनयात्रियों ने मिशन से संबंधित जमीन पर मौजूद सुविधा केंद्रों का भ्रमण, मिशन के प्रक्षेपण चरणों का प्रारंभिक अवलोकन, स्पेसएक्स सूट की फिटिंग जांच और अंतरिक्ष भोजन विकल्पों का चयन करने समेत प्रारंभिक प्रशिक्षण से जुड़ी गतिविधियों को पूरा कर लिया है। इसके अलावा, प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न सत्रों में गगनयात्रियों को स्पेसएक्स ड्रैगन अंतरिक्ष यान और अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की विभिन्न प्रणालियों से अवगत कराया गया। उन्हें अंतरिक्ष से फोटोग्राफी, दैनिक परिचालन दिनचर्या और संचार प्रोटोकॉल के बारे में बताया गया।

# विश्व में महाकुंभ से बिखरेगी भारत की संस्कृति

**एजेंसी**

**वाराणसी।** धर्म नगरी काशी में शनिवार से सिगरा स्थित रूद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में सभी द्वादश ज्योतिर्लिंगों व मां सती के 51 शक्तिपीठों का महासमागम शुरू हुआ। शिव और सती के महासमागम के उद्घाटन सत्र में शामिल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि यह समागम अपनी तरह का अद्भुत व अनूठा है। संभवतः यह अपनी तरह का पहला आयोजन है, जिसमें सभी शक्तिपीठों व द्वादश ज्योतिर्लिंगों का एकीकरण हुआ है। यह सनातन को अपार ऊर्जा देने वाला आयोजन है। पाठक ने कहा कि 14 जनवरी से प्रयागराज में त्रिवेणी तट पर आरंभ होने वाला विश्व का सबसे बड़ा आध्यात्मिक मेला महाकुंभ आरंभ होगा। आप सभी लोग उसमें सादर आमंत्रित हैं। यह महाकुंभ पूरे विश्व में भारत की संस्कृति, सनातन परंपरा का वाहक बनेगा। उपमुख्यमंत्री ने सभी सनातन धर्मावलंबियों की

**▸▸ धर्मनगरी काशी में सभी द्वादश ज्योतिर्लिंगों और मां सती के 51 शक्तिपीठों का आरंभ हुआ महासमागम**

**▸▸ 14 जनवरी से प्रयागराज में विश्व का बड़ा महाकुंभ मेला आरंभ होगा : ब्रजेश पाठक**

एकजुटता का आह्वान करते हुए कहा कि हम सबको एक हो जाना चाहिए। एकता में ही मजबूती है। आज भारत हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है तो यह संतों की कृपा है। यदि हम सभी लोग एकजुट हो जाएं तो हमारे देश को विश्व गुरु बनने से कोई रोक नहीं सकता। उन्होंने कहा कि जो लोग हमारे बीच जाति भेद की बात कर रहे हैं, वह सिर्फ फूट डालकर वोट लेना चाहते हैं और सत्ता हासिल करना चाहते हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सनातन ने हजारों वर्षों से वसुधैव कुटुंबम का उद्घोष किया है। जो पूरी दुनिया को अपना परिवार मानता है। एक तरफ हम लोग हैं जो पूरे विश्व को अपना परिवार मानते हैं। हमारे यहां बच्चा जब चलना सीखता है तो



उसे सीख दी जाती है कि यदि पैर के नीचे चींटी आ जाए तो राम-राम बोलो। इसके पूर्व, विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार, उप मुख्यमंत्री पाठक, मध्य प्रदेश के पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, प्रखर जी महाराज, महाराष्ट्र के जितेंद्र नाथ महाराज, कोलकाता काली पीठ के रमाकांत महाराज, देवघर झारखंड ज्योतिलिंग के प्रकाशानंद महाराज, अखिल भारतीय विद्वत परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री कामेश्वर नाथ उपाध्याय, आयोजक संस्था सेंटर फॉर सनातन रिसर्च के अध्यक्ष डॉ. रमण त्रिपाठी आदि ने दीप प्रज्ज्वलन कर समागम का शुभारंभ किया। पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर प्रखर महाराज ने दावा किया कि वाराही शक्तिपीठ को लेकर जो अनिर्णीत विवाद है, उसका समाधान यही है कि वह शक्तिपीठ और कहीं नहीं अपितु काशी में ही है। इस प्रकार काशी में दो शक्तिपीठ हैं एक मां विशालाक्षी देवी की और दूसरी वाराही देवी की। शास्त्रों में वर्णन है कि वाराही देवी पंचसागर में अवस्थित हैं, जिस प्रकार का वर्णन है और जो मान्यता उनके महाराष्ट्र में होने की है वहां जाने पर ऐसा कुछ दिखता नहीं लेकिन काशी में पंचगंगा घाट पर पांच नदियों के संगम की जो बात है और उसके ऊपर अवस्थित मंदिर भी है।

## बाबा सिद्दीकी हत्याकांड मामले में 26 आरोपियों पर लगाया गया मकोका

**मुंबई।** महाराष्ट्र पुलिस ने पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में गिरफ्तार सभी 26 आरोपितों के खिलाफ महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) की धाराएं लगायी हैं। पुलिस की क्राइम ब्रांच ने इस मामले में अब तक मुख्य शूटर शिव कुमार गौतम सहित 26 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। फिलहाल मामले की जांच जारी है। महाराष्ट्र पुलिस के मुताबिक इन आरोपितों के खिलाफ आर्म्स एक्ट और महाराष्ट्र पुलिस एक्ट की भी कई धाराएं लगायी गयी हैं। इस हत्याकांड में अब तक 26 आरोपितों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इस मामले के तीन आरोपित- शुभम रामेश्वर लोनकर, जीशान मोहम्मद अख्तर और अनमोल बिश्नोई अभी भी फरार हैं। इस मामले को निर्मल नगर पुलिस स्टेशन में सीआर नंबर 589/2024 के रूप में दर्ज किया गया था और बाद में डीसीबी सीआईडी सीआर नंबर 86/2024 के रूप में फिर से पंजीकृत किया गया था।

